3 राजधानी
प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

6 अभिमत
टैक्स-जीडीपी अनुपात में संतुलन

10 विदेश
अमेरिका में हिंदू मंदिर को चोरों ने बनाया निशाना

11 राष्ट्रीय
अफजाल अंसारी की याचिका पर निर्णय सुरक्षित



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 353
नई दिल्ली, बुधवार, 1 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





नहीं सोचा था कि इतने शतक और रन बनाऊंगा
स्पोर्ट्स-12



www.dailypioneer.com


# जन आंदोलन बन गया आजादी का अमृत महोत्सवः पीएम मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- प्रधानमंत्री मोदी अमृत कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए, माटी का तिलक लगाया, बोले-अमृत महोत्सव ने इतिहास के छूटे पन्नों को भविष्य की पीढ़ी से जोड़ा
- सरदार पटेल की जयंती पर कार्यक्रम को किया संबोधित, कहा-हमें भारत को अगले 25 वर्षों में विकसित देश बनाना होगा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव के समापन पर मंगलवार को कहा कि करीब 1,000 दिन का यह उत्सव जन आंदोलन बन गया और इस दरम्यान भारत ने पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने तथा महिला आरक्षण विधेयक पारित होने जैसी कई उपलब्धियां हासिल की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम ने लाखों परिवारों और गांवों को याद दिलाया कि स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भी भूमिका थी क्योंकि इसमें उन गुमनाम नायकों को श्रद्धांजलि दी गई जिनके नाम पर अब स्मारक बनाए गए हैं, भले ही उनका इतिहास की किताबों में उल्लेख न किया गया हो।

वहीं इससे पहले पीएम मोदी ने भारत के पहले गृह मंत्री की जयंती के अवसर पर गुजरात के नर्मदा जिले में केवड़िया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार पटेल को पुष्पांजिल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और वहां मौजूद जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस सदी के अगले 25 साल भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं और हमें इसे एक समृद्ध और विकसित देश बनाना है तथा सरदार वल्लभभाई पटेल से प्रेरणा लेते हुए इस लक्ष्य को हासिल करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में मेरी माटी मेरा देश अभियान और इसके साथ आजादी का अमृत महोत्सव के समापन को चिह्नित करने वाले कार्यक्रम में भाग लिया और इस दौरान उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों से लाई गई मिट्टी को एक विशालकाय अमृत कलश में अर्पित किया और उसका तिलक भी लगाया। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की ओर से एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रतिबिंबित करते हुए विभिन्न हिस्सों की मिट्टी दिल्ली लाई गई है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के दौरान अमृत वाटिका और अमृत महोत्सव स्मारक का उद्घाटन किया और देश के युवाओं के लिए मेरा



नई दिल्ली में मंगलवार को 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के समापन के दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

युवा भारत मंच की शुरुआत भी की। उन्होंने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प दोहराया और युवाओं से इस दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दांडी यात्रा लोगों को एक साथ लाई, और इसी तरह आजादी का अमृत महोत्सव ने लोगों की भागीदारी के पैमाने के साथ नया इतिहास बनाया।

यह कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद सभी लोगों ने मिट्टी की पोटली हाथ में लेकर, पिछले स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी की ओर से किए गए पंच प्रणों के आह्वान के अनुरूप भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने और देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने की शपथ ली। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित वहां मौजूद सभी केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों व नेताओं ने भी यह शपथ ली। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देश भर से आए हजारों अमृत कलश यात्रियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जैसे दांडी यात्रा शुरू होने के बाद देशवासी उससे जुड़ते गए, वैसे ही आजादी के अमृत महोत्सव ने जनभागीदारी का ऐसा हुजूम देखा कि नया इतिहास बन गया। उन्होंने मेरा युवा भारत संगठन की नींव रखे जाने का जिक्र करते हुए कहा कि 21वीं सदी में राष्ट्र निर्माण के लिए यह बहुत बड़ी भूमिका निभाने वाला है।

उन्होंने कहा कि भारत के युवा कैसे संगठित होकर हर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण मेरी माटी-मेरा देश अभियान है। इस अभियान में गांव-गांव, गली गली से कोटि-कोटि देश के युवा जुड़े हैं। देश भर में लाखों आयोजन हुए और अनगिनत भारतीयों ने अपने हाथों से अपने आंगन व अपने खेत की मिट्टी अमृत कलश में डाली है। मोदी ने कहा कि बड़ी-बड़ी सभ्यताएं समाप्त हो गईं, लेकिन भारत की मिट्टी में वह चेतना और प्राण शक्ति है, जिसने इस राष्ट्र को अनादि काल से आज तक बचा कर रखा है। उन्होंने कहा कि यह वह माटी है, जो देश के कोने-कोने से आत्मीयता और आध्यात्मिक हर प्रकार से हमारी आत्मा को जोड़ती है। इस मिट्टी की सौगंध खाकर हमारे वीरों ने आजादी की लड़ाई लड़ी। देश भर के कोने से जो मिट्टी यहां पहुंची है, वह हमें कर्तव्य भाव की याद दिलाती रहेगी। यह मिट्टी विकसित भारत के हमारे संकल्प के सिद्धि के लिए और अधिक परिश्रम को प्रेरित करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत महोत्सव ने इतिहास के छूटे हुए पन्नों को भविष्य की पीढ़ियों से जोड़ दिया है और साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों का जिला वार एक बहुत बड़ा डेटाबेस भी तैयार हुआ है। मेरी माटी-मेरा देश अभियान में 36 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में 2,30,000 से अधिक शिलापट्ट निर्मित किए गए हैं और इसके समर्थन में पंच-प्रण को दर्शाने वाली लगभग चार करोड़ सेल्फी सोशल मीडिया पर अपलोड की गई हैं। मोदी ने कहा 1,000 दिनों की अवधि में देश ने कोविड महामारी का सफलतापूर्वक मुकाबला करने, विकसित भारत का खाका तैयार करने, पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने, चंद्रयान -3, एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों में 100 से अधिक पदक जीतने, नया संसद भवन तैयार करने और महिला आरक्षण विधेयक को पारित करने जैसी कई उपलब्धियां हासिल की। उन्होंने कहा कि हमने राजपथ से कर्तव्य पथ तक की यात्रा भी पूरी की। हमने गुलामी के कई प्रतीकों को हटाया और आजाद हिंद सरकार के पहले प्रधानमंत्री सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा कर्तव्य पथ के एक छोर पर स्थापित की गई। मोदी ने कहा कि जिस प्रकार देश का कोई भी क्षेत्र या समुदाय स्वतंत्रता संग्राम से अछूता नहीं रहा, उसी प्रकार देश ने अमृत महोत्सव को हर किसी का त्योहार बनाया। उन्होंने कहा कि अमृत महोत्सव का सबसे सकारात्मक प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ा है, जिन्होंने गुलामी का अनुभव नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि अमृत महोत्सव ने लोगों को यह भी याद दिलाया कि विदेशी शासन के दौरान संघर्षों या आंदोलन से कोई भी वर्ग या क्षेत्र अछूता नहीं था। केंद्रीय गृह मंत्री शाह, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। वहीं केवड़िया में भारत के पहले गृहमंत्री सरदार पटेल की जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, पिछली सदी में देश की आजादी से पहले 25 साल का ऐसा दौर आया था जब हर भारतीय ने आजादी हासिल करने के लिए खुद को झोंक दिया था। अब हमारे सामने समृद्ध भारत के लिए अगले 25 साल का ऐसा ही अमृत काल एक अवसर है। मोदी ने कहा, सरदार पटेल से प्रेरणा लेते हुए हर लक्ष्य को हासिल करना होगा।

# बंद हो जंग, लाखों की जिदंगी का सवालः संरा

- इजराइल पर फलस्तीनियों को सामूहिक दंड देने और गाजा से नागरिकों का जबरन विस्थापन करने का आरोप लगाया
- इजराइली सेना ने कहा, तीन सप्ताह पहले शुरू हुए युद्ध के बाद से गाजा से 8,00,000 लोगों का पलायन

**एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र



गाजा के राफा में इजराइल युद्धक विमानों की बमबारी के बाद इमारतों की मलबे में जिंदगी ढूंढते लोग।

**फलस्तीनी** शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख फिलिप लजारिनी ने सोमवार को विश्व निकाय की एक आपात बैठक में, इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष पर कहा कि तत्काल मानवीय संघर्ष विराम जरूरी है क्योंकि ग़ाज़ा में लाखों लोगों के लिए जीवन और मृत्यु का प्रश्न है।

उन्होंने इजराइल पर फलस्तीनियों को सामूहिक दंड देने और नागरिकों का जबरन विस्थापन करने का आरोप लगाया। लजारिनी ने आगाह किया कि भोजन और अन्य सहायता की बाट जोह रहे फलस्तीनियों द्वारा संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के गोदामों में लूटपाट के बाद नागरिक व्यवस्था ध्वस्त होने से ग़ाज़ा में संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी एजेंसी के लिए अपना काम जारी रखना बेहद मुश्किल हो जाएगा। लजारिनी ने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के 23 दिन बाद ग़ाज़ा में गंभीर मानवीय स्थिति का सुरक्षा परिषद में वर्णन किया। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय कार्यालय ने बताया कि ग़ाज़ा के स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 8,300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है जिनमें से 66 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं तथा हजारों लोग घायल हुए है।

यूनीसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने बताया कि मृतकों में 3,400 से अधिक बच्चे शामिल हैं और 6,300 से अधिक बच्चे घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि गाजा में हर दिन 420 से अधिक बच्चे मारे जा रहे हैं.... यह ऐसी संख्या है जो हमारी आत्मा को झकझोर कर रख देगी। लजारिनी ने कहा, यह 2019 से अब तक दुनिया के संघर्षरत ( शेष पेज 9 )

# धार्मिक सभा में विस्फोट पर यहोवा के साक्षी नहीं व्यक्त करेंगे प्रतिक्रिया

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि

- अदालत ने आरोपी को 29 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**एक** मूक धार्मिक समूह के रूप में अपनी पारंपरिक छवि को ध्यान में रखते हुए, यहोवा के साक्षियों ने कलमासेरी में रविवार के बम विस्फोट पर प्रतिक्रिया नहीं करने का फैसला किया। यहां पर उनका वार्षिक क्षेत्रीय सम्मेलन चल रहा था। आईईडी से संचालित टिफिन बॉक्स बम ने 3 लोगों की जान ले ली, जबकि लगभग 60 लोग झुलस गए।

इस बीच, केरल की एक अदालत ने विस्फोटों के मामले में गिरफ्तार आरोपी को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सत्र अदालत के न्यायाधीश हनी एम वर्गीज ने आरोपी डोमिनिक मार्टिन को 29 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जेडब्ल्यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता जोशुआ डेविड ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'यहोवा के साक्षी भारत के केरल में हमारे शांतिपूर्ण समुदाय पर एक भयानक हमले से बहुत दुखी हैं। रविवार, अक्टूबर 29, 2023 को यहोवा के साक्षियों के वार्षिक क्षेत्रीय सम्मेलन में कम से कम दो बम विस्फोट हुए। दुख की बात है कि हम पुष्टि कर सकते हैं कि दो उपस्थित लोग मारे गए और कम से कम 59 घायल हो गए। इस कार्यक्रम में परिवारों और जनता के सदस्यों सहित 2,200 से अधिक लोग उपस्थित थे। सभी लोग बाइबल के बारे में नि:शुल्क शिक्षा का लाभ उठाने के लिए एकत्र हुए थे।

यहोवा के साक्षी उन अधिकारियों के बहुत आभारी हैं जो इस अपराध की जाँच कर रहे हैं और हमारे पूजा स्थलों को सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। इस समय, हमारे लिए अपराधी या मकसद के बारे में अटकलें लगाना नासमझी है।' जेडब्ल्यू ने आपातकालीन चिकित्सा कर्मियों को भी धन्यवाद दिया जो तुरंत सहायता ( शेष पेज 9 )

# 'हैकिंग' के आरोप पर सरकार और विपक्ष में तकरार


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- विपक्षी नेताओं ने फोन में सरकार प्रायोजित सेंधमारी के प्रयास का दावा किया, सरकार ने जांच का आश्वासन दिया
- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, थरूर, पवन खेड़ा, शिवसेना (यूबीटी) की प्रियंका चतुर्वेदी, टीएमसी की महुआ मोइत्रा, आप के राघव चड्ढा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई नेताओं को मिला संदेश

**विपक्ष** के कई नेताओं ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें उनके आईफोन में 'सरकार प्रायोजित सेंधमारी के प्रयास के बारे में एप्पल से चेतावनी संदेश मिला है तथा इस कथित हैकिंग के प्रयास के लिए सरकार जिम्मेदार है। केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष के आरोपों को खारिज किया और कहा कि सरकार इसकी गहन जांच कराएगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता केसी वेणुगोपाल, शशि थरूर, पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत एवं टी एस सिंहदेव, शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, आम आदमी पार्टी (आप) के राघव चड्ढा, माकपा महासचिव सीताराम एचुरी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी को भी इसी तरह का संदेश मिला है। आईफोन निर्माता एप्पल ने मंगलवार को कहा कि वह विपक्षी दलों के कुछ सांसदों को भेजे गए चेतावनी संदेश को किसी विशिष्ट सरकार-प्रायोजित सेंधमारों से नहीं जोड़ती और वह इस बारे में जानकारी नहीं दे सकती है कि ऐसी चेतावनियों का कारण क्या है। कंपनी ने कहा, ऐसे हमलों का पता लगाना खतरे के खुफिया संकेतों पर निर्भर करता है जो अक्सर अपूर्ण और अधूरे होते हैं। यह संभव है कि एप्पल के खतरे संबंधी कुछ सूचनाएं गलत चेतावनी हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता नहीं चल पाता। हालांकि, एप्पल ने इस बारे में बताने से इनकार कर दिया कि विपक्षी नेताओं को किस वजह से चेतावनियां मिलीं। विपक्षी नेताओं को जवाब देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'हमेशा की तरह कुछ ही लोग सरकार प्रायोजित हमले पर हंगामा खड़ा कर रहे हैं और खुद को शहीद बताने का नाटक कर रहे हैं... सब अच्छा है... लेकिन संभावना है कि हमेशा की तरह ही इस हंगामे की हवा निकल जाएगी।

उन्होंने कहा कि एप्पल के स्पष्टीकरण की प्रतीक्षा क्यों न की जाए? या हंगामा खड़ा करने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहते ?' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि उनकी पार्टी और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के आईफोन को सरकार प्रायोजित हैकर्स द्वारा हैक करने का प्रयास किया गया और यह अडाणी समूह के मामले से ध्यान भटकाने की कोशिश भर है। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि उद्योगपति गौतम अडाणी देश में नंबर एक हैं और इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ( शेष पेज 9 )



## विश्व कप क्रिकेट

- **परिणामः** पाकिस्तान ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया
- **आजः** न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका

## क्विक न्यूज

### चंद्रबाबू नायडू जेल से रिहा

**राजामहेंद्रवरम।** तेलुगू देशम पार्टी के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू मंगलवार को राजामहेंद्रवरम केंद्रीय जेल से बाहर निकले। जेल में 53 दिन गुजारने के बाद नायडू बाहर निकले। समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। नायडू को कौशल विकास निगम घोटाला मामले में उच्च न्यायालय ने उन्हें अस्थाई जमानत दी है। इससे पहले दिन में, उच्च न्यायालय ने नायडू को स्वास्थ्य आधार पर चार सप्ताह की अवधि के लिए अंतरिम जमानत दे दी थी। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने अदालत को सूचित किया था कि नायडू को मोतियाबिंद सर्जरी कराने के लिए जमानत की आवश्यकता है।

# कश्मीर में आतंकियों ने हेड कांस्टेबल की हत्या की

- घर में घुसकर मारी गोलियां, पिछले तीन दिनों में यह लगातार तीसरी लक्षित हमले की घटना

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**आरआर** स्वैन के पुलिस महानिदेशक का पदभार संभालने के कुछ ही घंटों बाद, अज्ञात आतंकवादियों ने मंगलवार देर शाम बारामूला के वेलू क्रालपोरा इलाके में एक पुलिस हेड कांस्टेबल के आवास में घुसकर उसकी निर्मम हत्या कर दी।

रविवार दोपहर से लगातार लक्षित हमले की यह तीसरी घटना है। कश्मीर ज़ोन पुलिस के अनुसार बारामूला के वेलू क्रालपोरा के निवासी गंभीर रूप से घायल हेड कांस्टेबल गुलाम मोहम्मद डार को उप-विभागीय अस्पताल, तंगमर्ग ले जाया गया, लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक हेड कांस्टेबल को मंगलवार देर शाम उनके आवास पर निशाना बनाया गया। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक संदेश पोस्ट किया कि घायल पुलिस कर्मियों ने अपनी चोटों के कारण दम तोड़ दिया और शहीद हो गए।

हम शहीद को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और इस महत्वपूर्ण समय में उनके परिवार के साथ खड़े हैं। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। सर्च ऑपरेशन जारी है। रविवार को ईदगाह इलाके में एक पुलिस इंस्पेक्टर मसरूर अहमद को अज्ञात आतंकवादियों ने नजदीक से निशाना बनाया, जब वह स्थानीय लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। एक दिन बाद उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के रहने वाले एक ईंट भट्ठा मजदूर मुकेश कुमार की सोमवार को पुलवामा के नौपोरा इलाके में निर्मम हत्या कर दी गई।

# हर घंटे 19 लोग सड़क हादसों में गंवाते हैं जान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- सड़क मंत्रालय के मुताबिक वर्ष 2022 में 4.61 लाख सड़क हादसों में 1.68 लाख लोगों की जान गई, सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की मौत
- मरने वालों में 18 से 60 वर्ष के कामकाजी आयु वर्ग के लोगों की संख्या 83.4 प्रतिशत

**सड़क** परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं जिनमें 1,68,491 लोगों की जान चली गई जबकि 4,43,366 लोग घायल हो गए थे। मंत्रालय की तरफ से भारत में सड़क दुर्घटनाएं-2022 शीर्षक से जारी रिपोर्ट के अनुसार हर एक घंटे में 53 सड़क हादसे हुए और हर एक घंटे में 19 लोगों ने सड़क हादसों में जान गंवाई।

इनमें सीट बेल्ट एवं हेलमेट का इस्तेमाल न करने वालों का ऊंचा अनुपात है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2022 में कुल 4,61,312 सड़क हादसे हुए, जिनमें से 1,51,997 यानी 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1,06,682 यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 2,02,633 यानी 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए। रिपोर्ट में कहा गया कि सालाना आधार पर सड़क हादसों की संख्या में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। हादसों में घायल होने वाले लोगों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज




की गई। रिपोर्ट कहती है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही।

सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गई जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे। इसके अलावा 50,029 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में लगातार चौथे साल घातक सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक युवा शिकार हुए। इसमें कहा गया, 2022 में 18 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के 66.5 लोग हादसों का शिकार हुए। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत में 18-60 वर्ष के कामकाजी आयु वर्ग के लोगों की संख्या 83.4 प्रतिशत थी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2024 तक देश में दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौत की संख्या को आधा करने का लक्ष्य रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में सड़क हादसों में कुल 1,68,491 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 61,038 यानी 36.2 प्रतिशत लोगों की जान राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुए हादसों, 41,012 यानी 24.3 प्रतिशत की मौत राज्य राजमार्गों पर और 66,441 यानी 39.4 प्रतिशत लोगों की जान अन्य सड़क हादसों में गई।

वहीं राज्यों में तमिलनाडु में 2022 में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक 64,105 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जबकि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 22,595 रही। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की यह वार्षिक रिपोर्ट राज्योंा केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस विभागों से प्राप्त डाटा जानकारी पर आधारित है। यह जानकारी एशिया-प्रशांत सड़क दुर्घटना डेटा (एपीआरएडी) आधार परियोजना के तहत एशिया व प्रशांत क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनईएससीएपी) द्वारा मानकीकृत प्रारूपों में जुटाई जाती है।

# लिफ्ट में कुत्ता ले जाने पर दो पक्षों में जमकर मारपीट

## फोन फेंकने पर रिटायर्ड आईएएस ने महिला को थप्पड़ जड़े, जिसके बाद महिला के पति ने पूर्व अधिकारी को पीटा

● नोएडा के सेक्टर-108 के पार्क लॉरिएट सोसाइटी का मामला, वीडियो हुआ वायरल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में लिफ्ट में कुत्ता ले जाने के विवाद में एक रिटायर्ड आईएएस ने महिला को थप्पड़ जड़ दिया जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद और मारपीट होने बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

जानकारी के अनुसार महिला लिफ्ट में कुत्ते को लेकर जाना चाहती थी। मगर रिटायर्ड आईएएस ने महिला को ऐसा करने से मना कर दिया। इस पर महिला भड़क गई। फिर दोनों में कहासुनी हो गई। इसके बाद रिटायर्ड आईएएस ने महिला को कई थप्पड़ मारे। थोड़ी देर बाद महिला का पति आया और उसने रिटायर्ड आईएएस को पीट दिया। थप्पड़ ही थप्पड़ मारे। मौके पर मौजूद आस.पास के लोगों ने महिला के पति और रिटायर्ड आईएएस को अलग किया। मगर, विवाद शांत नहीं हुआ। इसके बाद लोगों ने पुलिस बुलाई। पुलिस ने दोनों को समझाकर मामला शांत करवाया। यह पूरा वाकया नोएडा के सेक्टर.108 के पार्क लॉरिएट सोसाइटी का है। घटना सोमवार की है। मगर वीडियो आज यानी मंगलवार को सामने आया। इसमें दिख रहा है कि महिला और रिटायर्ड आईएएस आरपी गुप्ता के बीच लिफ्ट में कहासुनी होती है। महिला रिटायर्ड आईएएस का मोबाइल छीनकर जमीन पर फेंक देती है। इसके बाद रिटायर्ड आईएएस भड़क जाते हैं। महिला को थप्पड़ जड़ देते हैं। इसके बाद दोनों में धक्का.मुक्की और मारपीट होती है। वीडियो में दिख रहा है कि थोड़ी देर बाद सुनकर महिला का पति आता है। वह रिटायर्ड आईएएस को पीटता है। उसने रिटायर्ड आईएएस को कई थप्पड़ जड़े।

इसके बाद मौके पर मौजूद सिक्योरिटी और आस.पास के लोगों ने दोनों को रिटायर्ड आईएएस को छुड़ाया और घटना की सूचना कोतवाली सेक्टर.39 पुलिस को दी। रजनीश वर्मा ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले दोनों पक्षों को समझाया। इसके बाद फु टेज चेक किए। इसमें दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट दिख रही है।

दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता कराया गया। बता दें कि नोएडा में लिफ्ट में कुत्ते को ले जाने पर विवाद के पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं। नोएडा प्राधिकरण ने डॉग पॉलिसी लागू की है। इसके तहत यदि लिफ्ट में डॉग को ले जाना है तो मुंह पर मजाल यानी जाली मास्क होना जरूरी है।



लिफ्ट में कुत्ता ले जाने के विवाद को लेकर होती कहासुनी।

### ग्रेटर नोएडा में फिर अटकी लिफ्ट, बुजुर्ग समेत तीन लोग 15 मिनट तक फंसे

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में लिफ्ट अटकने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ग्रीन आर्च सोसाइटी का है। जहां पर एक लिफ्ट अचानक से अटक गई। इस दौरान लिफ्ट में एक बुजुर्ग सहित तीन लोग लिफ्ट के अंदर ही फंस गए। करीब 15 मिनट तक यह लोग लिफ्ट के अंदर ही फंसे रहे। सूचना मिलने के बाद इन लोगों को बाहर निकाला गया। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र के सेक्टर 16बी में स्थित ग्रीन आर्च सोसाइटी के जिग्निया टावर की लिफ्ट अचानक से अटक गई। सोसाइटी के निवासी विनीत गोयल ने बताया कि उनके बुजुर्ग विजय गोयल सहित 3 लोग लिफ्ट में ऊपर से नीचे जा रहे थे। जैसे ही लिफ्ट पहले फ्लोर पर पहुंची उससे पहले ही लिफ्ट में एक झटका लगा और झटका लगता ही लिफ्ट अचानक रुक गई। लिफ्ट में मौजूद लोगों ने इस दौरान अलार्म बटन दबाया। लेकिन किसी तरह की कोई भी मदद नहीं मिल पाई।

# तेज रफ्तार बाइक ने भाई-बहन को कुचला, एक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर कस्बा निवाड़ी स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने रात को तेज रफ्तार बाइक ने भाई बहन को कुचल दिया। हादसे में भाई की मौत हो गई एजबकि बहन की हालात गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कस्बा निवाड़ी निवासी पकंज कुमार परिवार के साथ रहता है। वह ऑटो चलाकर परिवार का लालन पालन करता है। उनका पांच साल का पुत्र पार्थ कक्षा एक का छात्र है। पार्थ अपनी चार साल की चचेरी बहन प्रयांशी पुत्री अनिल के साथ खेलते समय मोदीनगर निवाड़ी मार्ग पर कस्बा निवाड़ी स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने पहुंच गई थी। इसी बीच मोदीनगर की और से आ रही तेज रफ्तार बा ऊइक ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में भाई बहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भाई बहन उछलकर काफी दूर जा गिरे। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को मोदीनगर के अस्पताल में भर्ती कराया। हालात गंभीर होने पर पार्थ को मेरठ के लिए रेफ र कर दिया। पार्थ की मेरठ के अस्पताल में देर रात मौत हो गई।

### चलती कार में लगी आग

नोएडा। नोएडा में चलती कार में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि मिनटों में पूरी कार को उसने चपेट में ले लिया। इस दौरान चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। लोगों ने बिसरख थाना और दमकल विभाग को जानकारी दी। मौके पर दमकल की गाड़ी ने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सीएफ ओ ने बताया कि कार में तकनीकी फाल्ट या शॉट सर्किट की वजह से आग लगी।

# सीमा हैदर के लिए वकील की मां ने भेजी सरगी

●सचिन के लिए करवां चौथ का व्रत रखने की दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में प्रेमी सचिन मीणा के साथ रह रही पाकिस्तानी सीमा हैदर के लिए करवा चौथ का सामान वकील एपी सिंह की मां ने दिल्ली से भेजा है। सीमा हैदर ने एक वीडियो के माध्यम से सोशल मीडिया पर यह जानकारी लोगों को दी है।

वकील की मां को सीमा ने अपनी मां कहते हुए कहा कि वकील का परिवार स्वस्थ रहे। साथ ही उन्होंने भारत के सभी त्योहारों को काफी अच्छा बताया है। सीमा का कहना है कि भारत के प्रत्येक त्योहार से उनको नई सीख मिल रही है। बुधवार को करवाचौथ का त्योहार है। जिसको लेकर भारत की महिलाएं पिछले कई दिनों से तैयारी में जुटी हुई हैं। उसी के चलते पाकिस्तान की सीमा हैदर भी करवा चौथ का व्रत रखेंगी। जिसके लिए करवाचौथ का सामान उसके वकील एपी सिंह की मां ने दिल्ली से भिजवाया है। सीमा ने वीडियो के माध्यम से लोगों को सामान को दिखाते हुए कहा कि यह सामान उसकी मां ने उसके लिए करवाचौथ पर भेजा है। सीमा का कहना है कि करवाचौथ का सामान पहली बार मायके से ही भेजा जाता है। जिसके चलते ही उसके भाई एपी सिंह की मां ने यह सामान उसके लिए भेजा है। सीमा ने खुशी जाहिर करते हुए, कहा कि भारत बहुत अच्छा देश है। यहां के प्रत्येक त्योहार पर उसको नई जानकारी मिलती है। सीमा ने कहा कि भारत बहुत ही अच्छा देश है। जो अन्य देश के लोगों को भी अपना बना कर काफी सम्मान देता है। आपको बता दें कि करीब 5 महीने पहले सीमा हैदर अपने चार बच्चों को लेकर पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते भारत आ गई थी। जिसकी जानकारी भारत की खुफि या एजेंसी और स्थानीय पुलिस को लगी तो पुलिस ने सीमा हैदर और उसके प्रेमी सचिन को गिरफ्तार किया था।



करवां चौथ व्रत रहने की जानकारी देते हुए सीमा हैदर।

# गाजियाबाद में बदमाशों ने दिनदहाड़े वृद्धा का कुंडल लूटा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

लूट के दौरान छात्रा की जान जाने के बावजूद गाजियाबाद पुलिस कितनी चौकस है, इसकी पोल थाना लिंक रोड की एक और घटना ने खोल दी। दुकान से दूध लेकर लौट रही वृद्धा से बाइकर्स बदमाशों ने दिनदहाड़े सड़क पर कुंडल लूट लिए, और फ रार हो गए। ये घटना कैमरे में कैद हो गई।

बृजविहार सी.ब्लॉक निवासी दीपक कुमार के अनुसार, उनकी 61 वर्षीय मां निर्मल देवी सोमवार शाम बेल मंदिर के पास दुकान पर दूध लेकर लौटते समय बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके कान से सोने के कुंडल छीने और फरार हो गए। वृद्धा पीछे भागीं, लेकिन वे फरार हो गए।

उधर, गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में भी बाइक सवार बदमाश ने ई.रिक्शा चालक से मोबाइल लूट लिया। इंद्रापुरी कॉलोनी निवासी चंद्रशेखर ने बताया, सोमवार शाम वो मोबाइल पर बात करते हुए जा रहा था। तभी बाइक सवार बदमाश फोन छीनकर भागने लगा। लेकिन हड़बड़ाहट में वे बाइक सहित नीचे गिर गया। इसी दौरान लोगों ने उसे पकड़ लिया और पिटाई करके पुलिस को सौंप दिया।

# अवैध संबंधों के चलते सुपरवाइजर की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम हरिश चंदर ने बताया कि थाना सेक्टर.39 क्षेत्र के सेक्टर.40 स्थित नोएडा विकास प्राधिकरण के स्टाफक्वार्टर में रहने वाले शशि शर्मा 55 वर्ष कल सुबह अपने घर में मृत पाए गए। उनके परिचितों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना वाली रात उनसे मिलने के लिए एक महिला और दो पुरुष आए थे। पुलिस ने तत्परता से जांच की तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे और सर्विलांस विधि के अनुसार आज इस घटना में शामिल सीमा चौहान उम्र 40 वर्ष, उसके पति भरत चौहान उम्र 45 वर्ष तथा उनके पड़ोस में रहने वाले युवक राजा तिवारी उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी खोड़ा कॉलोनी में रहते हैं। मृतक शशि शर्मा के भरत चौहान की पत्नी सीमा से काफी दिनों से अवैध संबंध थे। इस बात की भनक जब भरत चौहान को लगी तो वह रविवार की रात को अपनी पत्नी सीमा एवंअपने पड़ोस में रहने वाला 24 वर्षीय युवक राजा तिवारी को लेकर सेक्टर.40 आया। दोनों पक्षों में कहां सुनी हो गई। इसी बीच तीनों ने मिलकर शर्मा की सब्जी वाले चाकू से हमला कर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त सब्जी काटने वाला चाकू भी बरामद कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी।

# ऑपरेशन नन्हें परिंदे : मासूमों को दी खुशियां

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में स्लम बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान नन्हे परिंदे के क्रम में एसीपी.1 नोएडा रजनीश वर्मा द्वारा थाना सेक्टर.20 क्षेत्रान्तर्गत नन्हे परिंदे टीम के सहयोग से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को ओबीई ओपन बेसिक एजुकेशन प्रमाणपत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

कराटे इंडिया अकादमी के सहयोग से एक आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। एचसीएल फ उंडेशन के अमूल्य समर्थन से पिछले साल नन्हे परिंदे प्रोजेक्ट से ओबीई में 80 बच्चों का सफ लतापूर्वक नामांकन किया गया था। इनमें से 66 बच्चों ने परीक्षा में सफ लता हासिल की। एफ 44, एम.22, का प्राथमिक मिशन शिक्षा से वंचित और कामकाजी बच्चों को उनकी शैक्षिक यात्रा में सहायता करना है, जो बच्चे पारिवारिक जिम्मेदारियों और ज्यादा उम्र के कारण नियमित स्कूलों में दाखिला लेने में असमर्थ हैं उन्हें ओबीई कार्यक्रमों में प्रवेश दिया जाता है, जिससे उनके उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सके। एक विशेष रूप से प्रेरणादायक कहानी. शाहीन 17 वर्ष नाम की एक बच्ची की है, जिसे कई अन्य लोगों की तरह, ओबीई कार्यक्रम में नामांकित किया गया था। आज, वह दृढ़ संकल्प के प्रतीक के रूप में कार्य करती है, जिसने न केवल 8वीं कक्षा पूरी की है, बल्कि नौ सदस्यों के अपने परिवार का सहयोग करने के लिए कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभा रही है। एसीपी रजनीश वर्मा ने विगत तीन सालों से लगातार सहयोग के लिये चेतना संस्था प्रशिक्षण और कार्रवाई के माध्यम से बचपन में वृद्धि और एचसीएल फ उंडेशन के सामूहिक प्रयासों के लिए सराहना की एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने बच्चों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें आश्वासन दिया कि जब भी जरूरत होगी वह उनकी पढ़ाई में सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे। चेतना संस्था के निदेशक संजय गुप्ता के द्वारा सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए सतत प्रयास करने और कक्षा 8 पूरी करने के बाद आगे की पढ़ाई में मदद करने की बात कही।



ऑपरेशन नन्हें परिंदे से लाभान्वित बच्चों के साथ नोएडा पुलिस की टीम।

# संक्षिप्त समाचार

### एनईए चुनाव में दोनों पैनल ने जारी किया घोषणा पत्र

नोएडा। नोएडा इम्प्लॉइज एसोसिएशन के चुनाव दो नवंबर को होने है। इसके लिए मंगलवार को राजकुमार पैनल ने अपना 27 सूत्रीय और बिमला देवी पैनल ने 12 सूत्रीय घोषणा पत्र जारी किया। इस बार दो पैनल और दो निर्दलीय प्रतिभागियों की ओर से नामांकन पत्र जमा किया गया। राजकुमार चौधरी पैनल में अध्यक्ष पद के लिए राजकुमार सिंह, महासचिव जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, वीरपाल सचिव नीरज राणा, अमित कुमार एवं कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र है। वहीं दूसरा बिमला देवी पैनल की ओर से अध्यक्ष पद के लिए, बिमला देवी अध्यक्ष, योगेश भाटी महासचिव, सुमित शर्मा उपाध्यक्ष, प्रसादी गौतम उपाध्यक्ष, नरेश चंद सचिव, रणधीर कुमार सिंह सचिव और राजपाल सिंह कोषाध्यक्ष के रूप में चुनावी मैदान में है। नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी चुनाव की पर्यवेक्षक होंगी। इसके अलावा चुनाव अधिकारी के तौर पर जीएम राजेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में विजय रावल जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

### तीन दिनों से लापता युवती का शव हिंडन नदी में मिला

नोएडा। नोएडा थाना ईकोटेक.तीन क्षेत्र के कुलेसरा पुल के पास हिंडन नदी में आज सुबह एक 19 वर्षीय युवती का शव मिला है। युवती तीन दिनों से अपने घर से लापता थी। वह टीवी रोग से ग्रसित थी। पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है। जबकि युवती के परिजन इसे हत्या का मामला बता रहे हैं। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि आज सुबह को पुलिस को सूचना मिली कि कुलेसरा पुस्ता के पास हिंडन नदी में एक युवती का शव पड़ा है उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि मृतका का नाम शिवानी पुत्री मनोज कुमार उम्र 19 वर्ष है। वह कुलेसरा गांव में रहती थी, तथा तीन दिनों से अपने घर से लापता थी।

### प्राधिकरण ने सील की निर्माणाधीन इमारत

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की बिना अनुमति और कोर्ट स्टे के बाद भी सेक्टर 104 ग्राम हाजीपुर में अवैध निर्माण किया जा रहा था। ये निर्माण निरयान बिल्डकाम प्राइवेट लिमिटेड खसरा संख्या 412 पर किया जा रहा था। प्राधिकरण के ओएसडी देवेंद्र प्रताप सिंह और सर्किल.8 की टीम ने अवैध निर्माण को रोकते हुए निर्माणधीन बिल्डिंग को सील किया। यहां अवैध रूप से कमरे और दुकानों का निर्माण किया जा रहा था। ओएसडी ने बताया कि खसरा नंबर .412 हाजीपुर गांव में है। इसके पास ही स्टालिन मॉल बना हुआ है। 12 अप्रैल 2023 को जमीन पर सिविल कोर्ट ने यथा स्थित बनाने का आदेश दिया था। यहां चोरी छिपे निर्माण कराया गया।

### डीएम ने दिलाई देश की अखंडता की शपथ

गाजियाबाद। लौह पुरुष के नाम से पहचाने जाने वाले व देश के पहले रक्षामंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती जिला प्रशासन के सभागार में डीएम आरके सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई। पहले सबसे पहले डीएम आरके सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने सरदार पटेल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत डीएम ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता व सदभावना की शपथ दिलाई।

### आईएमएस में मनाया गया हैलोवीन डे

नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा में हैलोवीन डे मनाया गया। मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भूतए चुड़ैल एवं जादूगर बनकर दर्शकों को डराया। वहीं सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए हैलोवीन की थीम पर आधारित कॉस्ट्यूम, मेकअप, फोटोग्राफी एवं फिल्म स्क्रीनिंग प्रतिस्पर्धा भी रखी गई। छात्रों ने हैलोवीन कॉस्ट्यूम पहन कर रैंप वॉक किया।

### गाजियाबाद में डीएम दफ्तर पर रालोद का प्रदर्शन

गाजियाबाद। राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने राज्यपाल को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। रालोद जिलाध्यक्ष अमित त्यागी सरना ने कहा, गन्ना मूल्य 400 रुपए प्रति कुंतल किया जाए। आलू, धान सहित सभी कृषि उत्पादों का लाभकारी मूल्य तय कर कानून बनाया जाए। उन्होंने कहा, प्रदेश में अनेक जिलों में धान की फसल खेत में पानी के आभाव में सूख गई है। सरकार सर्वे करकर राहत प्रदान करे।


Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 01400005127) ऋषि पाल गहलौत (कर्जदार) | 25 09 2023/रू. 7,67,268/ (रूपए सात लाख सड़सठ हजार दो सौ अड़सठ मात्र) एनपीए (08–10–2021) | फ्लैट नंबर एम–102, प्रथम तल, स्वर्ण रेजीडेंसी–2 वजीराबाद रोड ग्राम ब्रह्मपुर, भोपुरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201011 |
| (गुरूग्राम शाखा का एलसी नंबर : 13000000406) त्रिलोचन सिंह भाटिया (कर्जदार) | 25–09–2023/रू. 4,27,985/– (रूपए चार लाख सत्ताईस हजार नौ सौ पिचासी मात्र) एनपीए (08–08–2023) | फ्लैट नंबर 301, तृतीय तल, टावर ए, कॉस्मोस सिटी 1, सेक्टर–103, गुरूग्राम, गुरूग्राम, हरियाणा–122001 |
| (दिल्ली – सफदरजंग शाखा का एलसी नंबर : 19600041522) अनुराग भास्कर (कर्जदार) | 25–09–2023/रू. 38,21,655/– (रूपए अड़तीस लाख इक्कीस हजार छह सौ पचपन मात्र) एनपीए (05 04 2019) | फ्लैट नंबर ए 2204, 22वां तल, ब्लॉक अक्वा गायत्री लाइफ प्लॉट 1 एफ सेक्टर 16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (लाजपत नगर शाखा का एलसी नंबर : 28200000010) विकास कुमार (कर्जदार) | 25–09–2023/रू. 43,27,134/– (रूपए तेतालीस लाख सत्ताईस हजार एक सौ चौंतीस मात्र) एनपीए (04 01 2019) | फ्लैट नंबर 1403, 13वां तल, टावर–सी, ओएसिस विनीशिया हाइट्स, प्लॉट नंबर एचआरए 12ए, सेक्टर–सूरजपुर साइट–सी एक्सटेंशन, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 11900001253) लविशा ढींगरा (कर्जदार) | 25–09–2023/रू. 40,44,048/– (रूपए चालीस लाख चौवालीस हजार अड़तालीस मात्र) एनपीए (03 09 2019) | फ्लैट नंबर जी–708, 7वां तल, ब्लॉक जी, यूचर एस्टेट, प्लॉट नंबर जीएच–16 ई, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 201308 |
| (दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा का एलसी नंबर : 26600000430) आनंद किशोर सिंह (कर्जदार) | 25–09–2023/रू. 51,87,266/– (रूपए इक्यावन लाख सतासी हजार दो सौ छियासठ मात्र) एनपीए (04–01–2019) | फ्लैट नंबर ए–204, द्वितीय तल, विनीशिया हाइट्स, प्लॉट नंबर एचआरए 12ए, साइट सी सूरज हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201306 |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 01400004153) विवहान राघू (कर्जदार) विवेक राघू (सह कर्जदार 1) अंजना राघू (सह–कर्जदार 2) परमाह सिंडीकेटप्रा. लि. (गारंटर 1) | 25 09 2023/रू. 58,90,142/ (रूपए अठ्ठावन लाख नब्बे हजार एक सौ बयालीस मात्र) एनपीए (03–09–2017) | फ्लैट नंबर एस 1–009, भू तल, स्टूडियो सर्विसेज आरोग्यम, हरिद्वार, हरिद्वार, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश–247663 |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 01400004154) विवेक राघू (कर्जदार) शिवाजी राघू (सह–कर्जदार 1) विवहान राघू (सह कर्जदार 2) परमाह सिंडीकेट प्रा. लि. (गारंटर 1) | 25–09–2023/रू. 58,91,146/– (रूपए अठ्ठावन लाख इक्यानवे हजार एक सौ छियालीस मात्र) एनपीए (03–09–2017) | फ्लैट नंबर एस 1–012, भू तल, आरोग्यम, क्रियटल वर्ल्ड के सामने, ग्राम बधेड़ी राजपूताना, परगना रूड़की, हरिद्वार, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश–247663 |
| (दिल्ली – पीतमपुरा शाखा का एलसी नंबर : 19800041451) कमलजीत जैन (कर्जदार) अमित जैन (सह कर्जदार 1) | 25–09–2023/रू. 55,77,507/– (रूपए पचपन लाख सतहत्तर हजार पांच सौ सात मात्र) एनपीए (03 11 2019) | यूनिट टी 3/0502, 5वां तल, लेक साइड हाइट्स, लेक ग्रूव सिटी, कुंडली, सोनीपत, हरियाणा, सोनीपत, हरियाणा–131028 |
| (दिल्ली – पीतमपुरा शाखा का एलसी नंबर : 19800041473) अभिषेक जौहरी (कर्जदार) | 25 09 2023/रू. 81,84,537/ (रूपए इक्यासी लाख चौरासी हजार पांच सौ सैंतीस मात्र) एनपीए (04–10–2019) | यूनिट टी–01/1303, 13वां तल, तृतीय फ्लैट, लेक साइड हाइट्स, लेक ग्रूव सिटी, कुंडली, सोनीपत, सोनीपत, हरियाणा–131028 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 25500000991) विजय नंदा (कर्जदार) | 25 09 2023/रू. 52,23,816/ (रूपए बावन लाख तेईस हजार आठ सौ सोलह मात्र) एनपीए (03–11–2019) | यूनिट टी–134, तृतीय तल, टस्कन फ्लोर, टीडीआई टस्कन सिटी, कुंडली, सोनीपत, सोनीपत, हरियाणा–131001 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 25500001115) मौलिक मिंडा (कर्जदार) | 25–09–2023/रू. 34,78,388/– (रूपए चौंतीस लाख अठहत्तर हजार तीन सौ अठासी मात्र) एनपीए (03–11–2019) | टी–17/0904, टावर 17, 9वां तल, चतुर्थ फ्लैट, लेक साइड हाइट्स, लेक ग्रूव सिटी, कुंडली, सोनीपत, सोनीपत, हरियाणा 131001 |
| (गुरूग्राम शाखा का एलसी नंबर : 13000001906) आर आर फैशन्स (कर्जदार) रश्मि सेठ (सह कर्जदार 1) | 25–09–2023/रू. 68,11,184/– (रूपए अड़सठ लाख ग्यारह हजार एक सौ चौरासी मात्र) एनपीए (09–07–2023) | सम्पत्ति सं. ए–8/15ए, फ्लैट प्राइवेट नंबर 201 एसएफ बिना छत (फ्रंट आरएचएस फ्लैट) ब्लॉक–ए–8, राणा प्रताप बाग, नई दिल्ली 110007 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 27900001576) अमर दत्त शर्मा (कर्जदार) | 25 09 2023/रू. 9,76,027/ (रूपए नौ लाख छहत्तर हजार सत्ताईस मात्र) एनपीए (10–03–2023) | फ्लैट नंबर एसएफ–3, द्वितीय तल, रियर एलएचएस, प्लॉट नंबर 46, ब्लॉक बी, गंगा विहार, ग्राम सादुल्लाबाद, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201206 |
| (दिल्ली – पीतमपुरा शाखा का एलसी नंबर : 198पीटीएम30788) अमित मल्होत्रा (कर्जदार) | 25–09–2023/रू. 39,43,113/– (रूपए उन्तालीस लाख तेतालीस हजार एक सौ तेरह मात्र) एनपीए (05–04–2019) | एच/फ्लैट नंबर डी08/09/02, सुशांत अक्वापोलिस गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201001 |
| (गुरूग्राम – सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर : 19700044390) योगेश कुमार (कर्जदार) | 25 09 2023/रू. 32,33,403/ (रूपए बत्तीस लाख तेतीस हजार चार सौ तीन मात्र) एनपीए (11–03–2023) | प्लॉट नंबर 43 सी, खसरा नंबर 15/12, अपर ग्राउण्ड फ्लोर, ग्राम मटियाला, ब्लॉक–ई, मंसाराम पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली 110059 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 01 11 2023
स्थान : दिल्ली

हस्ता./ (प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल,
उत्तराखण्ड पेयजल निगम, पिथौरागढ़

निविदा सूचना संख्या : 2691/निविदा/384 दिनांक 30/10/2023

ई–निविदा सूचना

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम तथा उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत स्रोत, पाईप लाईन, जलाशय एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नामः– 1. धारचूला देहात पे0यो0 पार्ट–1
2. ई– निविदा पोर्टल में प्रकाशन की तिथि – 31.10.2023 अपरान्ह 3:00 बजे।
3. निविदा ऑनलाइन करने की अन्तिम तिथि– 16.11.2023 अपरान्ह 5:00 बजे।

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें www.uktenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

अधीक्षण अभियन्ता



सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि एक आवासीय एलआईजीए प्रथम तल फ्लैट नं0 347, ब्लाक -3, अरावली अपार्टमेन्ट, सेक्टर-34, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ०प्र०, जिसके मूल अवांटी श्रीमती दीप्ती जैन पत्नी श्री राजीव जैन, निवासी बी-17, सैक्टर 26, नौएडा ने मुख्यतारनामा - आधार पर उक्त फ्लैट निम्नलिखित व्यक्ति को बेचा गया था।
श्रीमती प्रतीभा श्रीवास्तव पत्नी श्री अजय श्रीवास्तव निवासी फ्लैट नं0 343, ब्लाक बी -3, अरावली अपार्टमेन्ट, सेक्टर-34, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0 के पक्ष में दिनाँक 13.06.2001 को एक मुख्यतारनामा सब-रजिस्ट्रार, नौएडा द्वारा निष्पादित किया गया था।
अतः इस नोटिस के माध्यम से सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उक्त एक आवासीय एलआईजीए प्रथम तल फ्लैट नं0 347, ब्लाक बी -3, अरावली अपार्टमेन्ट, सेक्टर-34, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ०प्र०, मुख्यतारनामा के आधार पर श्री सतेन्द्र कुमार पुत्र रामदयाल प्रसाद व श्रीमती नेहा सतेन्द्र कुमार पत्नी श्री सतेन्द्र कुमार निवासीगण फ्लैट नं0 314-बी, ब्लॉक बी -3, अरावली अपार्टमेन्ट, सेक्टर-34, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ०प्र०, के प्रक्ष मे अन्तरण आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है यदि इस संबंध मे किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति समस्त साक्ष्य सहित नोएडा प्राधिकरण के आवासीय विभाग (एच) मे सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर दाखिल कर सकते है।

अमित कुमार (अधिवक्ता)



सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005.

जबकि

बैंक ऑफ राजस्थान लिमिटेड (बाद में ''ईबीओआर'' के रूप में संदर्भित) और नीचे उल्लिखित उधारकर्ता और सह–उधारकर्ता के बीच किए गए ऋण समझौते के अनुसार दी गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में सुरक्षा के प्रवर्तन के संबंध में नोटिस जारी किया जा रहा है। 12 अगस्त, 2010 के आदेश के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (बाद में ''बैंक'' के रूप में संदर्भित) के साथ समामेलन की योजना को मंजूरी दे दी है। इसके अनुसरण में ईबीओआर के सभी उपक्रम बैंक को हस्तांतरित और बैंक के पक्ष में निहित हो जाते हैं, ताकि वे बैंक की संपत्तियाँ, संपदा, परिसंपत्तियाँ, अधिकार शीर्षक, हित और प्राधिकरण बन सकें। अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण, वित्तीय संपत्तियों का पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक का प्राधिकृत अधिकारी है और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित उधारकर्ता को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किया गया था।

निम्नलिखित उधारकर्ता राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शकुंतला देवी/ संदीप दत्त शर्मा/ RBDEL00001865448 | फ्लैट नंबर –190, लाजवंती गार्डन, प्लॉट नंबर 15 (छत के अधिकार के साथ), खसरा नंबर 212, ग्राम नांगल राया, नई दिल्ली/ अक्टूबर 27, 2023 | अगस्त 29, 2022 रु. 4,19,907/– | दिल्ली & एनसीआर |

उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटरों को राशि चुकाने के लिए 30 दिन का नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवी रखी गई संपत्तियों को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति पर बेच दिया जाएगा। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधान।

दिनांक : नवंबर 01, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 1 नवंबर, 2023



# दो नवंबर को केजरीवाल की गिरफ्तारी की आशंका : आतिशी

## बोली, इंडिया अलायंस का हर नेता सीबीआई-ईडी के जद में, भाजपा, पीएम मोदी आम आदमी पार्टी को करना चाहते हैं खत्म

**● शिक्षामंत्री ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में भाजपा पर बोला जोरदार हमला**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शराब नीति घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ के लिए 2 नवंबर को बुलाया है। आम आदमी पार्टी को अब उनकी गिरफ्तारी का डर सता रहा है। इस मुद्दे पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि ईडी केजरीवाल को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर सकती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा, पीएम मोदी आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहते है, यही कारण कि एक के बाद एक झूठे केस-झूठे आरोपों में आप के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। भाजपा के खिलाफ आवाज उठाने वालों को जेल डालना, सीबीआई-ईडी का दुरुपयोग करना सिर्फ अरविंद केजरीवाल पर खत्म नहीं होगा, इंडिया अलायंस का हर नेता इसकी जद में आएगा। केजरीवाल के बाद हेमंत सोरेन जेल जाएँगे क्योंकि भाजपा इनसे झारखंड में हारती है, फिर तेजस्वी यादव, पिनाराई विजयन, एमकेस्टालिन जेल जाएँगे क्योंकि भाजपा इनसे बिहार-केरल-तमिलनाडु में हारती है।



राजधानी में प्रेसवार्ता के दौरान शिक्षामंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के गिरफ्तारी की आशंका जताई।

आतिशी ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में भाजपा पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि भाजपा का फार्मूला है, आप चुनाव नहीं जीत सकते तो जो आपको चुनाव में हरा रहे है उन्हें जेल में डाल दो ताकि चुनाव की जरूरत ही न पड़े। यह लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास है। केजरीवाल के खिलाफ कोई केस, सबूत नहीं, उन्हें सिर्फ इसलिए गिरफ्तार किया जायेगा क्योंकि मोदी को केजरीवाल से डर लगता है। वर्ष 2015 में जब भाजपा की देशभर में बड़ी लहर चल रही थी, तब केजरीवाल से टकराकर ये लहर रुक गई, तभी से पीएम मोदी खौफ खाए बैठे है।

आतिशी ने कहा कि, मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को ईडी ने समन भेजा है। चर्चा है कि दो नवंबर को ईडी केजरीवाल को भी गिरफ्तार कर जेल में डाल देगी। वह इसलिए नहीं कि उनके खिलाफ कोई केस या सबूत है।

केजरीवाल को सिर्फ इसलिए गिरफ्तार किया जायेगा क्योंकि भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनसे डर लगता है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने आतिशी की बातों को दोहराते हुए कहा कि विरोध के बावजूद पार्टी और मजबूत हुई है। आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने भी कहा कि पार्टी आम आदमी के लिए काम करती रहेगी।

## आप अपने भ्रष्टाचार से खुद को खत्म कर रही : रविशंकर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने आबकारी नीति मामले को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर अपना हमला तेज करते हुए दावा किया कि उनकी स्पष्ट मंजूरी के बगैर इतना बड़ा घोटाला नहीं हो सकता था। घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा केजरीवाल को दो नवंबर को तलब किए जाने के एक दिन बाद भाजपा नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा, जैसी करनी, वैसी भरनी। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल सरकार के शराब घोटाले के सभी आरोपियों मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और विजय नैय्यर की बार-बार जमानत याचिका खारिज होने के बाद दिल्ली वाले अच्छी तरह से समझ गई हैं कि शराब घोटाले के पीछे असली दिमाग मुख्यमंत्री अरविंदर केजरीवाल का है।

रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में आम आदमी पार्टी के उन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि केंद्र सरकार उसे खत्म करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी है जो अपने कुकर्मों, भ्रष्टाचार और घोटालों से खुद को खत्म कर रही है। प्रसाद ने दावा किया कि आप के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है और कानूनी प्रक्रिया इस मामले में अपना काम कर रही है।



भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते भाजपा नेता रविशंकर व अन्य।

**● शराब घोटाले के पीछे असली दिमाग केजरीवाल काः सचदेवा**

उन्होंने कहा, एजेंसियां क्या करती हैं, यह हमारी चिंता का विषय नहीं है। यह उन्हें तय करना है। उन्होंने सवाल किया कि क्या भाजपा ने उनसे ऐसी आबकारी नीति बनाने को कहा था जो उन्हें चुनिंदा कंपनियों के लिए कमीशन और एकाधिकार दे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया, केजरीवाल की स्पष्ट मंजूरी के बिना इतना बड़ा घोटाला नहीं हो सकता था। उन्होंने इन आरोपों को दोहराया कि आप ने एक दक्षिणी लॉबी को अपनी आबकारी नीति तय करने की अनुमति दी ताकि पार्टी गोवा में चुनावी उद्देश्यों के लिए धन का इस्तेमाल कर सके और राष्ट्रीय पार्टी बनने की अपनी आकांक्षा को पूरा कर सके।

उन्होंने आरोप लगाया कि लॉबी ने जो तय किया उसे दिल्ली सरकार ने आबकारी नीति के रूप में स्वीकार किया और मंत्रियों के एक समूह द्वारा पहले गठित नीति को बदलने की कोशिश की गई। प्रसाद ने दावा किया कि आप भारत के राजनीतिक इतिहास में सबसे बड़ी निराशा रही है।

### आग लगने से महिला की मौत, पति व दो बेटे झुलसे

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम में सोमवार की देर रात एक घर में आग लगने के बाद दम घुटने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति और दो बेटे झुलस गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। जिस समय आग लगी, तब परिवार सो रहा था।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, परिवार के अन्य सदस्यों को दमकलकर्मियों और पड़ोसियों की मदद से बाहर निकाल लिया गया लेकिन रेनू गुप्ता को नहीं निकाल पाए। डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने के बाद उनके अधजले शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के पति पप्पू गुप्ता और उनके दो बेटे मामूली रूप से झुलस गए।

### एबीवीपी की छात्र डायरी का विमोचन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की छात्र दैनंदिनी का विमोचन किया गया। डायरी के मुखपृष्ठ पर अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के प्रस्तावित मॉडल, आदित्य एल-1, भारत शब्द को 18 भारतीय लिपियों में लिख भाषाई समृद्धता को स्थान, भारत मंडपम्, चन्द्रयान-3, युवाओं की सेवा व पर्यावरण क्षेत्र में प्रतिनिधि भूमिका, अभाविप की सेवा क्षेत्र गतिविधियां आदि के जिक्र द्वारा नए भारत की युवा आशाओं के स्वर को स्थान मिला है।

# दिवाली से पहले लग सकता है ग्रेप-3

**● बहुत खराब श्रेणी में पहुंची दिल्ली की हवा, पांच इलाकों में एक्यूआई गंभीर**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान प्रणाली के अनुसार, हवा की धीमी गति और रात के समय तापमान में गिरावट के कारण शहर की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई है। मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 360 दर्ज किया गया। यह बहुत खराब श्रेणी में था। वहीं सफर का कहना है कि नवंबर के पहले सप्ताह में हवा की गुणवत्ता बहुत खराब रहने की आशंका है। ऐसे में दिवाली के समय तक प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए ग्रैप-3 लागू हो सकता है। ग्रैप-3 के लागू होने के बाद नई पाबंदियों का सामना करना पड़ सकता है।

ग्रैप-3 लागू हुआ तो दिल्ली-एनसीआर में निर्माण पर रोक लग जाएगी। हालांकि, रेल सेवाओं, रेलवे स्टेशन, मेट्रो रेल सर्विस से जुड़े, एयरपोर्ट और अंतरराज्यीय बस अड्डों, राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा से जुड़ी परियोजनाओं, अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों, पब्लिक प्रोजेक्ट जैसे फ्लाईओवर, सड़क, नेशनल हाईवे, ओवरब्रिज, पावर ट्रांसमिशन या डिस्ट्रिब्यूशन के कामों में छूट रहेगी।

निर्माण कार्य के के साथ धूल से जुड़ी गतिविधियां जैसे खुदाई, बोरिंग, ड्रिलिंग, स्ट्रक्चरल कंस्ट्रक्शन, वेल्डिंग से जुड़े काम, तोड़फोड़ की गतिविधि, प्रोजेक्ट साइट से बाहर निर्माण सामग्री उतारना लोडकरना, ओपन ट्रिंच सिस्टम के जरिए सीवर लाइन, पानी लाइन, ड्रेनेज काम आदि पर रोक रहेगी। इसके अलावा बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल की कारों पर रोक रहेगी।

मौसम संबंधी स्थितियां और प्रदूषण के स्थानीय स्रोतों के अलावा, पटाखों और धान की पराली जलाने से होने वाले उत्सर्जन के चलते, सर्दियों के दौरान दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर में पहुंच जाती है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी के विश्लेषण के अनुसार, एक नवंबर से 15 नवंबर तक राजधानी में प्रदूषण शीर्ष पर पहुंच जाता है। उस समय पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाएं चरम पर पहुंच जाती हैं। ऐसे में वायु गुणवत्ता में आने वाले दिनों में भारी गिरावट दर्ज की जा सकती है।

### वायु गुणवत्ता 2020 के बाद सबसे खराब

वर्षा की बेरुखी ने इस साल अक्टूबर में ही हवा का हाल बेहाल कर दिया है। इस साल अक्टूबर में दिल्ली की वायु गुणवत्ता वर्ष 2020 के बाद से सबसे खराब रही और मौसम विज्ञानियों ने इसके लिए बारिश की कमी को जिम्मेदार ठहराया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार राजधानी में इस साल अक्टूबर में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 210 दर्ज किया गया, जबकि पिछले साल अक्टूबर में यह 210 और अक्टूबर 2021 में एक्यूआई 173 था। दिल्ली में अक्टूबर 2023 में केवल एक दिन (5.4 मिमी वर्षा) हुई, जबकि अक्टूबर 2022 में छह दिन (129 मिमी) और अक्टूबर 2021 में सात दिन (123 मिमी) बारिश हुई थी। केंद्र के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कहा कि अक्टूबर 2023 के दौरान हवा की औसत गति अपेक्षाकृत कम थी और इस दौरान हवा की स्थिति बिल्कुल स्थिर देखी गई। सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक, राजधानी में एक भी दिन एक्यूआई अच्छी श्रेणी में नहीं दर्ज किया गया, जबकि 2022 में ऐसे दो दिन और 2021 में एक दिन एक्यूआई अच्छी श्रेणी में दर्ज किया गया था।

### मीट की दुकान धार्मिक स्थल से 150 मीटर दूर होगी : एमसीडी

**नई दिल्ली।** मांस की दुकान और धार्मिक स्थल के बीच न्यूनतम 150 मीटर की दूरी की शर्त इन दुकानों के लिए नए या नवीनीकृत लाइसेंस देने की प्रस्तावित नीति का हिस्सा है, जिसे मंगलवार को दिल्ली नगर निगम के सदन की मंजूरी मिल गई। यह उन कई प्रस्तावों में से एक था, जिन्हें एमसीडी सदन ने कार्यवाही के दौरान हंगामे के बीच पारित कर दिया।

मंगलवार को सदन में पेश एजेंडे के अनुसार, प्रस्तावित नीति मांस की दुकानों, मांस प्रसंस्करण इकाइयों, पैकेजिंग या भंडारण संयंत्रों और ऐसे अन्य प्रतिष्ठानों के लिए नए लाइसेंस देने या लाइसेंस के नवीनीकरण से संबंधित है।



अखंड सुहाग के प्रतीक करवां चौथ पर्व की पूर्व संध्या पर मेहंदी लगवाती युवती व महिलाएं। मंगलवार को राजधानी के विभिन्न बाजार में जगह जगह मेहंदी लगवाने के लिए भारी भीड़ रही।
फोटो : रंजन डिमरी

## राजधानी में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा कई उपचारात्मक कदम उठाए जाने के बावजूद राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण बरकरार रहने पर विचार करते हुए मंगलवार को दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान सरकारों से इस पर काबू पाने की जानकारी देते हुए हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया है।

न्यायालय ने कहा कि कुछ दशकों पहले यह दिल्ली में सबसे अच्छा वक्त होता था। उसने कहा कि शहर अब बिगड़ती वायु गुणवत्ता से संकट में है और घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। न्यायमूर्ति एस के कौल की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने पांच राज्यों से एक सप्ताह के भीतर हलफनामे दाखिल करने को कहा।

पीठ में न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने संबंधित राज्य हलफनामा दाखिल करें कि उन्होंने क्या कदम उठाए हैं। हम दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी और राजस्थान को एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महराजा अग्रसेन कॉलेज में सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के महराजा अग्रसेन कॉलेज में 10वें सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति सांसद प्रो. राकेश सिन्हा ने रंजीत देसाई के शिवाजी पर लिखी मराठी भाषा के उपन्यास का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अगर हमें भारतीयता को महसूस करना है व सरदार पटेल के द्वारा स्थापित मूल्यों/आदर्शों को जीना है तो हमें अपने व्यक्तित्व में सरदार पटेल को शामिल करना पड़ेगा। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजीव कुमार तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के दूरदर्शी दृष्टिकोण और वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पंकज अरोड़ा ने की। इस अवसर पर प्रो. आभा मित्तल, डॉ. आभा शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सीआईओ क्लब ने मनाई 15वीं वर्षगांठ



**नई दिल्ली।** मुख्य सूचना अधिकारियों के विश्व के सबसे बड़े संघ, सीआईओ क्लब के दिल्ली एनसीआर चैप्टर की अपनी 15वीं वर्षगांठ मनाई। जिसमें गतिशील, सहयोगात्मक वातावरण को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर 250 से अधिक प्रमुख डिजिटल लीडर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, डिजिटल परिवर्तन, साइबर सुरक्षा, व्यापार में प्रौद्योगिकी के भविष्य पर चर्चा करने, रणनीति बनाने के लिए एकत्र हुए। सीआईओ के शासी निकाय के अध्यक्ष, उमेश मेहता ने कहा, प्रौद्योगिकी का तेजी से विकास एक ऐसे मंच की आवश्यकता है जहां आईटी में सबसे प्रतिभाशाली दिमाग बातचीत कर सकें, जुड़ सकें और सामूहिक रूप से तकनीकी कथा को आगे बढ़ा सकें। यह कार्यक्रम इसके प्रति हमारी प्रतिबद्धता की एक बानगी है।

## कांग्रेस, भाजपा के प्रदर्शन से एमसीडी की कार्यवाही स्थगित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

डेंगू के आंकडों के मुद्दे और सूचीबद्ध एजेंडा पर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षदों के प्रदर्शनों के मद्देनजर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सदन की कार्यवाही मंगलवार को दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

सदन की कार्यवाही अपराह्न 11:20 बजे शुरू हुई। कांग्रेस के सदस्यों ने राष्ट्रीय राजधानी में डेंगू के मामलों से जुड़े आंकड़े जारी करने में पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया और प्रदूषण के मुद्दे पर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। इनमें से कुछ ने हाथो में तख्तियां और पोस्टर लिए हुए थे।

जब महापौर शैली ओबेरॉय ने सदन में प्रवेश किया तब उन्हें दो मुद्दों पर कांग्रेस पार्षदों के प्रदर्शन का सामना करना पड़ा। कुछ पार्षद बेंच पर चढ़ गए।

भाजपा के पार्षदों ने सूचीबद्ध एजेंडा पर प्रदर्शन किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शन के बीच महापौर ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।



एमसीडी सदन कार्रवाई के दौरान विरोध-प्रदर्शन करते कांग्रेस व भाजपा पार्षद।

## पांच हजार सफाई कर्मियों की नौकरी पक्की : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** एमसीडी चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गारंटी दी थी कि एमसीडी में सरकार बनने पर सफाई कर्मचारियों की नौकरी पक्की की जाएगी।

एमसीडी सदन में मंगलवार को पांच हजार सफाई कर्मचारियों की नौकरी पक्की करने का प्रस्ताव पास होते ही सीएम केजरीवाल की यह गारंटी भी पूरी हो गई। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में सफाई कर्मियों को नियमित करने का प्रस्ताव आम आदमी पार्टी ने पास करा दिया है। जो वादा किया था वो पूरा किया। दीपावली पर मिले इस शानदार तोहफे के लिए सभी सफाई कर्मियों एवं उनके परिजनों को बहुत बधाई। लोगों की सेवा मन लगाकर कीजिए। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि निगम स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब वर्ग के बच्चों को यूनिफार्म के लिए 1100 रुपए प्रति छात्र दिए जाएंगे।

# सरदार पटेल के योगदान के कारण आज देश एकजुट है : शाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के अविस्मरणीय योगदान के कारण ही आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश एकजुट है।

भारत के पहले गृह मंत्री सरदार पटेल की 148वीं जयंती पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने सभी नागरिकों से वर्ष 2047 तक देश को सभी क्षेत्रों में दुनिया में शीर्ष स्थान पर पहुंचाने का संकल्प लेने को कहा। साल 2047 में देश अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा। उन्होंने कहा, आज का भारत सरदार पटेल के कारण ही संभव हो पाया है। उनके अविस्मरणीय योगदान के कारण देश आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक एकजुट है। सरदार पटेल के योगदान और दूरदर्शिता के बिना आज हम यहां नहीं होते। इस अवसर पर शाह ने रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसकी शुरुआत राजधानी में मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से हुई।





राजधानी में रन ऑफ यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व अन्य।

उन्होंने कहा कि इस दौड़ में 7,700 लोगों ने हिस्सा लिया। दौड़ में हिस्सा लेने वाले लोगों में खिलाड़ी, खेलों के प्रति उत्साह रखने वाले लोग और अर्द्धसैनिक बलों के कर्मी शामिल थे। शाह ने दौड़ में हिस्सा लेने वाले लोगों को एकता की शपथ भी दिलाई। रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाने के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, मीनाक्षी लेखी, नित्यानंद राय, अजय कुमार मिश्रा, निशिथ प्रमाणिक, दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना समेत एवं अन्य उपस्थित थे। केंद्र सरकार राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को संरक्षित एवं मजबूत करने के प्रति अपने समर्पण को बढ़ावा देने और इसे सुदृढ़ करने के लिए 2014 से 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाती है। सरदार पटेल का जन्म 31 अक्टूबर, 1875 को गुजरात के नडियाद में हुआ था। भारत के पहले गृह मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री के रूप में पटेल को भारत संघ में 550 रियासतों के विलय का श्रेय जाता है। सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### एनडीएमसी के अधिकारियों व कर्मचारियों प्रतिज्ञा ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद अधिकारियों और कर्मचारियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा की प्रतिज्ञा ली। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष अमित यादव ने पालिका केंद्र में सभी विभागाध्यक्षों को भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने और अपने कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। पालिका परिषद द्वारा एक लोक सेवक के रूप में सरकारी कामकाज और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी के महत्व पर जोर देने के लिए, एनडीएमसी 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रही है।

## जीयू में खादी महोत्सव के तहत खादी वस्त्रों की लगी प्रदर्शनी



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विवि. में खादी महोत्सव के तहत खादी ग्रामोद्योग सेवा सदन द्वारा गुरुग्राम विवि. के परिसर में खादी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए खादी वस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन गुरुग्राम विवि. के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने किया।

सभी स्टॉल पर बिक्री के लिए खादी के कपड़े, रेशम की साड़ी, ड्रेस मटीरियल, कुर्ते, जैकेट, बेडशीट, कालीन, रसायन मुक्त शैंपू, शहद, धूप अगरबत्ती, मेहंदी अन्य घरेलू सामान, और साथ ही उत्कृष्ट कला और हस्तशिल्प आदि उपलब्ध रहे। इस मौके पर खादी ग्रामोद्योग सेवा सदन द्वारा खादी के सभी वस्त्रों पर 25 प्रतिशत छूट भी दी। इस मौके पर गुरुग्राम विवि. के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने विवि. के अन्य अफसरों के साथ बारी बारी से सभी स्टॉल का अवलोकन कर वस्त्रों व सामानों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## पूर्व पार्षद ने लगवाया स्वास्थ्य शिविर, 150 लोगों ने कराई जांच

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**वार्ड-10** से पूर्व निगम पार्षद एवं भाजपा नेता मंगतराम बागड़ी की ओर से लक्ष्मण विहार स्थित अपने कार्यालय परिसर में निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन कराया गया। इस कैंप में नरेश कपूर चिकित्सा फाउंडेशन की इकाई ब्लेसिंग्स मेडिकल सेंटर के विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने वार्ड निवासियों का हेल्थ चेकअप किया।

लक्ष्मण विहार में रहने वाले विभिन्न उम्र के 150 लोगों ने इस कैंप का लाभ उठाया। कैंप में कई प्रकार की जांच निशुल्क की गई, जबकि दवाइयां भी मुफ्त उपलब्ध करवाई गई। मंगतराम बागड़ी ने कहा कि अब तक दो दर्जन से अधिक नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगवा चुके हैं। उन्होंने कपूर फाउंडेशन संस्थापक नरेश कपूर, सह संस्थापक उदित कपूर, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वेद प्रकाश शर्मा, जनरल फिजिशियन एवं स्त्री रोग रोग विशेषज्ञ डॉ. लतिका मान, जनरल फिजिशियन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया राघव, जनरल फिजिशियन डॉ. हर्षित जुनेजा सहित उनकी पूरी टीम का आभार जताया। भाजपा नेता मंगत राम बागड़ी ने कहा कि आने वाले समय में जल्दी ही दन्त रोग जांच का निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगवाया जाएगा।



शिविर में पहुंची चिकित्सकों की टीम के साथ मंगतराम बागड़ी।

डा. वेदप्रकाश शर्मा ने लोगों की स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत होने के लिए भी जागरूक किया। खासकर रोगियों को जीवशैली में परिवर्तन करने और संतुलित आहार के साथ-साथ समय पर दवाइयों का सेवन करने की सलाह दी। उन्होंने शरीर को स्वस्थ रखने की दृष्टि से प्रत्येक दिन कम से कम एक घंटा मॉर्निंग वॉक करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पावरग्रिड ने मनाया सतर्कता जागरुकता सप्ताह



गुरुग्राम स्थित पावरग्रिड कारपोरेशन में सकर्तता जागरुकता सप्ताह के दौरान वार्क थॉन में भाग लेते अधिकारी व कर्मचारी।

**गुरुग्राम।** पावरग्रिड कारपोरेशन गुरुग्राम में सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत वॉक थॉन का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों व अधिकारियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ थी। सतर्कता जागरुकता सप्ताह की शुरूआत तीस अक्टूबर से की गई। इस उद्देश्य सभी को अपने कर्तव्यों और सत्य निष्ठा का बोध कराना है। कंपनी के सीएमडी के श्रीकान्त ने कहा कि सर्तकता जागरुकता का उद्देश्य एकदूसरे के प्रति सामंजस्य बैठाना भी है। कर्मचारी अपने कार्य को पूरी ईमानदारी से करें। पावरग्रिड लंबे समय से अपने कार्य को पूरी ईमानदारी से कर रहा है। यह देश सेवा की तरह है। हमारा ध्येय सिर्फ देश की प्रगति में लगातार काम करना है। इस दौरान कर्मचारियों व अधिकारियों ने शपथ ली की वह अपने काम में पूरी निष्ठा रखेंगे। इस अवसर पर भारत के राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति एवं केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के संदेश पढ़े गए।

### इंदिरा गांधी ने पूरे विश्व में मनवाया था अपनी ताकत का लोहा

**गुरुग्राम।** मंगलवार को कमान सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय में गुरुग्राम के कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई। इस मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर, कुलराज कटारिया, सूबे सिंह यादव, लाल सिंह यादव, जय सिंह हुड्डा, नरेश वशिष्ठ, धर्मेंद्र मिश्रा, सुनील प्रकाश वर्मा, मनोज आहूजा, भारत मदान, मनीष गौड़,ओमप्रकाश पांचाल, हरकेश प्रधान, कुलदीप मोल्लाहेड़ा, रमन वर्मा, मुकेश सिंगला, ओम प्रकाश कहरेरा, जितेंद्र बेरवाल, वजीर सिंगला, रविराज उजिनीवाल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की फोटो पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान पूरे विश्व में अपनी ताकत का लोहा मनवाया था। उनके समय में जब भारत और पाकिस्तान का युद्ध हुआ था तो पूरी पाकिस्तानी सेना ने हमारी सेना के आगे हथियार डाल दिए थे। उस दौरान इंदिरा गांधी के नेतृत्व में हमारे देश के जांबाज जवानों ने पूरे पाकिस्तानी सेना के जवानों को हिरासत में लिया था। कांग्रेस नेता कुलराज कटारिया ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने सिर्फ भारत को ही नहीं पूरे विश्व को एक नई ऊर्जा देने का काम किया था। इसलिए उन्हें आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता था।



पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी नेता गण।

### गुरुग्राम विश्वविद्यालय व स्टेज संस्थान के बीच हुआ करार




करार पर हस्ताक्षर करते दोनों संस्थानों के अधिकारी।

**गुरुग्राम।** मंगलवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग के छात्रों के लिए इंटर्नशिप के साथ रोजगार के अवसर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुग्राम विवि और कैचअप टेक्नोलॉजीज प्रा. लिमिटेड स्टेज के बीच एमओयू साइन किया गया। गुरुग्राम विपि के कुलपति प्रो दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में जीयू की और से कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह एवं कैचअप टेक्नोलॉजीज प्रा. लिमिटेड स्टेज के को-फाउंडर और सीईओ विनय सिंघल ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य गुरुग्राम विवि में स्टेज और मीडिया अध्ययन विभाग के बीच एक सहयोगात्मक व्यवस्था स्थापित करना है। इस एमओयू के तहत स्टेज व गुरुग्राम विवि के मीडिया अध्ययन विभाग के छात्रों को इंटर्नशिप के साथ रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगी। साथ ही गुरुग्राम विश्वविद्यालय के छात्रों को स्टेज की ओरिजिनल फिल्मों और शो में काम करने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। दोनों संस्थान पारस्परिक सहयोग से अपने यहां समय-समय पर कार्यशाला, स्क्रीनिंग, प्रेस कांफ्रेंस और मास्टर क्लास का आयोजन करेंगे। मीडिया अध्ययन विभाग के छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से स्टेज और गुरुग्राम विश्वविद्यालय पारस्परिक रूप से सहमत नियमों पर वेब सीरीज और फिल्मों जैसी परियोजनाओं पर एक दूसरे का सहयोग करेंगे। गुरुग्राम विश्वविद्यालय विभिन्न स्टेज मूल फिल्मों और शो के अनुसंधान के लिए स्टेज के साथ सहयोग करेगा। इस मौके पर मीडिया विभाग के डीन डॉ. राकेश कुमार योगी एवं डॉ. मीनाक्षी भी उपस्थित रहीं।

# करवाचौथ पर गुरुग्राम में मेहंदी का क्रेज, 11000 रुपए तक किए खर्च





गुरुग्राम के सदर बाजार में करवाचौथ की पूर्व संध्या पर मेहंदी लगवाती महिलाएं तथा सोलह श्रृंगार का सामान खरीदने को बाजार में रही भीड़।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**करवाचौथ** से सप्ताह पहले ही महिलाएं बाजारों में श्रृंगार का सामान खरीद रही हैं। बुधवार को मनाए जाने वाले करवाचौथ पर्व के एक दिन पूर्व मंगलवार को शहर के बाजारों में महिलाओं की खूब भीड़ रही। सोमवार देर रात तक महिलाओं ने बाजारों में मेहंदी लगवाई। शहर में 11 हजार रुपए तक में मेहंदी लगाई जा रही है। मंगलवार को सुबह होते ही महिलाएं मेहंदी लगवाने पहुंची।

पति की दीर्घायु के लिए मनाए जाने वाले करवाचौथ पर्व को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह रहता है, जो इस बार भी नजर आया। भारतीय महिलाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण इस पर्व पर बाजार ने भी अपने पैर फैलाए हैं। घरों में मेहंदी आदि लगाए जाने का काम अब पूरी तरह से बाजार पर निर्भर हो गया है। इसके दो पहलू हैं, एक तो लोगों को कुछ दिन के लिए अच्छा रोजगार मिल जाता है और कलात्मक मेहंदी लगाने वालों को कुछ नया सीखने का भी अवसर मिलता है। सौंदर्य सामग्री खरीदने के लिए महिलाओं का शहर के मुख्य सदर बाजार सहित एमजी रोड स्थित मॉल्स में भीड़ लगी रही। सौंदर्य प्रसाधन महंगे भले ही हो गए हों, लेकिन महंगाई पर करवाचौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं की श्रद्धा भारी पड़ रही है।

**इस तरह से किया जाता है पूजन :** इस व्रत के अंतर्गत शिव, पार्वती, गणेश और चंद्रमा का पूजन किया जाता है। इस व्रत का आरंभ चतुर्थी वाले दिन सरगी से होता है। सरगी से तात्पर्य उस उपहार से है जो इस दिन सास अपनी बहू को वस्त्र, आभूषण, मिठाई आदि देती है। ऐसी मान्यता है कि इस सरगी से पत्नी के सौभाग्य में वृद्धि होती है। महिलाएं सरगी के रूप में मिली मिठाई और अन्य भोज्य पदार्थों को दिन निकलने से पहले ही खा लेती हैं और इसके बाद पूरा दिन निर्जला रहते हुए रात्रि को चंद्रमा के दर्शन के बाद अपना व्रत खोलती हैं। व्रत वाले दिन महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी रचाती हैं और पूरा साज-श्रृंगार कर सायं को पार्क अथवा किसी खुले स्थान पर पूजा के लिए एकत्रित होती हैं। करवाचौथ की कथा सुनने के बाद बहू अपनी सास के पांव छूकर उनसे आशीर्वाद लेती हैं और उन्हें करवा सहित उपहार व मिठाईयां भी भेंट करती हैं। रात्रि में चंद्रमा निकलते ही छलनी के माध्यम से अपने पति का मुख देखकर चंद्रमा को अर्ध्य देती हैं और पति के हाथों पानी पीकर व्रत का समापन करती हैं।

**मिट्टी से बने करवों का विशेष महत्व :** पूजन सामग्री में मिट्टी से बनें करवों का विशेष महत्व रहता है। आधुनिकता के इस दौर और बदलते परिवेश में पूजन सामग्री भी काफी हद तक बदल गई है।

## हरियाणा ऑर्बिट रेल कॉरिडोर के सेक्शन ए के लिए भूमि पूजन समारोह 3 नवंबर को



गुरुग्राम में केएमपी के पटौदी रोड टोल प्लाजा से समीप रेलवे परियोजना के भूमि पूजन समारोह की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए डीसी निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम।** हरियाणा में ढांचागत तंत्र को विस्तार देने के लिए केएमपी के साथ ऑर्बिट रेल कॉरिडॉर के सेक्शन ए का काम शीघ्र ही आरंभ होगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री गुरुग्राम जिला में केएमपी के पटौदी रोड टोल प्लाजा के समीप आगामी 3 नवंबर को सेक्शन-ए के निर्माण के लिए भूमि पूजन के लिए आयोजित समारोह में पहुंचेंगे। डीसी निशांत कुमार यादव ने भूमि पूजन समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण किया।

डीसी निशांत कुमार यादव ने हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण करते हुए प्रस्तावित कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। केंद्रीय रेल मंत्री, मुख्यमंत्री व अन्य विशिष्टजन आयोजन स्थल पर भी भूमि पूजन में शामिल होंगे। यह गुरुग्राम जिला से होकर गुजरने वाली एक महत्वपूर्ण परियोजना है। ऐसे में कार्यक्रम बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में पीने के पानी, स्वच्छता, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था उचित प्रकार से होनी चाहिए। हरियाणा ऑर्बिट रेल कॉरिडोर के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर राजीव रंजन ने कार्यक्रम को लेकर डीसी को विस्तार से जानकारी दी।

## गुरुग्राम में एक्सक्लूसिव स्टोर के लॉन्च के साथ एसुस भारत में अपनी रिटेल उपस्थिति को कर रहा सुदृढ़

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देश** भर में ब्रैंड की रिटेल उपस्थिति का विस्तार करने की दिशा में विशेष कदम बढ़ाते हुए, ताइवान की प्रमुख टेक जायंट कंपनी, एसुस इंडिया ने मंगलवार को गुरुग्राम में अपने एक्सक्लूसिव स्टोर की शुरुआत करने की घोषणा की है।

365 वर्ग फुट में फैला हुआ यह नवीनतम एक्सक्लूसिव स्टोर इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर हार्डवेयर की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो एसुस फ्लैगशिप प्रोडक्ट्स, जैसे-वीवोबुक, ज़ेनबुक, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) लैपटॉप्स, गेमिंग डेस्कटॉप्स, ऑल-इन-वन डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज़ को शामिल करता है। गुड़गांव स्थित यह स्टोर ब्रैंड का दूसरा एक्सक्लूसिव स्टोर है। इस प्रकार, हरियाणा में यह ब्रैंड कुल 8 एईएस स्टोर्स की उपलब्धि हासिल कर चुका है।



इस रिटेल विस्तार के बारे में बात करते हुए, जिग्नेश भावसार, नेशनल सेल्स मैनेजर- पीसी एंड गेमिंग बिज़नेस, एसुस इंडिया, ने कहा कि हम भारत में अपनी रिटेल उपस्थिति के विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद गर्वित महसूस कर रहे हैं। हरियाणा हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। ऐसे में टियर-2 शहर, गुरुग्राम में इस नवीनतम ब्रैंड स्टोर का उद्घाटन हमारे नवीनतम नवाचार के अनूठे अनुभव के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम होगा, जो देश के विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने की दिशा में अहम् योदगान देगा। स्ट्रेटेजिक रिटेल एक्सपांशन एप्रोच के साथ, हम अपने उपयोगकर्ताओं के लिए और भी अधिक इंटरैक्शन और नए टच पॉइंट्स बनाना जारी रखेंगे।

## दिल्ली की बेटी ने मां की स्टेज 4 लार्ज बी-सेल लिंफोमा बीमारी से लड़ने के लिए लोगों से की आर्थिक मदद की अपील

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सदफ** खान, एक समर्पित बेटी, स्टेज 4 लार्ज बी-सेल लिंफोमा के खिलाफ अपनी साहसी लड़ाई में अपनी मां नखत असलम के समर्थन में रैली करने के लिए समुदाय में पहुंच रही है। परिवार व्यापक चिकित्सा लागतों को कवर करने और नखत के ठीक होने की आशा प्रदान करने के लिए ImpactGuru.com के माध्यम से वित्तीय सहायता मांग रहा है।

53 वर्षीय नखत असलम, जो अपने परिवार के लिए ताकत का स्तंभ हैं, को स्टेज 4 लार्ज बी-सेल लिंफोमा के विनाशकारी निदान का सामना करना पड़ा, जिससे गहन चुनौतियों और अनिश्चितता का दौर शुरू हुआ। कैंसर के इस आक्रामक

### मरीज के चिकित्सा खर्च को पूरा करने के लिए लोगों से मदद की अपील

रूप की अचानक शुरुआत ने उनके जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डाला है, जिससे चिकित्सा परामर्श, परीक्षण और भावनात्मक संघर्षों का दौर शुरू हो गया है। हाल ही में, नखत को एक गंभीर संक्रमण से जूझते हुए एक अतिरिक्त झटका का सामना करना पड़ा, जिससे उनका स्वास्थ्य और कमजोर हो गया और उनका वजन काफी कम हो गया। कैंसर के खिलाफ उनकी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर, आगामी बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी), प्रक्रिया से गुजरने के लिए आवश्यक ताकत हासिल करने पर निर्भर है।

बढ़ते चिकित्सा खर्चों ने परिवार पर अत्यधिक वित्तीय बोझ डाल दिया है, उपचार की लागत 10 लाख रुपए है। इसके आलोक में, सदफ खान और उनका परिवार समुदाय से समर्थन और सहायता की अपील कर रहे हैं। सदफ खान कहते हैं कि हम इस महत्वपूर्ण समय में विनम्रतापूर्वक आपकी उदारता का अनुरोध कर रहे हैं। आपका योगदान, आकार की परवाह किए बिना, हमारे वित्तीय तनाव के भार को कम करने और हमें उस दिन के करीब ले जाने की शक्ति रखता है जब नखत कैंसर की छाया के बिना जीवन को गले लगा सकते हैं।

## अमृत कलश वाटिका निर्माण के लिए शहीदों के गांवों से एकत्रित मिट्टी की समर्पित: सरपंच



**गुरुग्राम।** मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश वाटिका कार्यक्रम में मानेसर नगर निगम से 12 सिकंदरपुर बढ़ा, नखडोला, नवादा, मानेसर, ढाणा, रामपुरा अमर शहीद मां भारती के वीर सपूतों/जवानों के गांवों की मिट्टी को दिल्ली कर्तव्य पथ पर अमृत कलश वाटिका निर्मित करने के लिए समर्पित किया।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि देशभर से 9000 से अधिक शहीदों की मिट्टी गांव और शहरों से कर्तव्य पथ पर पंहुचाई गई है। अमर शहीदों का इतना बड़ा सम्मान केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में ही संभव है। ऐसे भव्य, दिव्य और राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होना सौभागय की बात है।

उन्होंने कहा कि शहीदों का सम्मान और शहीदों के परिवारों की संभाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में बेहतर हुई है। पहले की सरकारों ने शहीदों को भुलाने का भी काम किया और उनके परिवारों के लिए कुछ नहीं किया। सुंदर लाल यादव ने कहा कि आज देश गर्व महसूस कर रहा है कि देश की सीमाओं पर रक्षा करने के दौरान शहीद होने वाले जवानों को इतना बड़ा सम्मान देश में दिया जा रहा है। शहीदों के परिवारजन भी इस बात से खुश और संतुष्ट हैं कि उनके पास किसी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता चलकर आए हैं। उनकी राजी-खुशी का पता लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूरगामी सोच के साथ काम करते हैं। देश को दुनिया में अग्रणी देशों में लाकर उन्होंने भारत की ताकत दुनिया को दिखाई है।

## त्योहार पर जाम से लोग परेशान, अनभिज्ञ बना प्रशासन





नरेश कुमार रोहिल्ला। सोहना

**करवा** चौथ के अवसर पर शहर में छाया अतिक्रमण से शहर के अंदर व बाहर सड़कों पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से लेकर पुराना अलवर मार्ग, महाराजा अग्रसैन चौक, बस स्टैंड मार्ग, अस्पताल मार्ग, दिल्ली-अलवर राष्ट्रीय मार्ग पर बने चौक-चौराहों पर लगने वाले जाम से लोगों को भारी परेशानियों सामना करना पड़ रहा है।

करवा चौथ के चलते पिछले दो दिन से शहर में 10 से 12 स्थानों पर लगने वाले जाम से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार और मंगलवार को करवा चौथ की तैयारियों को लेकर महिलाओं की स्थानीय बाजारों में भारी भीड़ है। वहीं नगर परिषद प्रशासन शहर में लगने वाले जाम से पूरी तरह से अंजाम बना हुआ है। पैदल चलने वालों को भी रास्ता नहीं मिल रहा है।

**त्योहार की आड़ में अतिक्रमण :** करवा चौथ की आड़ में शहर के अंदर अतिक्रमण पहले से 50 फीसदी अधिक बढ़ गया है। बाजर के आम रास्तों से लेकर सड़क, चौक और दुकानों के बाहर मिट्टी के करवे से लेकर दीपक, कलेंडर, चूड़ियां बेचने वालों ने दुकानें सजाई हुई हैं। पटरी दुकानदारों की भर मार लगी हुई है। चौक चौराहों पर रेहड़ी वे ठेले लगाएं जाने से लोगों को पैदल रास्ता तक नहीं मिल रहा है।

**मूक बना परिषद प्रशासन :** शहर में लगने वाले जाम से अनभिज्ञ नगर परिषद प्रशासन अपनी आंखें बंद करके बैठा है। आम लोगों को जाम से हो रही परेशानियों को अनदेखा कर रहा है। ऐसे में महिलाओं से लेकर आम लोगों की जेबों से पर्स, ज्वेलर्स आदि चोरी होने की पूरी-पूरी आशंका बनी हुई है।

**राष्ट्रीय मार्ग के चौक जाम :** दिल्ली-अलवर राष्ट्रीय मार्ग 248ए पर पड़ने वाले 5 से 6 चौक पर दो दिन से वाहन रुक-रुककर चल रहा है। एक बार किसी वाहन के ब्रेक लगने से 100 से 150 मीटर की दूरी में वाहनों की लंगी कतार लग जाती है। शहर के दमदमा चौक, चूंगी नंबर दो, बस स्टैंड के सामने, शहर थाना चौक, अंबेडकर बाईपास, इंडरी मोड़, महाराजा अग्रसैन चौक पर लगने वाला जाम कब ब्रेक लेगा दे। इसका अंदाजा किसी को नहीं है।

> **त्योहार** के बाद शहर को पूरी तरफ से अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा। ऐसे स्थानों को चिंहित किया जा रहा है। जहां पर जाम की समस्या अधिक और हमेशा रहती है। अतिक्रमण करके बैठे दुकानदारों की भी पहचान की जा रही है।
>
> **(प्रदीप सिंह, एसडीएम सोहना)**

## गुरुग्राम में 16 नवंबर को होगा भव्य श्याम संकीर्तन महोत्सव

### कन्हैया मित्तल समेत कई कलाकार करेंगे श्यामजी का गुणगान

### संघ प्रचारक इंद्रेश होंगे मुख्य अतिथि

गुरुग्राम। मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में आगामी 16 नवम्बर को भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया जाएगा। सेक्टर-29 स्थित हुडा जिमखाना क्लब में होने वाले इस धार्मिक आयोजन में कई नामी हस्तियों अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी, वहीं नामी कलाकार कन्हैया मित्तल, रितु पांचाल, भावना स्वरांजलि, राज भैया व बलराम वशिष्ठ श्याम बाबा का गुणगान करेंगे।

श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के संयोजक एवं भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। श्री शनिधाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर परमहंस दाती जी महाराज व परम पूज्यनीय प्रकाश पुरी महाराज के परम शिष्य संत रवि पुरीजी महाराज के आशीर्वाद व सानिध्य में यह धार्मिक आयोजन होगा। रंग-बिरंगे फूलों से बाबा के दरबार का श्रृंगार किया जाएगा। अमित गोयल ने बताया कि महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार, भाजपा की राष्ट्रीय संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डा. सुधा यादव, केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे शिरकत करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी और पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह अति विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुधीर सिंगला करेंगे।



अमित गोयल।

# पैर दबवाने के बहाने नौकरानी से दुष्कर्म, 20 साल कैद की सजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**प्लेसमेंट** एजेंसी के माध्यम से घरेलू काम के लिए रखी युवती से दुष्कर्म करने वाले मुल्जिम को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ज्योति लांबा की कोर्ट ने 20 साल कैद की सजा सुनाई। उस पर 1.30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। आरोपी ने पीड़िता से अपना पैर दबवाने के बहाने कमरे में बुलाया और मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। घटना के वक्त आरोपी की मां दूसरे कमरे में टीवी देख रही थी। घटना ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 की है। पीड़िता मूलरूप से उड़ीसा राज्य की रहने वाली है और यहां काम के सिलसिले में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से आयी थी।

लीगल सेल के एडवोकेट रविंद्र गुप्ता ने बताया कि मूलरूप से उड़ीसा की रहने वाली 22 वर्षीय युवती के माता पिता गांव में ही मजदूरी करते हैं। पीड़िता ने दसवीं तक पढ़ाई कर रखी है। काम की तलाश में वह प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से दिल्ली से आयी थी। एजेंसी ने सेक्टर-86 ग्रेटर फरीदाबाद निवासी मनोज भाटी के यहां घरेलू काम के लिए रखवाया था।

एडवोकेट ने बताया कि 23 सितंबर 22 को सुबह करीब 10 बजे पीड़िता काम करने मुल्जिम मनोज भाटी के घर पर पहुंची। मुल्जिम ने उसे कमरे में बुलाकर पैर दबाने के लिए कहा और बेड पर खींच लिया व मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। मुल्जिम के चंगुल से बचकर वह अपने कमरे पर पहुंची और कई दिनों तक दहशत में रही। किसी तरह हिम्मत करके वह 29 सितंबर 22 को थाने पहुंची और सेंट्रल महिला थाने में केस दर्ज कराया। घटना की पूरी वारदात मुल्जिम के घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। तमाम साक्ष्यों और सबूतों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई और उस पर एक लाख 30 हजार जुर्माना भी लगाया।

# फंड नहीं आने से पलवल ब्लॉक के विकास कार्य बाधित

## ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा

**पदम सिंह घुघेरा।** पलवल


पवन कुमार।

> **विकास** के लिए फंड नहीं आने से पलवल ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में सभी प्रकार के विकास कार्य बाधित हैं। जिससे लोगों का जीवन नारकीय हो गया है।
>
> **-प्रदीप कुमार, ग्रामीण**
>
> **धन** की कमी से पलवल ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में सभी विकास कार्य पूरी तरह से बाधित हैं। जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही हैं।
>
> **-मनोज कुमार, ग्रामीण**
>
> **सरकार** ने पलवल ब्लॉक में नए विकास कार्यों के लिए अभी तक मंजूरी हीं दी है। जिससे विकास कार्य शुरू नहीं हो पाए हैं।
>
> **-पवन कुमार, उपमंडल अभियंता, पंचायती राज पलवल ब्लॉक**

**पलवल** ब्लॉक में सरकार द्वारा अभी तक कोई भी फंड उपलब्ध नहीं करवाने से सभी विकास कार्य बंद पड़े हैं। जिसकी वजह से पलवल ब्लॉक के ग्रामीणों में जिला प्रशासन के खिलाफ भारी रोष है। कार्य बाधित होने से ग्रामीण क्षेत्र में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। फिरनियों आदि का निर्माण नहीं होने से लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पलवल ब्लॉक में सरकार की तरफ से अभी तक नए विकास कार्य करने व पुरानों की मरम्मत आदि के लिए कोई फंड नहीं आए हैं। जिसकी वजह से गांवों में पुराने पंचायत घरों की हालात दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। वहीं गांवों में बनने वाली व्यायामशाला, फिरनियों, सड़कों, खेतों के लिए बनने वाले रास्ते, चौपालों की मरम्मत, नई चौपालों का निर्माण, गांव सचिवालय, नालियों आदि का निर्माण, जोहड़ों की चारदिवारी, नालियों व गलियों की सफाई आदि का कार्य नहीं हो पा रहे हैं।

जिससे ब्लॉक के गांवों में गलियां टूटी हुई हैं। वहीं नालियों के टूटने से पानी जगह-जगह गलियों में बहता रहता है। ग्रामीणों का कहना है पंचायत व ब्लॉक, जिला परिषद के चुनाव होने से लगा था कि ग्रामीण क्षेत्र का विकास कार्य तेज गति से होगा। परंतु उसका उल्टा हो रहा है। फंड नहीं आने से पुराने कार्य की मरम्मत नहीं हो पा रही है।

वहीं नए शुरू ही नहीं हो पा रहे है। जिससे ग्रामीणों को गांव के एक कोने से दूसरे कोने में आने-जाने में जहां दिक्कत हो रही है, वहीं सफाई का कार्य नहीं होने से ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रसाशन से बार-बार मांग के बाबजूद भी विकास कार्य शुरू नहीं किए जा रहे है।

ग्राम सचिवालयों का कार्य नहीं होने से पंचायतों को खुले में बैठकर पंचायत के फैसले लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों मे बंद पड़े विकास कार्यों के लिए तुरंत सरकार की तरफ से धन उपलब्ध करवाना चाहिए। जिससे ग्रामीणों के जीवन में सुधार हो सके।

# रन फोर यूनिटी के प्रतिभागियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल में मनाया गया जिला स्तरीय एकता दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल




**लौह** पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल में जिला स्तरीय एकता दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर रन फोर यूनिटी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी नेहा सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि किया। कार्यक्रम में जिला के युवा, बच्चे व बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान डीसी ने उपस्थिति को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलवाई।

डीसी ने रन फोर यूनिटी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ स्टेडियम से चलकर डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में जाकर संपन्न हुई। डीसी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को हर वर्ष पूरे देश में रन फोर यूनिटी का आयोजन किया जाता है। इसमें हजारों प्रतिभागी भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडिआद में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में भी भाग लिया। वर्ष 1928 में प्रांतीय सरकार ने किसानों के लगान में बढ़ोतरी कर दी थी, जिसे समाप्त करने के लिए किसानों ने आंदोलन किया। इस आंदोलन का नेतृत्व वल्लभभाई पटेल ने किया। इस आंदोलन में किसानों के सामने अंग्रेजों को झुकना पड़ा, तभी से उन्हें सरदार कहकर संबोधित किया जाने लगा। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाएं व शहर के आमजनों ने अधिक से अधिक संख्या में बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिला स्तरीय रन फोर यूनिटी नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम से शुरू होकर आगरा चौक, जिला नागरिक अस्पताल, महाराणा प्रताप भवन होते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में जाकर संपन्न हुई। इस दौड़ में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में एसडीएम शशि वसुंधरा द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इन प्रतिभागियों में अनु पुत्री राजेंद्र निवासी रामनगर ने लड़कियों की दौड़ में प्रथम स्थान, मोनिका निवासी घुघेरा ने दूसरा व दिया पुत्री नरेश निवासी घुघेरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में लड़कों की दौड़ में केशव तेवतिया पुत्र सतवीर निवासी जोधपुर ने प्रथम, राजू पुत्र निरंजन निवासी कुशक बड़ौली ने दूसरा तथा रवि पुत्र हुकम सिंह निवासी पलवल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसलीन कौर, नगराधीश द्विजा, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार, डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बाबूलाल शर्मा, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी व पुलिस विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# एनआईटी कार मार्केट में लगी आग, दुकान जलकर राख



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच पाया काबू

**मंगलवार** को तिकोना पार्क कार मार्केट की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते दुकान से आग की भीषण लपटें निकला शुरू हो गईं। आग लगने की सूचना पर दो नंबर चौकी पुलिस और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि आगजनी में किसी जानी नुकसान की सूचना नहीं है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह लगभग सात बजे कार को डेंट पेंट करने वाली दुकान में भयंकर आग लगी। आग का कारण कारपेंटर की गैस की टंकी फटना बताया गया। गनीमत यह रही कि किसी भी प्रकार से जानी नुकसान नहीं हुआ। आग को देख कर मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई।

जैसे ही दुकान में आग लगी तो लोग आग को देख कर वहां इकट्ठा हुए और आग को बुझाने की कोशिश करने लगे। लेकिन जब आग पर काबू नहीं हुआ तो उन्होंने नजदीक ही पुलिस थाने को सूचना दी। पुलिस प्रशासन को जैसे ही इस बारे में सूचना मिली तो वे लोग वहां पर पहुंचे और उन्होंने फायर ब्रिगेड को तुरंत बुलाया। पुलिस प्रशासन ने दमकल विभाग के साथ मिल कर आग पर काबू पाया।

# संक्षिप्त समाचार

## एनएसएस यूनिट ने राष्ट्रीय एकता की ली शपथ




**पलवल।** सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर एनएसएस यूनिट द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए शपथ ली तथा भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। स्वयंसेविकाओं ने अपने भाषण के माध्यम से राष्ट्र की एकता के बारे में अवगत कराया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी ने बताया कि इस दिवस को मनाने के पीछे कारण लोगों को एकजुट करना और समाज के उत्थान के लिए उनके विचारों से अवगत कराना है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रानी सांगवान ने स्वयंसेविकाओं को इस अवसर पर बताया कि हमें यह याद रखना चाहिए कि हम सभी एक ही देश के नागरिक है और हमें एक साथ मिलकर काम करना चाहिए। राष्ट्रीय एकता दिवस के दिन हम सभी को विभिन्नताओं को एकता में बदलने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर 85 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्मी गुप्ता, शुभ्रा, डॉ. वर्षा कौषिक, बबीता फौजदार इत्यादि उपस्थित थीं।

## पार्क अस्पताल ट्रांसपोर्टर्स के खिलाफ आरडब्ल्यूए ने ज्ञापन सौंपा



**फरीदाबाद।** आरडब्ल्यूए ब्लाक-डी2 व आरडब्ल्यूए ब्लॉक-जे के निवासियों ने ब्लॉक के संरक्षक पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बीसला, वरिष्ठ अधिवक्ता पीके मित्तल, बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट के नेतृत्व में उपायुक्त के नाम सुप्रीटेंडेंट गजराज सिंह को ज्ञापन सौंपा। पार्क अस्पताल वाली रोड पर अतिक्रमण व ट्रांसपोर्ट को लेकर काफी समय से सेक्टरवासी परेशानी झेल रहे हैं। ब्लॉक डी-2 के प्रधान जगजीत सिंह नैन, ब्लॉक जे के प्रधान गिरधारीलाल मित्तल ने कहा कि पार्क अस्पताल सेक्टर-10 में बना हुआ है, जिसमें हजारो लोगों का आना-जाना लगा रहता है। अस्पताल में आने वाले डॉक्टर, नर्स, स्टाफ व बीमार लोगों के परिवारजन सड़क पर ही अपने वाहनों को छोड़ जाते हैं। जिसकी वजह से दोनों ब्लॉकों के निवासियों को निकलने में बड़ी परेशानी होती है। सारा दिन रोड के ऊपर धूल मिट्टी उड़ती रहती है, इससे पहले कई हादसे हो चुके हैं। उनके ट्रॉलाओं के अंदर पॉवर होर्न लगे होते हैं जो ध्वनि प्रदूषण फैलाते हैं। जिसकी वजह से बुजुर्गों के बहरे होने की संभावना हो जाती है तथा ड्राइवर व क्लीनर जो करीब 50-60 की संख्या है, जोकि खुले में शोच करते और वातावरण को दूषित करते हैं। इस मौके पर महासचिव तेज सिंह सैनी, सतीश अग्रवाल, रमेश चांदना, अनिल कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## एसडी कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

**फरीदाबाद।** एसडी कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की याद में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ डॉ. जेके शर्मा के स्वागत भाषण से हुआ। विद्यार्थियों ने मेरा भारत जय भारत जीत से अतिथियों का स्वागत किया। मेरा माटी मेरा देश विषय पर गवर्नमेंट कॉलेज होडल के डॉक्टर गुरनाम ने अपना व्याख्यान दिया। बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक से डॉक्टर नवदीप बीसला ने स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पर अपने विचार रखे और बताया कि स्वयंसेवक समाज में रहकर किस प्रकार अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने मीडिया के माध्यम से विद्यार्थी किस प्रकार सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त कर सकते हैं और उसके नकारात्मक विषय पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में डॉ. हरदीप ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में शालिनी, चंचल, सोनिया, पूजा आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## कॉलेज में एंटी रैगिंग पर की चर्चा



**फरीदाबाद।** सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च ने को छात्रों के लिए एंटी-रैगिंग अवेयरनेस पर एक चर्चा का आयोजन किया। चूंकि रैगिंग एक खतरा है, पूरे भारत में कई छात्रों के लिए डर और सदमे का कारण है, डॉ. राजीव चुघ सदस्य डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया ने रैगिंग को नियंत्रित करने के उपायों पर चर्चा के लिए को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। बातचीत का उद्देश्य रैगिंग विरोधी जागरूकता पैदा करना था। प्राचार्य डॉ. सीएम मढिया, सीईओ डॉ. विशाल जुनेजा, एंटी रैगिंग कमेटी और अन्य सम्मानित संकाय सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस वार्ता में स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों के छात्रों ने भाग लिया। बातचीत का समापन रैगिंग को न कहें आह्वान के साथ हुआ।

## बीके चौक के पास लगी आग से छाए धूएं के गुबार

**फरीदाबाद।** बीके चौक के पास अज्ञात लोगों ने कूड़े के ढेर में आग लगा दी। जिसकी वजह से चारों तरफ धूंआ ही धूंआ हो गया। आसपास के लोगों को सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा रोक के बाबजूद कूड़े के ढेर में आग लगाने का सिलसिला रूक नहीं रहा है। जिससे फरीदाबाद में प्रदूषण का स्तर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि आग लगाने व प्रदूषण को दूषित करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाई करनी चाहिए। जिससे फरीदाबाद शहर को प्रदूषण के मामले में एक नंबर पर पहुंचने से रोका जाए।

# चेतावनी रैली में शामिल होने के लिए बनाई रणनीति



**पलवल।** तीन नवंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में आयोजित चेतावनी रैली को सफल बनाने के लिए सर्व कर्मचारी संघ ने मंगलवार को जिले के विभागों में संपर्क आभियान चलाया। संपर्क अभियान में जिला प्रधान राजेश शर्मा, खंड पलवल के प्रधान राजकुमार डागर, सचिव हरकेश सौरोत और प्रहलाद मुख्य रूप से शामिल रहे। रामलीला मैदान में प्रतावित रैली ऐतिहासिक होगी और देश के लाखों कर्मचारी इसमें शामिल होंगे। इस रैली का आह्वान अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ, कंफेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एंपलाइज एंड वर्कर्स, स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया व अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन ने संयुक्त रूप से किया है। इस रैली का बैंक, रेलवे, इंश्योरेंस व डिफेंस के कर्मचारी संगठनों ने भी समर्थन करने का ऐलान कर दिया है। रैली के माध्यम से कर्मचारी सरकार पर पुरानी पेंशन बहाली और रेगुलराइजेशन की नीति बनाने की मांग करेंगे।

# पशुओं के बेहतर इलाज के लिए होगा पोली क्लीनिक का निर्माण

## क्लीनिक में पशुओं के ऑपरेशन के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं होंगीं

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल




> **पशुओं** के इलाज के लिए पलवल में पोली क्लीनिक का निर्माण होगा। क्लीनिक में पशुओं के सभी प्रकार के ऑपरेशन हो सकेंगे।
>
> **-चंद्रभान सोनी, उपनिदेशक, पशु पालन विभाग**

**पलवल** व आसपास के नूंह और फरीदाबाद जिलों के पशु पालकों के पशुओं को बेहतर चिकित्सा की सुविधा देने के लिए पलवल में पोली क्लीनिक बनाया जाएगा। इस पोली क्लीनिक में पशुओं के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा होगी। क्लीनिक में पशुओं के सभी प्रकार के ऑपरेशन की भी सुविधा रहेगी। इस क्लीनिक मे पशुओं के एक्सरे और दूसरी सारी सुविधा भी मौजूद रहेंगीं। क्लीनिक के निर्माण पर लगभग 12 करोड़ की लागत आयेगी। अब तक पशुओं की सर्जरी आदि के लिए हिसार में ही एकमात्र यह सुविधा थी।

पोली क्लीनिक बनाने के लिए रसूलपुर पंचायत की तरफ से रेजुलेशन पास करके जमीन उपलब्ध करवाई है। यहीं पर पोली क्लीनिक में गाय, भैंस, बकरी, भेड, ऊंट, घोड़ा, खच्चर, कुत्ता आदि के बीमार पड़ने पर ऑपरेशन की सुविधा होगी। क्लीनिक में पशुओं के इलाज के लिए सभी प्रकार के उपकरण भी मौजूद होंगे। उपकरणों से पशुओं की हर प्रकार की जांच हो सकेगी। जिसमें पशुओं के एक्सरे और दूसरी जांच हो सकेगी।

क्लीनिक में आधुनिक उपकरण होने से पशुओं के पेट, सिर, दिमाग, हाथ, पैर, आंतों की जांच हो सकेगी। क्लीनिक में सर्जरी के लिए भी चार पशु सर्जन हर समय उपलब्ध होंगे, जो पशुओं का बेहतर इलाज कर सकेंगे। पोली क्लीनिक बनने के बाद लाखों पशु पालकों को फायदा होगा।

# कांग्रेस सरकार बनने पर शहरों की तर्ज पर होगा गांवों का विकास : ललित नागर

## पूर्व विधायक ने गांवों में पैदल पदयात्रा निकालकर सुनीं लोगों की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**तिगांव** क्षेत्र की बदहाली को लेकर पूर्व विधायक एवं नूंह के प्रभारी ललित नागर द्वारा शुरू की गई पदयात्रा का सिलसिला अब गांवों की ओर चल पड़ा है। पदयात्रा के दौरान ललित नागर ने गांव टिकावली और सुभाष नगर में पैदल पदयात्रा निकालकर लोगों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को जाना।

इस दौरान लोगों ने पूर्व विधायक ललित नागर के समक्ष बिजली के अनाश-शनाप बिलों को भेजने, पानी की निकासी न होने के कारण जलभराव रहने और जलजलित बीमारियां फैलने, राशन कार्ड से सही पात्रों का नाम काटे जाने और पीने के पानी की समस्या को विस्तारपूर्वक बताया। लोगों ने बताया कि पिछले नौ सालों के दौरान उनकी समस्याएं तो बढ़ी हैं, लेकिन समाधान कहीं नहीं हुआ। लोगों ने अपना दुखड़ा रखते हुए बताया कि न विधायक और न ही प्रशासनिक अधिकारी उनकी समस्याओं को कोई तवज्जो देते हैं, जिसकी चलते वह नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे हैं। लोगों ने बताया कि टिकावली, रिवाजपुर व बादशाहपुर पहले ग्राम पंचायत में होते थे तो यहां विकास के काम होते रहते थे, नालियों की साफ-सफाई होती रहती थी, लेकिन जब से यह गांव नगर निगम में गए हैं, तब से आज तक न कोई सफाई कर्मचारी आया है, न कोई नगर निगम का अफसर आया है, हम कहीं के भी नहीं रहे हैं। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद ललित नागर ने कहा कि भाजपा सरकार इतिहास की सबसे कमजोर सरकार साबित हुई है, जो सरकार लोगों को जनसुविधाएं तक उपलब्ध न करवा पाए, भला ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का क्या अधिकार है? उन्होंने कहा कि केवल घोषणाओं से विकास नहीं होता, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्य करने से विकास होता है और भाजपा केवल घोषणाओं की सरकार है। श्री नागर ने कहा कि गांवों में भारत बसता है, लेकिन भाजपा ने गांवों को नगर निगम में शामिल करके उनकी भी दुर्गति कर दी है। जहां पहले ग्राम पंचायतें गांवों में विकास करती थीं, लेकिन अब यहां भी लोग समस्याओं से ग्रस्त हो चुके हैं और प्रशासन व सरकार को कोसने लगे हैं। उन्होंने कहा कि जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, उस दौरान हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए जाते थे, गरीबों को जहां 100-100 वर्ग गज के मुफ्त प्लाट दिए गए, वहीं बिजली, पानी, सीवरेज व जलनिकासी जैसी समस्याओं का समय रहते समाधान करवाय जाता था, लेकिन इस सरकार में लोगों की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। जिसके चलते लोग बदहाली का शिकार होकर रह गए हैं। श्री नागर ने लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश से भाजपा सरकार का जाना तय है और हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर शहरों की तर्ज पर गावों का विकास किया जाएगा और गांवों का खोया हुआ स्वरूप लौटाने का काम किया जाएगा।

# चोरों ने खंगाला घर, 60 हजार और गहने चोरी

**पलवल।** चोरों ने एक किसान के खेतों पर शेड में खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली को चोरी कर लिया, वहीं एक मकान से ताला तोड़कर नकदी व लाखों रुपए के जेवरात चुरा लिए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, धतीर गांव निवासी सीताराम ने दी शिकायत में कहा है कि वह ड्यूटी से घर लौटा तो उसकी पत्नी पड़ोस से दूध लेकर वापस घर पहुंची। देखा तो मकान के मुख्य गेट के दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर जाकर देखा तो अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था। अलमारी से 60 हजार रुपये, सोने की चेन, एक जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी टॉप्स, एक अंगूठी व चांदी के पाजेब गायब थे। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में गांव के ही तीन लोगों के नाम दिए हैं। जिन पर चोरी का शक जताया है। क्योंकि इन्हें घर के आसपास घूमते हुए देखा गया था। वहीं, गदपुरी थाना क्षेत्र के कलवाका गांव निवासी हेमराज ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली को खेतों में शेड में खड़ा करके गांव में घर आया हुआ था।

# 20 से 21 नवंबर तक होगा जिला स्तरीय युवा महोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



> **विभाग** द्वारा गाइडलाइन जारी कर दी गई है। आईटीआई, कॉलेज, स्कूलों के शिक्षक इसी आधार पर युवा महोत्सव के लिए विद्यार्थियों की तैयारी करवा सकते हैं। जिला पलवल में 20 और 21 नवंबर को जिला स्तरीय युवा महोत्सव होगा। जिसमें 15 से 29 वर्ष तक के प्रतिभागी युवा भाग ले सकते हैं।
>
> **-भगत सिंह, प्रधानाचार्य कम जिला यूथ कोऑर्डिनेटर ऑफिसर जिला पलवल**

**जिला** स्तरीय और राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में प्रतिभागी समूह लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, एकल गीत, समूह गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, फोटोग्राफी, बस एक मिनट तात्कालिक विषयगत प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। लोकगीत में फिल्मी गीत मान्य नहीं होंगे।

समूह लोक नृत्य में अधिकतम 10 प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। इनमें युवा और युवतियां अलग-अलग या मिश्रित होकर भी प्रस्तुति दे सकेंगे। एक ग्रुप में 10 से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा नहीं ले सकते। समूह नृत्य के लिए अधिकतम 15 तो एकल के लिए पांच मिनट का समय निर्धारित किया गया है। पांच-पांच मिनट अतिरिक्त स्टेज की साज सज्जा के लिए दिए जाएंगे। प्रतिभागी केवल परंपरागत लोक नृत्य या भारतीय शैली लोक नृत्य में प्रस्तुति दे सकते हैं। बेली डांस की प्रस्तुति मान्य नहीं होगी। इतना ही नहीं पहले से रिकॉर्ड किए गए संगीत की अनुमति भी नहीं होगी। एकल लोक नृत्य में भी बेली डांस की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए अधिकतम सात मिनट का समय निर्धारित किया गया है। उसमें भी मंच साज सज्जा के लिए पांच मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। समूह लोकगीत की बात करें तो भारतीय गीतों में से होना चाहिए, जोकि किसी भी क्षेत्रीय भाषा में हो सकता है। कोई फिल्मी गाना मान्य नहीं होगा। समूह लोकगीत का अधिकतम समय सात मिनट रहेगा।

कहानी लेखन में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में एक प्रतिभागी एक ही एंट्री दे सकता है। यह एंट्री उसकी अपनी होनी चाहिए। स्टोरी लेखन का अधिकतम समय एक घंटा निर्धारित किया गया है। जबकि शब्द सीमा 1000 से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। पोस्टर मेकिंग का अधिकतम समय 90 मिनट रहेगा। पोस्टर कम से कम तीन साइज पर बनाया जाना चाहिए। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रतिभागी युवा दो एंट्री करवा सकते हैं। प्रगतिशील भारत, आत्मनिर्भर भारत, योग-खेल, फिटनेस के लिए शारीरिक गतिविधियां, प्राकृतिक दृश्य, यह विषय फोटोग्राफी प्रतियोगिता के लिए निर्धारित किए गए हैं।

## वायु प्रदूषण
### चिन्ता का विषय

**वायु** गुणवत्ता बहुत खराब होना दिल्ली-एनसीआर के लिए गंभीर चिन्ता का विषय है, जबकि पराली जलाने की घटनायें कम हुई हैं। वायु प्रदूषण का भयानक राक्षस एक बार फिर राष्ट्रीय राजधानी को परेशान कर रहा है और यह जैसे एक वार्षिक मामला बन गया है। जाड़े में दिल्लीवासियों को 'बहुत खराब' हवा में सांस लेना और जीना पड़ता है। भारत की राजधानी बहुत लंबे समय से वायु प्रदूषण के मुद्दे से जूझ रही है, लेकिन इससे बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं नजर आता है। वर्तमान समय में भी दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' बनी हुई है तथा वायु गुणवत्ता सूचकांक-एक्यूआई 300 का आंकड़ा पार कर चुका है। यह स्थिति चिन्ता का कारण है क्योंकि शहर वायु प्रदूषण से प्रभावी रूप से निपट नहीं पा रहा है। विडंबना है कि इस बार हरियाणा और पंजाब के किसानों द्वारा पराली जलाने की घटनायें लगभग 50 प्रतिशत ही रह गई हैं, पर एक्यूआई अब भी 300 के पार है। अमेरिका में इसे 'खतरनाक' माना जाता है और ऐसा होने पर 'आपातस्थिति' घोषित हो जाती है। लेकिन दिल्ली में यह 'सामान्य' है और लोग अपने दिन-प्रतिदिन के जीवन में स्मोग का सामना करते रहते हैं। इसे रोकने के सड़कों पर दिखने वाले प्रयासों में बस कुछ पानी छिड़कने वाले ट्रक हैं जो पानी छिड़क कर शहर में प्रदूषण से लड़ने का प्रयास करते हैं। वर्तमान समय में भी एक्यूआई बढ़ रहा है। इससे संकेत मिलता है कि नवंबर में प्रवेश के समय वायु गुणवत्ता खराब हो रही है जो दिल्ली में सबसे बुरे महीनों में से एक है। दिल्ली के भीतर कुछ क्षेत्रों में स्थिति और ज्यादा खतरनाक है। दिल्ली विश्वविद्यालय क्षेत्र में एक्यूआई 316 है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता समस्या केवल शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि पड़ोसी क्षेत्र



भी 'खराब' वायु गुणवत्ता का सामना करते हैं। इनमें गुरुग्राम, गाजियाबाद व फरीदाबाद शामिल हैं। वास्तव में एनसीआर का सामूहिक वायु प्रदूषण मुद्दे का समग्र क्षेत्रीय समाधान होना चाहिए और ऐसा होने पर ही जीवन को खतरे में डालने वाली समस्या दूर हो सकती है।

ऐसा पहली बार नहीं है कि वाहनों से निकलने वाले धुंए व पराली जलाने के कारण जाड़े में खराब हवा एनसीआर में लोगों का जीवन संकट में डाल रही है। लेकिन इससे निपटने की कोई योजना नहीं है। सौभाग्य से पिछले साल की तुलना में पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनायें कम हुई हैं। लेकिन विपरीत मौसमी स्थितियां जल्द ही वायु प्रदूषण बढ़ाने का काम कर सकती हैं। अभी फसल पकी नहीं है तथा त्योहार का मौसम भी इस साल देर में आ रहा है, जब एक्यूआई काफी बढ़ सकता है। भूविज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता व मौसम पूर्वानुमान एवं शोध व्यवस्था-सफर दिल्ली के वायु प्रदूषण में पराली जलाने के बारे में डेटा देती थी, पर हाल में उसने अपडेट देना बंद कर दिया है। इसका कारण स्पष्ट नहीं है, पर इससे प्रदूषण से प्रभावी रूप से निपटने में बाधा आती है। नई दिल्ली नगर निगम-एनडीएमसी ने मैकेनिकल रोड स्वीपर्स तथा आठ एंटी-स्मोग गन 2023-24 की समग्र 'वायु प्रदूषण नियंत्रण' योजना में लगाई हैं। लेकिन क्या ये 1483 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले शहर के लिए काफी हैं? इसका जवाब निश्चित रूप से 'नहीं' है। ये मामूली कदम हैं जिनका एक्यूआई पर कोई खास असर नहीं पड़ता है। अधिकारी जानते हैं कि जाड़ा बीतने पर लोगों की शिकायतें समाप्त हो जाएंगी। लेकिन नागरिकों व खासकर श्वसन रोगों से ग्रस्त नागरिकों की स्थिति इतनी खराब है कि उनके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है।

# टैक्स-जीडीपी अनुपात में संतुलन

**बेहतर टैक्स संग्रह ढांचागत संरचनाओं तथा जन-कल्याणकारी योजनाओं में निवेश बढ़ाने के लिए जरूरी है। टैक्स-जीडीपी अनुपात 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य सामने रखना चाहिए।**

**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)





अतीत में अनिवार्य रूप से संबंधित वित्त वर्ष के लिए संशोधित अनुमान-आरई बजट अनुमान-बीई से कम होता था। पिछले दो साल में यह स्थिति उलट गई है जब आरई बीई से अधिक रहा है। वास्तव में वर्तमान वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह प्रवृत्ति बनी हुई है जिसे मोदी सरकार की सफलता कहा जा सकता है। सकल कर राजस्व-जीटीआर में सकल प्रत्यक्ष कर राजस्व-जीडीटीआर, जीएसटी संग्रह, केन्द्रीय एक्साइज़ ड्यूटी-सीईडी व कस्टम ड्यूटी-सीडी शामिल हैं। वित्त वर्ष 2021-22 में जीटीआर के लिए बीई 22,20,000 करोड़ रुपये था। इसके उलट आरई 25,20,000 करोड़ रुपये था। 1 फरवरी, 2022 को प्रस्तुत 2022-23 के बजट में इसका उल्लेख था जिसमें पहले दस महीने के वास्तविक आंकड़े तथा वित्त वर्ष के अगले दो महीने का अनुमान शामिल था। यह 300,000 करोड़ रुपये अधिक था।

वास्तव में 27,10,000 करोड़ का अनुमान आरई से 1,90,000 करोड़ रुपये अधिक था। बीई से तुलना करने पर यह 490,000 करोड़ रुपये अधिक था। 2022-23 के लिए निर्मला सीतारमण ने जीटीआर के लिए बीई 27,60,000 करोड़ रखा था। इसके उलट आरई 30,40,000 करोड़ था जो 280,000 करोड़ अधिक था। 'वास्तविक' 30,50,000 करोड़ आरई से भी 10,000 करोड़ अधिक था। बीई से तुलना करने पर वास्तविक 290,000 करोड़ अधिक था। इस प्रकार अतिरिक्त धनराशि 380,000 करोड़ अधिक होती, पर मई, 2022 में पेट्रोल व डीजल पर सीईडी में कटौती के कारण लगभग 90,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान उठाना पड़ा। वर्तमान वित्त वर्ष के लिए सीतारमण ने जीटीआर के लिए बीई 33,50,000 करोड़ रखा है जिसमें जीडीटीआर 1823,000 करोड़, जीएसटी 957,000 करोड़, पेट्रोलियम उत्पादों पर सीईडी 339,000 करोड़ तथा आयात पर सीडी 233,000 करोड़ रुपये है।

1 अप्रैल से 9 अक्टूबर, 2023 तक जीडीआर 957,000 करोड़ रुपये था जो पिछले वित्त वर्ष के इसी समय की तुलना में 11.6 प्रतिशत अधिक था। इसका कारण व्यक्तिगत आयकर-पीआईटी में तेजी से 32.5 प्रतिशत वृद्धि तथा कार्पोरेट आयकर-सीआईटी संग्रह में 12.4 प्रतिशत वृद्धि है। इस गति से इस साल जीडीटीआर 1900,000 करोड़ हो सकता है जबकि बीई 1823,000 करोड़ रुपये था। इसी प्रकार वर्तमान वित्त वर्ष की पहली छमाही में कुल केन्द्रीय जीएसटी संग्रह 424,000 करोड़ था जो पिछले वित्त वर्ष के इसी समय की तुलना में 15.9 प्रतिशत तथा बीई में अनुमानित वृद्धि से 12 प्रतिशत अधिक था।

इस गति से कुल केन्द्रीय जीएसटी संग्रह 957,000 करोड़ के बीई से आगे निकल सकता है। जहां तक पेट्रोलियम उत्पादों पर सीईडी का सवाल है, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पेट्रोल या डीज़ल पर ड्यूटी घटाने की किसी और संभावना से इनकार किया है, इसलिए इस मद में संग्रह में कोई कमी नहीं आएगी। ऐसे में सवाल उठता है कि पिछले तीन सालों में कर संग्रह में असाधारण वृद्धि का क्या कारण है? इस संबंध में दो तत्व सामने आते हैं। पहले का संबंध जीडीपी में वृद्धि है। चूंकि कर जीडीपी में योगदान करने वाले विभिन्न क्षेत्रों में आय-सृजन गतिविधियों के मूल्य पर आधारित होते हैं, इसलिए उनका संग्रह भी बढ़ता है। 2021-22 में जीडीपी में 18.4 प्रतिशत वृद्धि हुई जो बीई में अनुमानित 14.4 प्रतिशत से अधिक थी। इसी प्रकार 2022-23 में जीडीपी वृद्धि बजट में अनुमानित 10.3 प्रतिशत से 5.6 प्रतिशत अधिक 15.9 प्रतिशत रही। दूसरे आयाम का संबंध कर-जीडीपी अनुपात से है। यदि जीडीपी की तुलना में यह अनुपात अधिक हो तो कर संग्रह अधिक होगा।

2021-22 में वास्तविक कर-जीडीपी अनुपात 11.5 प्रतिशत था जबकि बजट में यह अनुमान 9.9 प्रतिशत था। इसी प्रकार 2022-23 में कर-जीडीपी अनुपात 11.2 प्रतिशत था, जबकि बजट में अनुमान 10.7 प्रतिशत था। दोनों वर्षों में कर संग्रह में अभूतपूर्व वृद्धि जीडीपी में अनुमान से अधिक वृद्धि तथा कर-जीडीपी अनुपात में वृद्धि थी। 2023-24 के लिए वित्त मंत्री ने जीडीपी वृद्धि 10.5 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। वर्तमान वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वास्तविक वृद्धि 8 प्रतिशत थी, जबकि 2022-23 के लिए इसका अनुमान 15.9 प्रतिशत था। दूसरी तिमाही में भी स्थिति अलग नहीं दिख रही है। इसके बावजूद वर्तमान वित्त वर्ष की पहली छमाही में बीई अनुमान से ज्यादा तेजी से बढ़ रहा था। इसका संबंध कर-जीडीपी अनुपात अधिक होने से है। इसके लिए बजट अनुमान 11.1 प्रतिशत था। सीआईटी दर नए विनिर्माण उद्यमों के लिए तेजी से घटा कर 15 प्रतिशत तथा वर्तमान फर्मों के लिए 22 प्रतिशत की गई है। इसे देखते हुए उच्च कर-जीडीपी अनुपात को सही ठहराया जा सकता है। इसी प्रकार 2023-24 के बजट में पीआईटी घटाने की घोषणा के साथ ही समय-समय पर जीएसटी दरें भी घटाई गई हैं।

इस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में कर रियायतों के बावजूद पिछले दो साल से कर संग्रह बढ़ना मोदी सरकार की उल्लेखनीय व प्रशंसनीय उपलब्धि है। पिछले नौ साल में मोदी सरकार ने कर चोरी रोकने तथा लोगों द्वारा विभिन्न मदों पर खर्च के डेटा एकत्र करने का उल्लेखनीय काम किया है। सरकार के कर संग्रह बढ़ने का प्रमुख कारण कर अधिकारियों द्वारा नियमों के क्रियान्वयन पर लगातार जोर देना तथा करापवंचन रोकने के लगातार जारी प्रयास हैं। प्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर तकनीक का सफल प्रयोग कर बिना परेशान किए नए करदाताओं तक पहुंचने का प्रयास किया गया है। इसमें रिटर्न फाइल न करने पर ईमेल भेजना या 'आटो-पापुलेटेड' फार्म का प्रयोग है। इस फार्म में आयकरदाता की विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आय को पहले से ही भर दिया जाता है। खासकर डेटा एनालिटिक्स व एआई के प्रयोग से आय का सही आंकलन किया जा रहा है और कम कर अदायगी से बचा जा रहा है। एसबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, आंकलन वर्ष-एवाई 2011-12 में कुल 16 मिलियन लोगों ने आईटीआर भरा था जिसमें से 84 प्रतिशत 500,000 रुपये आयवर्ग में शामिल थे।

एवाई 2022-23 में 68.5 मिलियन लोगों ने आईटीआर भरा जिनमें 500,000 रुपये आय वर्ग वालों की संख्या घट कर 64 प्रतिशत रह गई थी। 10 मिलियन से अधिक आय दिखाने वाले कुल आईटीआर की संख्या एवाई 2021-22 में 146,000 से बढ़ कर 2023-24 में 269,000 हो गई। विभिन्न स्रोतों से खर्च के आधार पर एकत्रित डेटा के अनुसार आयकर विभाग इस वर्ग में ज्यादा से ज्यादा लोगों पर टैक्स लगाने का प्रयास कर रहा है। परोक्ष कर के मोर्चे पर कर अधिकारी जीएसटी ढांचा मजबूत करने के प्रयास कर रहे हैं जिसमें सभी बिजनेसों को जीएसटी नेटवर्क का हिस्सा बनाने पर जोर दिया जा रहा है। सभी लेनदेन की ईमानदारी से रिपोर्टिंग तथा इन्पुट टैक्स क्रेडिट या आईटीसी में धोखाधड़ी से बचने के प्रयास किए जा रहे हैं। 2022-23 में उन्होंने 101,000 करोड़ का जीएसटी करापवंचन पकड़ा तथा 21,000 करोड़ रुपये जब्त किए। वर्तमान वित्त वर्ष में उन्होंने अब तक 136,000 करोड़ रुपये का करापवंचन पकड़ा है और उनको 50,000 करोड़ रुपये वसूल करने की उम्मीद है।

इनमें से 14,108 करोड़ रुपये की वसूली अब तक की जा चुकी है। ऐसे अनेक प्रयास किए जाने चाहिए जिनमें कर व्यवस्था का तार्किकीकरण शामिल है ताकि कर चोरी के और रास्ते बंद किए जा सकें। उदाहरण के लिए, ई-गेमिंग पर 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाने का निर्णय स्वागत योग्य है। केवल इस एक कदम से हर साल 100,000 करोड़ रुपये से अधिक कर प्राप्त किया जा सकता है। कर संग्रह की उपरोक्त तथा अनेक अन्य संभावनाओं को देखते हुए मोदी सरकार को कर-जीडीपी अनुपात कम से कम 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य सामने रखना चाहिए। आर्थिक क्षेत्र में सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदमों की तेजी को देखते हुए यह लक्ष्य प्राप्त करना पूर्णतः संभव है।

# पोलैंड में वाम-उदारवादी गठबंधन की वापसी

**"पोलैंड के मतदाता न केवल राजनीतिक रूप से, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी देश की दिशा में बदलाव लाना चाहते हैं।"**

**राजेश कुमार सिंह**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



आठ साल से लगातार सरकार चला रही दक्षिणपंथी लॉ एंड जस्टिस पार्टी को पोलैंड के संसदीय चुनाव में बड़ा झटका लगा है। क्योंकि उन्हें हार का सामना करना पड़ रहा है। अगर वोट प्रतिशत की बात करें तो उसे अधिकतम 36 फीसदी वोट मिले हैं और उसके संभावित सहयोगी धुर दक्षिणपंथी कन्फेडरेशन को 7 फीसदी वोट मिले हैं, लेकिन तीन दलों के विपक्षी गठबंधन यानी सिविल गठबंधन को 53 फीसदी वोट मिले हैं। पोलैंड की मौजूदा संसद में 460 सीटें हैं और बहुमत के लिए 231 सीटों की जरूरत है। पोलिश राजनीति में इस वक्त इतना ध्रुवीकरण है कि इस बार 74 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ, जो 1919 के बाद सबसे ज्यादा है। साल 1989 में कम्युनिस्ट को हटाने के लिए हुए चुनाव में सिर्फ 63 फीसदी वोट पड़े थे नियम। पोलैंड के चुनावों में सबसे प्रभावशाली मुद्दों में मीडिया और न्यायपालिका में सत्ता के प्रति सरकार का पूर्वाग्रह, दक्षिणपंथी संकीर्णता के कारण परिवारों और समाज में विभाजन और सरकारी नीतियों के कारण यूरोपीय संघ द्वारा वित्तीय आवंटन रोकने से उत्पन्न समस्याएं शामिल हैं। अगर चुनौतियों की बात करें तो वर्तमान सरकार ने युद्ध में यूक्रेन का पूरा समर्थन किया है, लेकिन यूक्रेनी अनाज को पोलिश बाजार में प्रवेश की अनुमति देने के कारण संबंध भी खराब हो गए हैं। अगली सरकार के लिए यह बड़ा मुद्दा होगा. बेलारूस सीमा पर तनाव भी एक बड़ी चुनौती है. फिलहाल सबसे बड़ी राहत यूरोपीय संघ को दी गई है, जिसके खिलाफ निवर्तमान सरकार समय-समय पर मोर्चा खोलती रही है।

चुनाव के तीस दिनों के भीतर राष्ट्रपति को संसद का सत्र बुलाना होता है और प्रधानमंत्री की नियुक्ति करनी होती है। पोलिश राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने विपक्षी नेता डोनाल्ड टस्क और वर्तमान प्रधान मंत्री माट्यूज़ मोराविएकी को नई सरकार में प्रधान मंत्री के उम्मीदवार के रूप में नामित किया है। लेकिन संभावित प्रधानमंत्री के तौर पर डोनाल्ड टस्क पहले भी प्रधानमंत्री रह चुके हैं. वह यूरोपीय परिषद के प्रमुख भी रह चुके हैं। उनके गठबंधन की जीत और उनका प्रधानमंत्री बनना यूरोप के उदारवादी खेमे के लिए राहत की बात है, जो हाल के वर्षों में भ्रमित और एजेंडा-विहीन दिख रहा है. टस्क, जो 2007 और 2014 के बीच पोलिश प्रधान मंत्री थे और फिर पांच साल के लिए यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष बने, ने एक एग्जिट पोल के आधार पर रविवार को मतदान समाप्त होने के कुछ ही मिनटों के भीतर अपनी जीत की घोषणा की। उन्होंने कहा, यह बुरे समय का अंत है, यह पीआईएस शासन का अंत है। क्या इस दिशा में सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक तौर पर कोई बड़ा बदलाव आएगा? अब यह स्पष्ट है कि पोलैंड के मतदाताओं ने तय कर लिया है कि वे न केवल राजनीतिक रूप से, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी देश की दिशा में बदलाव चाहते हैं।



चुनाव में देश की संवैधानिक व्यवस्था का स्वास्थ्य, एलजीबीटीक्यू+ अधिकारों और गर्भपात पर इसका कानूनी रुख और देश के विदेशी गठबंधन दांव पर थे क्योंकि रूस द्वारा पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद यूक्रेन एक प्रमुख सहयोगी रहा है। अगर हम जन भावनाओं की बात करें तो एलजीबीटीक्यू अधिकार कार्यकर्ता बार्ट स्टैसजेव्स्की ने इसे एक समलैंगिक पुरुष के रूप में अपने लिए और दूसरों के लिए एक बुरे सपने का अंत बताया। यह हमारे देश को पुनः प्राप्त करने की शुरुआत है। लड़ाई आगे है लेकिन अब हम आज ताजी हवा में सांस ले रहे हैं। पर्यावरण कार्यकर्ता डोमिनिका लासोटा राहत से भावुक थीं और उन्होंने कहा, हमारा अपना भविष्य है।

कानून और न्याय ने अदालतों, सार्वजनिक मीडिया और चुनावी प्रक्रिया सहित राज्य संस्थानों पर अधिक नियंत्रण हासिल करने के लिए नियंत्रण और संतुलन को खत्म कर दिया है।

चुनाव परिणाम यूरोपीय संघ के साथ संबंधों में बेहतरी की ओर बदलाव दर्शाते हैं। पोलैंड में राजनीतिक परिवर्तन यूरोपीय संघ के लिए अरबों यूरो की फंडिंग जारी करने का रास्ता खोल सकता है जिसे यूरोपीय संघ लोकतांत्रिक क्षरण के रूप में देखता है। यूक्रेन के साथ पोलैंड के संबंधों का भाग्य भी दांव पर था। जिसके लिए अब एक स्पष्ट नीति और रेखा खींचनी होगी। अब आप्रवासन पर जनमत संग्रह फ्लॉप हो सकता है। चुनाव के साथ-साथ प्रवासन, सेवानिवृत्ति की आयु और अन्य मुद्दों पर एक विवादास्पद जनमत संग्रह आयोजित किया गया था, जिसमें सरकार चाहती थी कि लोग यूरोपीय संघ प्रवासन योजना के हिस्से के रूप में हजारों प्रवासियों को स्वीकार करने के लिए मतदान करें।

इसे लेकर कुछ सरकारी विरोधियों ने मतदाताओं से जनमत संग्रह का बहिष्कार करने का आह्वान करते हुए कहा था कि यह सरकार द्वारा अपने समर्थकों को प्रेरित करने का एक प्रयास है। कई मतदाताओं को जनमत संग्रह में भाग लेने से इनकार करते देखा गया और एग्जिट पोल में 40 फीसदी भागीदारी का अनुमान लगाया गया, जिसका मतलब था कि परिणाम कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होंगे। कमोबेश इस चुनाव परिणाम के दूरगामी प्रभाव अब भविष्य के गर्भ में हैं।

## आप की बात

### नौसैनिकों की रिहाई

**कतर** की एक कंपनी में काम कर रहे भारत के भूतपूर्व नौसैनिकों को गत वर्ष जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया और मुकदमा चलाकर उन्हें फांसी की सुनाई। इस प्रकार कुवैत सरकार के लिए काम करने वाले भारत के पूर्व नौसैनिकों को सजा देना बिल्कुल गलत है। भारत सरकार ने कहा है कि वह इस फैसले को चुनौती देगी तथा उनकी रिहाई के सभी संभव उपाय करेगी। लेकिन इन भारतवंशियों को उनके परिजनों से बात करने और मिलने तथा उन्हें सफाई का कोई अवसर न देना न्याय के किसी सिद्धान्त पर सही नहीं कहा जा सकता है। हालांकि, इस मामले पर सुनवाई लंबे समय से चल रही थी और पूर्व नौसैनिकों को हिरासत में रखा गया था, पर वर्तमान समय में उनकी फांसी को स्वाभाविक रूप से इज़राइल-हमास संघर्ष से जोड़ कर देखा जा रहा है। कतर हमेशा से फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास का समर्थक रहा है और उसने कई बार हमास बंदियों की इज़राइली जेलों में बंद कैदियों से अदला-बदली पर इज़राइल से मध्यस्थता भी की है। यह घटना भारत से रोजगार की तलाश में विदेश जाने वाले लोगों के लिए गंभीर चेतावनी की तरह है कि वे ऐसे देशों में न जाएं जहां इस्लामवाद के कारण उनका जीवन खतरे में पड़ सकता हो।

– **बी एल शर्मा,** उज्जैन

### एआई पर नियंत्रण

**अमेरिका** दुनिया का पहला देश बन गया है जिसने आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस-एआई के बुरे पक्ष को नियंत्रित करने के लिए उस कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए जो इसे नियंत्रित करने और इसके दुष्प्रभाव से अमेरिकियों को बचाने का प्रयास पर केन्द्रित है। इसमें अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, सार्वजनिक स्वास्थ्य या सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करने वाले एआई सिस्टम के डेवलपर्स को रक्षा उत्पादन अधिनियम के अनुरूप सुरक्षा परीक्षणों के परिणामों को जनता के लिए जारी करने से पहले अमेरिकी सरकार के साथ साझा करना अनिवार्य बना दिया गया है। अब एजेंसियों को परीक्षण के लिए मानक निर्धारित करने और संबंधित रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल, परमाणु व साइबर सुरक्षा जोखिमों का समाधान करने का भी निर्देश दिया गया है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि एआई का वादा साकार करने और जोखिम से बचने के लिए हमें इस तकनीक को नियंत्रित करने की जरूरत है। गलत हाथों में एआई हैकर्स के लिए सॉफ्टवेयर में कमजोरियों का फायदा उठाना आसान बना सकता है जो हमारे समाज के लिए भविष्य में जोखिम पैदा कर देगा।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### मच्छरों से जंग

**अमेरिका** के कोलंबिया में डेंगू मच्छरों के विनाश हेतु बोलबाचिया नामक जीवाणुओं को फैलाने वाले मच्छरों को विकसित किया गया है। इन मच्छरों को लेबोरेटरी में विकसित करके बड़े क्षेत्र में छोड़ दिया जाता है जो वहां के डेंगू फैलाने वाले मच्छरों से समागम करके अपनी प्रजाति फैलाते हैं। इसके परिणाम इतने उत्साहजनक हैं कि जहां इन्हें छोड़ा गया था वहां एक साल में ही 95 प्रतिशत डेंगू के मामलों में गिरावट आई है। भारत में भी हर साल डेंगू से बड़ी संख्या में लोग पीड़ित होते हैं जिनमें से कुछ की तो मृत्यु तक हो जाती है। इसके लिए अस्पताल में उपलब्ध इलाज के साथ-साथ यदि इन मच्छरों को भी भारत के बड़े क्षेत्र में छोड़ा जाए तो प्राकृतिक रूप से डेंगू पर धीरे-धीरे सफलता प्राप्त की जा सकती है। इन मच्छरों को विकसित करने, छोड़ने व फैलाने में अन्य दवाओं के मुकाबले बहुत कम खर्च आएगा और डेंगू का कष्ट भी लोगों को नहीं भुगतना पड़ेगा। यह मच्छर निरंतर अपनी आबादी बढ़ते रहेंगे और कुछ ही वर्षों में डेंगू का खात्मा हो सकता है। लेकिन शोध कर यह देखना होगा कि नए मच्छर कोई नई बीमारी न पैदा करने लगें।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### समुद्री अर्थव्यवस्था

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने अमृत काल विजन-2047 में भारत की समुद्री अर्थव्यवस्था के सतत विकास का विचार हमारे सामने पेश किया। ब्लू इकोनामी या समुद्री अर्थव्यवस्था उन लाखों लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा, निर्धनता उन्मूलन व रोजगार सृजन में योगदान दे सकती है जो अपनी आजीविका के लिए समुद्री संसाधनों पर निर्भर है। इसलिए यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार का एक बहुत सराहनीय प्रयास है। इसके साथ ही अमृतकाल विज़न में चौदह कार्बन न्यूट्रल बंदरगाह और पांच स्मार्ट बंदरगाह बनाने की भी बात की गई है। निश्चित रूप से ब्लू इकोनामी का विकास हमारे समुद्री संपर्क और अवसंरचना में सुधार ला कर भारत में व्यापार व निवेश अवसरों को बढ़ा सकता है। हालांकि, भारत की समुद्री अर्थव्यवस्था के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं, लेकिन समुद्री अनुसंधान व नवाचार हेतु क्षमता और प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने तथा सहयोग व साझेदारी को बढ़ावा देकर इनसे मुक्ति पाई जा सकती है। दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने में समुद्री अर्थव्यवस्था उल्लेखनीय योगदान कर सकती है।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# मोदी ने एकता दौड़ से दी पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि: योगी

## एकजुटता के संकल्प का दिन है सरदार पटेल की जयन्ती: राजनाथ सिंह

- रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि
- एकता दौड़ 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लौहपुरुष** 'भारत रत्न' सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हजरतगंज स्थित सरदार पटेल स्मारक पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एकता दौड़ 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, सांसद कौशल किशोर, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय एकता के आधार स्तंभ और भारत माता के महान सपूत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में जब देश आजाद हुआ था, तब स्वतंत्र भारत में अलग-अलग रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाने के लिए लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। सीएम योगी ने कहा कि भले ही उनके कार्यकाल के दौरान उन्हें तत्कालीन सरकारों ने सम्मान न दिया हो लेकिन 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव व्यक्त करते हुए 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की। इस अवसर पर देशवासी जाति, मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा को भुला कर एक साथ एकता दौड़ 'रन फॉर यूनिटी' में शामिल हो करके सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। सीएम योगी ने शार्ट नोटिस पर बड़ी संख्या में एकता दौड़ 'रन फॉर यूनिटी' में शामिल होने आए बच्चोंए युवाओं और बुजुर्गों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार प्रकट किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज के दिन हमें उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों और नेताओं का स्मरण करना चाहिए, जिन्होंने भारत को आजाद कराने में और स्वतंत्र भारत के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि जब भारत आजाद हुआ था तो वह 562 रियासतों में बंटा हुआ था। अंग्रेजों ने जानबूझ कर रियासतों को विलय करने या अलग रहने का निर्णय करने का मौका दिया था। ऐसे में देश के गृहमंत्री के रूप में सरदार वल्लभ भाई पटेल के सामने क्या कठिन परिस्थिति और चुनौती रही होगी, इसकी आज कल्पना करना भी मुश्किल है। यह सरदार पटेल की दूरदर्शिता और उनकी कूटनीतिक एवं रणनीतिक क्षमता का ही परिणाम था कि भारत की एकता और अखण्डता सुनिश्चित की जा सकी। आप सभी ने जूनागढ़ रियासत और निजामशाही से जुड़ी घटनाओं के बारे में सुना होगा। सरदार पटेल ने इन दोनों रियासतों का भारत में विलय कराया। जम्मू एवं कश्मीर के विलय का काम भी अगर सरदार पटेल को ही सौंपा गया होता तो संविधान की धारा 370 की समस्या पैदा ही नहीं हुई होती। सरकार पटेल ने उस समय सूझ बूझ और दृढ़ता का परिचय न दिया होता तो आज भारतवासियों को जूनागढ़ और हैदराबाद जाने के लिए वीजा पासपोर्ट की जरूरत पड़ रही होती।

# मुख्यमंत्री योगी ने मंत्रिमंडल सहयोगियों व अभिनेत्री कंगना संग देखी फिल्म 'तेजस'



- लोकभवन में स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी भी रहे मौजूद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सीएम** योगी ने मंगलवार को उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी, अभिनेत्री कंगना रनौत व मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ फिल्म तेजस देखी। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने भारतीय वायुसेना के पायलट की भूमिका निभाई है। राष्ट्रवाद से ओतप्रोत इस फिल्म को सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ मंत्रिमंडल के उनके अन्य सहयोगियों ने भी देखी। कंगना की इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग लोकभवन ऑडिटोरियम में रखी गई थी। इसके पहले समाज की हकीकत को बयां करती 'द केरल स्टोरी' भी मई में उन्होंने लोकभवन में मंत्रियों के साथ देखी थी। मुख्यमंत्री ने कंगना रनौत को उपहार भेंटकर सम्मानित किया। हिंदी फिल्म तेजस भारतीय वायुसेना के अदम्य साहस की कहानी है। इसमें अभिनेत्री कंगना रनौत ने वायुसेना ऑफिसर तेजस गिल का किरदार निभाया है। गिल भारतीय एजेंट को छुड़ाने के मिशन पर पाकिस्तान जाती हैं। यह फिल्म 27 अक्टूबर को रिलीज हुई थी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस फिल्म की प्रशंसा की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', आशीष पटेल, चौधरी लक्ष्मीनारायण, धर्मपाल सिंह, राकेश सचान, जितिन प्रसाद, संजय निषाद, गुलाब देवी, जयवीर सिंह, दयाशंकर सिंह, धर्मवीर प्रजापति, रजनी तिवारी, बृजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तय लक्ष्य के और करीब पहुंची सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- जीबीसी के लिए करीब 6.80 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स तैयार

**फरवरी** माह में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से रिकॉर्ड तोड़ 38 लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू करने वाली योगी सरकार अब ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के माध्यम से इस निवेश को धरातल पर उतारने के लिए तैयार है। योगी सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए सभी विभागों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसके सापेक्ष अब तक करीब 6.80 लाख करोड़ रुपए के 8 हजार से अधिक प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं जो जीबीसी के माध्यम से धरातल पर उतरने के लिए बिल्कुल रेडी हैं। इनमें 6 हजार से ज्यादा प्रोजेक्ट्स हैं जिनके एमओयू हो चुके हैं जबकि करीब 2 हजार प्रोजेक्ट्स नॉन एमओयू वाले भी हैं। कुल मिलाकर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से सरकार उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश को धरातल पर उतारते हुए लाखों रोजगार सृजित करने की ओर सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने करीब 8 हजार एमओयू को जीबीसी के लिए शॉर्टलिस्ट किया है, जिनकी कुल निवेश क्षमता 9 लाख करोड़ से ज्यादा की है। योगी सरकार ने अब तक 26 हजार से ज्यादा एमओयू साइन किए हैं, जिनके माध्यम से 38 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश उत्तर प्रदेश में संभावित है। इसके जरिए प्रदेश में एक करोड़ से भी अधिक रोजगार का सृजन होने की संभावना है। सरकार की ओर से कुल 33 विभागों को 9 लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए लक्ष्य दिया गया था। इसमें से सर्वाधिक 1 लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू को जीबीसी के लिए रेडी करने में एडिशनल सोर्सेज ऑफ एनर्जी ने सफलता हासिल की है। विभाग ने कुल 503 एमओयू किए थे, जिनकी कुल निवेश क्षमता 8 लाख करोड़ से ज्यादा की थी। विभाग को जीबीसी के लिए 1.25 लाख करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष 1.04 लाख करोड़ के 111 प्रोजेक्ट्स ने जीबीसी के माध्यम से निवेश के लिए हामी भर दी है। इस तरह विभाग ने जीबीसी के लिए दिए गए लक्ष्य का 83 प्रतिशत से ज्यादा हासिल कर लिया है। इसी तरह यूपीसीडा ने भी 94 हजार करोड़ से ज्यादा के एमओयू को जीबीसी के लिए रेडी कर लिया है। यूपीसीडा ने कुल 625 एमओयू किए थे, जिनकी निवेश क्षमता 3.45 लाख करोड़ से ज्यादा की है। यूपीसीडा को जीबीसी के लिए 2 लाख करोड़ का लक्ष्य दिया गया थाए जिसमें वह अब तक 47 प्रतिशत से ज्यादा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा है।

# आचार्य नरेन्द्र देव ने दी थी समाजवादी आंदोलन को दिशा: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मंगलवार को मोती महल स्थित आचार्य नरेन्द्र देव के समाधिस्थल पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में भाग लेकर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि आचार्य नरेन्द्र देव ने समाजवादी आंदोलन को दिशा दी थी। वे महान शिक्षाविद, स्वतंत्रता सेनानी तथा बौद्ध दर्शन के अप्रतिम विद्वान थे। आचार्य जी ने हमें समाजवादी सिद्धांतों पर बढ़ने की प्रेरणा दी। हमारी जिम्मेदारी इस आंदोलन को आगे बढ़ाने की है। आचार्य नरेन्द्र देव को पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रहे राजेन्द्र चौधरी, सत्यदेव त्रिपाठी, रविदास मेहरोत्रा विधायक, यशोवर्धन पौत्र आचार्य नरेन्द्र देव, मीरा वर्धन आयोजक, वंदना मिश्रा पूर्व मेयर प्रत्याशी सहित प्रो. रमेश दीक्षित, सुरेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ. मधु गुप्ता, सुशील दीक्षित, फाकिर सिद्दीकी, फिदा हुसैन अंसारी, राज नाथ शर्मा, मणेन्द्र मिश्रा, मुकेश शुक्ला, दीपक रंजन, पवन मनोचा, कुबरे भण्डारी, देवेन्द्र सिंह जीतू, बबलू खान, नवीन धवन बंटी, प्रदीप शर्मा, प्रदीप कपूर, रमेश श्रीवास्तव, शर्मिला महाजन, रजिया नवाज, अमरजीत यादव, प्रवेश यादव आदि प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# किसानों के बकाया 1361 करोड़ रुपए का होगा भुगतान

- किसान हमेशा से रहे हैं डबल इंजन की सरकार की प्राथमिकता: कामेश्वर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किसानों** के वर्षों पुराने 1361 करोड़ रुपए बकाए के भुगतान को लेकर निर्णय लेना एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बहुत-बहुत बधाई। यह बातें भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठक में कहीं। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार प्रगट किया गया। इस अवसर पर कामेश्वर सिंह ने कहा कि संगठन के कुछ पदाधिकारियों ने कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री योगी से मिलकर निवेदन किया था कि बजाज समूह के चीनी मिलों पर किसानों के करोड़ों रुपए बकाया है। वर्षों से इस बकाए का भुगतान नहीं हुआ है जिससे किसान बहुत ही परेशान थे। योगी सरकार ने इस मामले पर एक प्रभावी कदम उठाते हुए किसानों के बाक़ी 1361 करोड़ रुपये के भुगतान का निर्णय ले कर यह सुनिश्चित किया कि पीएम मोदी व सीएम योगी की डबल इंजन की सरकार की प्राथमिकता में किसान ही हैं। बैठक में कामेश्वर सिंह ने कहा कि 2007 से लेकर 2017 तक दस वर्षों में बसपा और सपा की सरकारों ने केवल 150 हज़ार करोड़ रुपये का भुगतान गन्ना किसानों को किया। वहींए दूसरी ओर केवल 6 वर्षों में योगी सरकार ने लगभग 250 हज़ार करोड़ रुपये का भुगतान गन्ना किसानों को किया है जो कि अपने आप में एक रिकार्ड हैं। कामेश्वर सिंह ने कहा कि देश की आज़ादी के बाद डबल इंजन की सरकार ने किसानों के हितों में सर्वाधिक निर्णय ले कर किसानों को लाभ पहुंचाया है। कामेश्वर सिंह ने इस बात के लिए भी योगी सरकार को बधाई दी कि प्रदेश सरकार ने यह क़ानून बनाया कि यदि कोई चीनी मिल गन्ना किसानों को गन्ने का भुगतान समय से नहीं करती हैं तो उसकी सम्पत्ति ज़ब्त कर सरकार किसानों को भुगतान करेगी। सिंह के अनुसार, उसी क़ानून का उपयोग कर योगी सरकार ने बजाज समूह के 1361 करोड़ के बकाए का भुगतान करने का निर्णय लिया है।

## निपुण असेसमेंट टेस्ट में 31 लाख से ज्यादा छात्रों ने हासिल की 'ए' प्लस कैटेगरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बच्चों को निपुण बनाने में जुटी योगी सरकार की कोशिशें रंग ला रही हैं। प्रदेश के परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की शिक्षा का स्तर जांचने के लिए कराए गए निपुण असेस्टमेंट टेस्ट (नैट) में यूं तो सभी 75 जिलों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन ए प्लस कैटेगरी हासिल करने वाले जिलों में प्रतिशत के हिसाब से गौतम बुद्धनगर, वाराणसी, कन्नौज और अंबेडकरनगर जैसे जिलों ने खास सफलता हासिल की है। ए प्लस कैटेगरी वो है जिसमें छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करते हैं। इसके तहत कक्षा एक से 3 तक के छात्रों के निपुण असेसमेंट टेस्ट में गौतमबुद्धनगर में सर्वाधिक 49.90 प्रतिशत छात्रों ने ए प्लस कैटेगरी हासिल की है तो वहीं कक्षा 4 से 8 में अंबेडकरनगर में सर्वाधिक 33.98 प्रतिशत छात्र ए प्लस कैटेगरी प्राप्त करने में सफल रहे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग ने सोमवार को नैट का परिणाम घोषित किया है। इसके अनुसार कक्षा 1 से 3 और कक्षा 4 से 8 में 31 लाख से ज्यादा छात्रों ने ए प्लस कैटेगरी में जगह बनाई है। टेस्ट में जो बच्चे अब भी कमजोर पाए गए हैं, उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

## कैबिनेट के फैसले

# फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट पॉलिसी को मिली मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए योगी सरकार ने फ़ॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट (एफ डीआई) पॉलिसी को मंजूरी दी है। इसके तहत लैंड परचेज, स्टांप ड्यूटी और कैपिटल इनवेस्टमेंट में छूट मिलेगी। साथ ही एफ डीआई के माध्यम से यदि कोई उद्यम प्रदेश के युवाओं को ट्रेन्ड करता है तो उस पर भी उसे सरकार विशेष प्रोत्साहन प्रदान करेगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि एफडीआई के माध्यम से उत्तर प्रदेश में जो निवेश आता था वो बहुत कम था। अन्य राज्यों की तुलना में यह केवल 9435 करोड़ रुपए था। इसलिए एफडीआई को आकर्षित करने के लिए एफडीआई नीति को मंजूरी प्रदान की गई है। उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 में प्राविधानित स्टांप ड्यूटी एवं पंजीकरण शुल्क में क्षेत्रवार छूट अनुमन्य होगी। साथ ही इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी मे 5 वर्षों के लिए 100 प्रतिशत छूट अनुमन्य होगी। योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार 5 वर्ष की अवधि में प्रति व्यक्ति प्रतिमाह 25000 की सीमा तक अधिकतम 500 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने की लागत की प्रतिपूर्ति करेगी। इस पर सरकार 15 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

## यूपी 112 पर 3 साल में खर्च होंगे 597 करोड़

**योगी** कैबिनेट ने यूपी 112 को अगले तीन वर्ष के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश स्तरीय इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम (ईआरएसएस) यूपी 112 के एडवांसमेंट पर सरकार का मुख्य फोकस है। 2017 में जब हमारी सरकार आई थी, तब से इसे काफी एडवांस किया गया है। अभी वर्तमान समय में यूपी 112 का रिस्पॉन्स टाइम एवरेज 13 मिनट है। अब इसमें नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा हैए जिसके चलते कोई भी पीड़ित 50 मीटर तक यूपी 112 की गाड़ी को लोकेट कर सकेगा। इसकी मैनपावर को बढ़ाकर 875 कर दिया गया है। इसके चलते अब एक साथ 40 हजार लोगों को एक दिन में अटेंड किया जा सकेगा। इस पर 3 साल में 597 करोड़ 42 लाख रुपए का व्यय भार आएगा।

## अब उचित दर दुकानों में 'ई पॉस मशीनें' करेंगी काम

**मंत्रिपरिषद** ने प्रदेश की उचित दर दुकानों में इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन सहित (ई पॉस मशीनों) की स्थापना व संचालन सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की व्यवस्था को नया आयाम प्रदान करते हुए प्रदेश की समस्त 79 हजार उचित दर दुकानों में नवीन एवं उन्नत ई पॉस मशीनें जो ई काँटें से लिंक रहेंगी की स्थापना व संचालन किये जाने हेतु सिस्टम इन्टीग्रेटर संस्थाओं का चयन खुली निविदा के माध्यम से किया गया है। नवीन ईपॉस मशीनें अद्यतन तकनीकी विशिष्टीकरण से युक्त हैं, जो 4-जी सिम से चलेंगी। यह मशीनें फिंगरप्रिन्ट एवं आईरिस स्कैनर से युक्त हैं। इन मशीनों से उचित दर विक्रेताओं को उनकी आमदनी बढ़ाने वाली अन्य कम्प्यूटरीकृत सेवाएं भी उपलब्ध करायी जा सकेंगी। इससे आमजनमानस स्थानीय स्तर पर लाभान्वित हो सकेगा। भारत सरकार द्वारा इस व्यवस्था हेतु निर्धारित दर 21 रुपये प्रति कुन्तल के सापेक्ष प्रदेश में यह व्यवस्था अत्यधिक प्रतिस्पर्धी रेट 14.10 रुपये प्रति कुन्तल की दर से लागू की जाएगी, जो देशभर में भी न्यूनतम रेट हैं। इस व्यवस्था से उन्नत ई पॉस मशीनों के साथ-साथ ई काँटें के लिंकेज से लाभार्थियों को पूर्ण मात्रा में खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 में संशोधन का प्रस्ताव स्वीकृति

**मंत्रिपरिषद** ने माँ पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय गोण्डा, माँ विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय मिर्जापुर तथा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद स्थापित किये जाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 4, धारा 50 एवं धारा 52 तथा अधिनियम की अनुसूची 5 में संशोधन किये जाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय संशोधन अध्यादेश 2023 के प्रख्यापन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

## माडर्न थानों के भवन में अतिरिक्त मंजिल बढ़ाए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत

**मंत्रिपरिषद** ने जनपद वाराणसी के थाना शिवपुर, जनपद गाजियाबाद के थाना टीलामोड़, जनपद फिरोजाबाद के थाना दक्षिण, जनपद आगरा के थाना शाहगंज, जनपद गोरखपुर के कैम्पियरगंज में अग्निशमन केन्द्र, जनपद मथुरा के थाना वृन्दावन में नवीन थाना जैत एवं जनपद लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार के सेक्टर 4 में माडर्न थाने के प्रशासनिक/आवासीय भवनों के निर्माण हेतु भूमि कम होने के कारण अतिरिक्त मंजिल बढ़ाये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। साथ ही, मंत्रिपरिषद ने पुलिस विभाग की आवश्यकता के दृष्टिगत भविष्य में निर्मित होने वाले थानों तथा जनपदीयध्परिक्षेत्रीय साइबर थानों एवं पुलिस विभाग के अन्य भवनों हेतु उपलब्ध भूमि कम होने की स्थिति में मानकीकृत क्षेत्रफल के अनुसार अतिरिक्त मंजिल बढ़ाये जाने तथा ले आउट प्लान एवं फ्लोर प्लान अनुमोदित किये जाने का अधिकार विभागीय मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री को प्रतिनिधानित किये जाने के प्रस्ताव को भी अनुमोदित कर दिया है।

## मिर्जापुर, सोनभद्र व महराजगंज में होगी जनजातीय संग्रहालय की स्थापना

**मंत्रिपरिषद** ने जनजातीय संग्रहालय की स्थापना के लिए जनपद मिर्जापुर में ग्राम अतरैला पाण्डेय, तहसील मड़िहान में 4.046 हेक्टेयर भूमि, जनपद सोनभद्र में ग्राम मारकुण्डी, तहसील राबर्ट्सगंज में 2.828 हेक्टेयर भूमि तथा जनपद महराजगंज में ग्राम कुन्सेरवाए तहसील नौतनवां में 0.506 हेक्टेयर भूमि जो अद्यतन संस्कृति विभाग लखनऊ के पक्ष में आवंटित है को समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश लखनऊ के पक्ष में आवंटित किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। जनजातीय संग्रहालय में जनजातीय जीवन से जुड़ी हुई जानकारियों, सूचनाओं, फिल्मों, चित्रों आदि के प्रदर्शन हेतु एक आधुनिक डिजिटल थियेटर व प्रदर्शनी कक्ष का निर्माण किया जायेगा। जनजातीय संग्रहालय की स्थापना से जनजातियों के जीवन परिवेश व कला का संरक्षण, पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ.साथ ट्राइबल आउटलेट्स के माध्यम से जनजातियों द्वारा उत्पादित एवं निर्मित उत्पादों के विक्रय से उन्हें आर्थिक लाभ भी होगा एवं उनके आत्मसम्मान में वृद्धि होगी। संस्कृति विभाग लखनऊ द्वारा प्रश्नगत जनजातीय संग्रहालय की स्थापना हेतु संस्कृति विभाग के पक्ष में आवंटित भूमि को मंत्रिपरिषद के अनुमोदन से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातिए शोध एवं प्रशिक्षण संस्थानए उत्तर प्रदेश लखनऊ के पक्ष में आवंटित कराये जाने हेतु अपनी अनापत्ति प्रदान की गयी है। प्रत्येक जनजातीय संग्रहालय की स्थापना हेतु जनजातीय कार्य मंत्रालयए भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा सामान्यत: 15 करोड़ रुपये तक की केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है। जनजातीय संग्रहालय के निर्माण हेतु राज्य सरकार पर कोई व्ययभार नहीं पड़ेगा।

## भूमि अर्जन पर सीड कैपिटल के लिए व्यय का प्रस्ताव अनुमोदित

**मंत्रिपरिषद** ने मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, नये शहर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत नये शहरों का समग्र एवं समुचित विकास योजना के तहत 06 प्राधिकरणों/आवास एवं विकास परिषद को भूमि अर्जन पर सीड कैपिटल के रूप में वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रथम किस्त की 1,580 करोड़ रुपये की धनराशि की स्वीकृति एवं व्यय के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। इसके तहत अयोध्या विकास प्राधिकरण को 30 करोड़ रुपये, मेरठ विकास प्राधिकरण को 200 करोड़ रुपयेए आगरा विकास प्राधिकरण को 150 करोड़ रुपये, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण को 200 करोड़ रुपये, यूपी आवास एवं विकास परिषद को 400 करोड़ रुपये, वाराणसी विकास प्राधिकरण को 400 करोड़ रुपये तथा कानपुर विकास प्राधिकरण को न्यू कानपुर सिटी योजना के लिए 150 करोड़ रुपये तथा विनगवां आवासीय योजना के लिए 50 करोड़ रुपये प्रथम किस्त की धनराशि सीड कैपिटल के रूप में आवंटित किया जाना प्रस्तावित है। प्राधिकरणों/यूपी आवास एवं विकास परिषद द्वारा भूमि क्रय के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय.समय पर निर्गत किये गये शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। प्राधिकरणों/ उप्र आवास एवं विकास परिषद को अवमुक्त सीड कैपिटल की द्वितीय किस्त की धनराशि तभी अवमुक्त की जाएगीए जब सम्बन्धित अभिकरणों द्वारा इस आशय का प्रमाण.पत्र दिया जाएगा कि उनके द्वारा सीड कैपिटल की प्रथम किस्त की धनराशि के समतुल्य मैचिंग धनराशि की व्यवस्था करते हुए भूमि क्रय में व्यय कर ली गयी है। धनराशि के आवंटन में भविष्य में किसी संशोधन/परिमार्जन की आवश्यकता होने की स्थिति में मंत्रिपरिषद द्वारा इसके लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत कर दिया गया है।

# सीएम योगी ने अक्टूबर माह में दो दर्जन जिलों को दी 9078.05 करोड़ की सौगात

- 4484 कार्यों का किया शिलान्यास व लोकार्पण
- अनवरत दौरे कर जनपदों के विकास की हकीकत भी देख रहे मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रकृति** व परमात्मा की असीम कृपा वाले यूपी के छोटे शहरों में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास की बड़ी बयार बहा रहे हैं। एक तरफ मिशन शक्ति से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन पर ध्यान दिया तो दूसरी तरफ अनेक जिलों में पहुंचकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। जनपदों में मुख्यमंत्री का यह दौरा विकास की जमीनी हकीकत से रूबरू होने वाला भी रहा। सभी 75 जनपदों में समान रूप से विकास की गंगा बहाने वाले सीएम ने स्थानीय जनप्रतिनिधियो व आमजन से विकास की बातें कीं और मूलभूत सुविधाओं से भी जोड़ा।

सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में यूपी के सभी 80 जनपदों में समान रूप से विकास कार्य होते हैं। वे स्वयं भी जनपदों में जाकर जमीनी हकीकत से रूबरू होते हैं। अक्टूबर में सीएम दो दर्जन से अधिक जनपदों में पहुंचे और 9078.05 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को गति दिया। इन जनपदों में 4484 कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण कर सड़क, पेयजल, स्वच्छता, पुल आदि मूलभूत सुविधाओं को आगे बढ़ाया।

सीएम योगी अपनी अनेक व्यस्तातताओं व कार्यक्रमों के बीच भी युवाओं का ध्यान रखना न भूले। लखनऊ में उन्होंने 10 अक्टूबर को 394 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट और 13 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा चयनित 219 प्रधानाचार्य को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। वहीं मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर में मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के तहत स्वरोजगार के लिए 500 करोड़ का ऋण किया वितरितए कई अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर सुखद भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्रि के पहले जहां मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का आगाज किया। वहीं कई नियुक्ति पत्र व योजनाओं की लाभार्थियों को चाबी, टैबलेट आदि देकर उन्हें स्वावलंबन से भी जोड़ा। रामनगरी में मिशन महिला सारथी का शुभारंभ किया और यहीं से महिलाओं को रोडवेज बसों में सारथी (चालक) के रूप में स्थापित होने में कारगर भूमिका भी निभाई। योगी सरकार के प्रयास से शक्ति की प्रतीक बेटियां इन गाड़ियों को चलाते भी दिखीं।

पायनियर
नई दिल्ली , बुधवार, 1 नवंबर 2023



# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एकता दिवस के रूप में मनाई



**शाहजहांपुर।** जीएफ़ कॉलेज शाहजहांपुर राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया। प्राचार्य डॉ मो. तारिक ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक ने कैडेट्स तथा स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्रीय एकता हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, सभी मे अपनापन, प्रेम और बंधुत्व की भावना का संचार होता है जिससे देश विकास के रास्ते पर अग्रसर होता है। डॉ कहकशाँ बेगम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों तथा एनसीसी के कैडेट्स व बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र. छात्राओं को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। स्वयंसेवियों इल्मा खान, शैलेंद्र सिंह, फिनिश, नुरुल हुदा, शबरीन इत्यादि ने राष्ट्रीय एकता विषय पर पोस्टर बनाए तथा स्लोगन लिखे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मो. शोएब, डॉ कौसर जमाल और स्वयंसेवी इलमा खान, नूर आलिया, तय्यबा नाज, रोहित, जाहिद आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिला उद्योग बंधुः उद्यमियों की समस्याओं का समय से कराएं निस्तारणः डीएम

**लखीमपुर खीरी।** जिले के उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बन्धु की बैठक हुई। अध्यक्षता डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने की। बैठक के दौरान डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियोंए व्यापारियोंए निर्यातकों की जायजा समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। ताकि जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने किया।

डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना एवं जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमियों अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है। सीडीओ ने व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। बैठक में व्यापारियों ने रेलवे स्टेशन वाली रोड पर गड्ढे हो जाने का प्रकरण उठायाए जिस पर ईओ ने बनाया कि टेंडर हो गया है। उन्होंने इसे यथाशीघ्र ठीक करने के लिए आश्वस्त किया। व्यापारियों ने कहा कि बैंक सीजीटीएमएसई कवरेज प्रदान करे। सहायक श्रमायुक्त ने प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना की जानकारी दी। उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी।

# कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि, सरदार पटेल की जयंती मनाई



**बरेली।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने अपने जंक्शन स्थित कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में और पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल की जयंती भी मनाई गई।महानगर महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी भारत की प्रथम और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रही है 1984 में उनकी राजनीतिक हत्या कर दी गई थी उसे समय भारतीय प्रधानमंत्री थी उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई, बाल चरखा संघ की स्थापना की, 1958 में उन्हें कांग्रेस के केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था। 1956 में अखिल भारतीय कांग्रेस युवा कांग्रेस और एआईसीसी महिला विभाग की अध्यक्ष बनी, कई यूरोपीय अमेरिकी और एशियाई देशों के दौरे पर गई ,उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में मुख्यालय में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, उन्हें भारत में आयरन लेडी के नाम से जाना जाता था।

भारत के उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल जो सरदार पटेल नाम से मशहूर हुए जिन्होंने एक अधिवक्ता और राजनेता के रूप में काम किया वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में एक वरिष्ठ नेता और भारतीय गणराज की संस्थापक पिता थे, उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई, 1947 की भारत पाकिस्तान युद्ध में उन्होंने गृहमंत्री के रूप में कार्य किया।

# भारत रत्न, लौहपुरुष बल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनायी

**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक भारतरत्नए लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की 148वीं जयन्ती जनपद में उत्साहए उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी और कलेक्ट्रेट में शपथ तथा गोष्ठी एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने सरदार बल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार, शाहजहांपुर में सरदार बल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य सम्भ्रान्त नागरिकों को शपथ दिलवाई। यह शपथ इस प्रकार है कि ष्मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वंय को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूंए जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका है। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की भी सत्य निष्ठा से संकल्प करता हूँ। जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जनपद के विभिन्न विभागों के कार्यालयों में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता अखंडता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पांडे, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ सुरेश कुमार तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा संभ्रांत नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक कालेज ने कराई रंगोली, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता

**संवाददाता।** बरेली

**आयुष मंत्रालय,** भारत सरकार, नई दिल्ली के आदेशानुसार अष्टम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस–2023 समारोह के अर्न्तगत एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक कालेज बरेली द्वारा दिनांक 31 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक प्रतिदिन कार्यक्रम किये जायेंगे। आयुष मंत्रालय द्वारा इस वर्ष का विषय 'हर दिन हर किसी के लिये आयुर्वेद' निर्धारित किया गया है। संस्था द्वारा आयुष–प्रमोद–2023 के अन्तर्गत कार्यकमों की श्रंखला में रंगोली प्रतियोगिता , पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में 153 छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बरेली शहर के मेयर उमेश गौतम एवं प्राचार्य एवं अधीक्षक प्रो डी के मौर्य ने सर्वप्रथम धन्वतरि भगवान को माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। प्राचार्य एवं अधीक्षक प्रो डी मौर्य एवं प्रो प्रीति शर्मा द्वारा महापौर उमेश गौतम को पुष्प–गुच्छ देकर स्वागत किया। उमेश गौतम ने कहा कि आयुर्वेद रोग को जड से खत्म करने की चिकित्सा है। आयुर्वेद के प्रचार और प्रसार की आवश्यकता है, हमें अपनी संस्कृति की धरोहर आयुर्वेद को अपनाने के लिये जागरूकता अभियान चलाना चाहिये, उसमें सहयोग के लिये वे हमेशा तत्पर है।

प्राचार्य एवं अधीक्षक प्रो डी के मौर्य ने महापौर को धन्यवाद दिया एवं उनके विचारों को क्रियान्वय करने के लिये प्रयास शुरू करने के लिये कहा। उन्होने कहा प्रतिदिन आयुष मंत्रालय के प्राटोकॉल के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेंगे। आयुष मंत्रालय द्वारा ''हर दिन हर किसी के लिये आयुर्वेद'' के अर्न्तगत छात्रों के लिये आयुर्वेद, किसानों के लिये आयुर्वेद, जनस्वास्थ्य के लिये आयुर्वेद को दृष्टिगत रखते हुए कार्यकम आयोजित किये जा रहे हैं। उमेश गौतम ने छात्रों द्वारा बनायी रंगोली को देखा, छात्रों के विचारों की सराहना की, उनके द्वारा विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। कार्यकम का संचालन डॉ शान्तुल गुप्ता द्वारा किया गया। अष्टम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस–2023 के अन्तर्गत कार्यक्रमों की श्रंखला को प्रो देवकी नन्दन शर्मा, डॉ संतोष कुमार, डॉ अतुल कुमार, डा रिंकी, डॉ अरूणेन्द्र कुमार सिंह, डा मधु द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

# कम्पनी से निकाले जाने पर कर्मचारी कंपनी की इमारत पर चढ़े

**शाहजहांपुर।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के रौसर कोठी स्थित यूनाइटेड स्प्रिट लिमिटेड कंपनी (मेकडॉवेल) शराब कम्पनी से कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने पर नाराज सैकड़ों कर्मचारी 6 मंजिला ऊंची इमारत पर चढ़ गए। जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट वेद प्रकाश मिश्रा व एसडीएम शैलेन्द्र गौतम भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। सिटी मजिस्ट्रेट ने कर्मचारियों से कहा कि नीचे उतर आइये लेकिन कर्मचारी ने उनकी नही सुनी और कहा जब तक कम्पनी का प्रबंध तंत्र नही आएगा तब तक वह लोग नीचे नही उतरेंगे। कम्पनी के कर्मचारियों ने बताया कि वह लोग लगभग 300 दिनों से अनशन कर रहे है लेकिन शासन प्रशासन नही सुन रहा है। आज जब उन्हें फैक्ट्री से भगा दिया गया जिसकी बजह से आज सभी कर्मचारी 6 मंजिला इमारत पर चढ़ गए है और जब तक उन्हें लिखित में आश्वासन नही मिल जाता है तब तक वह लोग नीचे नही उतरेंगे। सूचना प्रस्तुति मजिस्ट्रेट सीओ सदर नमक के पास पहुंचकर कर्मचारियों से बात कर आश्वासन देकर उन नीचे उतारा।

## क्विक न्यूज

### झाड़ियों में मिला युवक का शव, भाई ने लगाया हत्या का आरोप

**बरेली।** फतेहगंज पष्चिमी कस्बा के पास रहपुरा अंडरपास झाड़ियां में 30 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया युवक का छत विपक्ष शव मिलने से सनसनी फैल गई ।मामले की जानकारी मिलने पर एसपी देहात व सीओ मीरगंज पहुंचे शव की शिनाख्त बृजेश के रूप में की गई मृतक के भाई मुकेश ने हत्या की आशंका जताई है वहीं थाना पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कह रही है । घटना की जानकारी पर अपराध निरीक्षक अनिल कुमार भी मौके पर फोर्स के साथ पहुंच गए मृतक की शिनाख्त मुकेश ने अपने भाई निवासी मोहल्ला बसंत विहार कालोनी के रूप में की है उन्होंने बताया की 22 अक्टूबर को वह ऑटो लेकर अपनी ससुराल ग्राम सरकड़ा थाना फरीदपुर जाने के लिए कहकर निकला था इसके बाद में घर नहीं लौटा काफी खोज बीन की गई थी लेकिन पता नहीं लग सका था भाई की खोज बीन भी की जा रही थी इस बीच शव मिलने की जानकारी मिली मृतक के भाई मुकेश ने हत्या कर शव झाड़ियां में फेंकने का आरोप लगाया है । इंस्पेक्टर क्राइम अनिल कुमार ने बताया है एक शव एक छत विपक्ष अवस्था में मिला है जिसकी पहचान मृतक के भाई मुकेश ने बृजेश के रूप में की है जांच की जा रही है पुलिस हर बिंदु पर जांच पड़ताल कर रही है दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी ।

### महिला इकाई ने एक अनोखे अंदाज में मनाया करवाचौथ

**बरेली।** पंजाबी महासभा महिला इकाई ने एक अनोखे अंदाज में करवाचौथ का महोत्सव मनाया महिला इकाई ने गरीब महिलाओं को अपनी तरफसे करवाचौथ की मेहंदी लगवा कर उनको अनोखा उपहार दिया और उनके चेहरे पर मुस्कुराहट लाने का प्रयास किया अध्यक्ष मनीषा आहूजा ने कहा की चाहे अमीर हो या गरीब सुहाग की कीमत हर स्त्री की नजर में बराबर होती है और वह सुहाग के इस त्यौहार को पूरे उत्साह से मनाना चाहती है लेकिन कई महिलाएं आर्थिक तंगी की वजह से मेहंदी लगवाने का शौक पूरा नहीं कर पाती इसलिए महिला इकाई ने उनको अपनी तरफसे मुफ्त में मेहंदी लगवा कर उनके करवाचौथ को भी बाकी औरतों की तरह खुशनुमा बनाने का प्रयास किया। महिला इकाई यह कामना करती है कि ईश्वर सब के सुहाग को स्वस्थ रखें और सब अपने-अपने परिवार में खुश रहें कार्यक्रम को सफल बनाने में सिम्मी आनंद बलविंदर कौर सोनिया सेठी मन्नो विग कुलजीत कोर बासु डॉक्टर रश्मि सरपाल सुमन अरोड़ा श्वेता पाहवा रूमा गंभीर संगीता आनंद पूजा नारंग किरण सहगल डिंपल भसीन डिंपल बोबल शेफाली कालरा आदि का सहयोग रहा।

### राष्ट्र जागरण युवा संगठन ने पटेल की मनाई जयंती

**बरेली।** राष्ट्र जागरण युवा संगठन महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष सुरभि चौहान के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पटेल चौक पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष गौ सेवा के अंकुर चौहान ने सभी के साथ मिलकर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत वंदेमातरम का गायन किया। इस दौरान सुरभि चौहान ने बताया कि सरदार पटेल ने देश को संवारने के लिए अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया। आज हम सभी को अपने देश की एकता के लिए सभी को एकजुट होकर साथ चलना चाहिए। इस मौके पर गिरीश कपूर ने कहा कि एकता में ही शक्ति होती है । और पटेल जी ने भी यही संदेश देकर देश को जोड़ने का प्रयास किया था हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है । हमे उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए।

### पटेल की जयंती व पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई

**बरेली।** शाहमतगंज चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय पर देश के प्रथम ग्रह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर एक विचार गोष्ठी हुई ।विचार गोष्ठी से पूर्व उपस्थित कांग्रेस जनों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी और आयरन लेडी इंदिरा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया शत-शत नमन किया। विचार गोष्ठी मैं अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि देश के प्रथम ग्रह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल नये भारत के निर्माता थे महात्मा गांधी जी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को सरदार की उपाधि दी थी उन्होंने भारत को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी जी ने अपने कार्यकाल में सबको एकजुट किया और अपने महत्वपूर्ण निर्णय से देश ही नहीं विदेश में भी अपने देश का नाम रोशन किया उन्होंने अपने कार्यकाल में अनेकों महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं चलाकर सभी वर्गों को लाभ पहुंचाया दोनों महान हस्तियों को शत-शत नमन ।उपस्थित कांग्रेस जनों में पूर्व विधायक मास्टर छोटे लाल गंगवार, जिला प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा, जिला उपाध्यक्ष जुनैद हसन एडवोकेट, जिला महासचिव जिया उर रहमान, जिला महासचिव पाकीजा खान, जिला महासचिव उल्फत सिंह कठेरिया, वरिष्ठ नेता ब्रह्मानंद शर्मा, हरदेव दिवाकर, पुत्तू लाल मौर्य, कमरुद्दीन सैफी , शारिक खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का हुआ आयोजन

**बरेली।** नारी शक्ति वंदन सम्मेलन कैंट विधानसभा का आयोजन होटल ओबराय आनंद में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथ दुर्विजय शाक्य ने कहां देश की मोदी सरकार की अगुवाई में नारी शक्ति वंदन कानून लागू किया गया। महिलाओं की सामाजिक व राजनीतिक भागीदारी को शुभ संकेत बताया, वही महिलाओं की सामाजिक गतिशीलता को भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सहायक बताया! कानून बनने के बाद महिलाओं को जहां लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था लागू कर गई है! इससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है मुख्य वक्ता मा. संजय गंगवार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं की न सिर्फ राजनीतिक भागीदारी में इजाफा होगा, बल्कि महिलाओं का सामाजिक स्तर मजबूत होने के साथ ही आत्मविश्वास बढ़ेगा। महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करने वाला कानून है।

# जिलाधिकारी और एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**कारागार** प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओंए कारागार की साफसफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। पाकशाला, जेल चिकित्सालय व कारागार की बैरकों का निरीक्षण किया।

डीएम.एसपी ने सभी बैरकों में प्रवेश करके गहनता के साथ जांच.पड़ताल किया। निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिला। डीएम ने मुकम्मल साफसफाई के साथ ही सभी बैरकों में सतत निगरानी का भी निर्देश दिया। डीएम.एसपी ने बंदियों का हालचाल जानाए खाने.पीने के बारे में जानकारी प्राप्त कीए जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने स्वयं भोजन की गुणवत्ता देखी। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफसफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफसफाई बनाए रखी जाए।

जिलाधिकारी व एसपी ने जेल के बैरकए पाकशालाए अस्पतालए आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक पीडी सलोनिया, प्रभारी जेलर हरिवंश पांडेय, डिप्टी जेलर सुनील कुमार, अजय कुमार सिंह चिकित्सक डॉ. दीपांकर रावत मौजूद रहे।

# नाम आंखों से दी साथी को रिटायरमेंट की विदाई, अधिकारी रहे मौजूद

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**जिला** सूचना कार्यालयए शाहजहाँपुर में तैनात वरिष्ठ लेखकार पातीराम को अधिवर्षिता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर जिला सूचना कार्यालय में विदायी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी अयुष वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर सहित सूचना कार्यालय मे तैनात समस्त कर्मचारियों ने श्री पातीराम को अंगवस्त्र भेंट कर व फूल माला पहनाकर उन्हे सम्मानित करते हुये बधाई दी।

इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी ने सराहना करते हुये कहा कि श्री पातीराम ने ड्यूटी पर रहकर अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्ण रूप से पालन किया। उनके अनुभवों से हमेशा कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मार्गदर्शन मिलता रहा है। उन्होने कार्यालय द्वारा दिये गये दायित्वों का निर्वाहन जिम्मेदारी से किया। उन्होने शुभकामनायें देते हुये उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डीपीआरओ घनश्याम सागर, जिला सूचना अधिकारी श्री अयुष वर्माए जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय एवं जिला सूचना अधिकारी कार्यालयए से स्टाफ कर्मचारी एवं परिवारजन मौजूद रहे।



विदाई समारोह में मौजूद वरिष्ठ लेखकरवाद अधिकारी

# जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की डीएम ने की मासिक समीक्षा बैठक, दिए अहम निर्देश

**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक लीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। संचालन बीएसए प्रवीण तिवारी ने किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिए कि डीटीएफके सदस्य सभी संबंधित अधिकारीगण अनिवार्य रूप से विद्यालयों के निरीक्षण को पूर्ण करते हुए अपनी अद्यतन आख्या बीएसए के जरिए उन्हें भिजवाए। बीडीओ बीईओ आपसी समन्वय से कायाकल्प के अधूरे कामों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता से पूरा कराएं।

डीएम ने पाया कि ब्लॉक बांकेगंज अटेंडेंस के परफॉर्मेंस में जिले में सर्वश्रेष्ठ है। खंड शिक्षा अधिकारी बांकेगंज राकेश कुमार के लिए डीएम ने ताली बजवाई और अन्य खंड शिक्षा अधिकारियों को भी प्रेरणा लेने की बात कही। डीटीएफके निरीक्षण संतोषजनक मिलेए परंतु ब्लॉक स्तर पर बीटीएफके निरीक्षण पर प्रगति संतोषजनक न मिलने पर डीएम के पूछने पर बीएसए ने बताया कि तीन बीईओ का वेतन रोका है।

डीएम ने परिषदीय विद्यालयोंए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में निर्माणाधीन कामो की प्रगति की समीक्षा की, कार्यदायी संस्था को जरूरी निर्देश दिए। अधूरे निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। यदि कहीं कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो उसे सीडीओ अथवा उनके संज्ञान में लाया जाए। जिन विद्यालयों में बाउंड्री वालए शौचालय का काम अधूरा है वहां बीईओ स्वयं अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करते हुए युद्धस्तर पर गुणवत्तायुक्त काम को पूरा कराएं। डीएम ने एसएमसी गठन सूचना प्रेरणा पोर्टल पर अपलोडिंग, केजीबीवी परिसर में एकेडमिक, छात्रावास निर्माण की प्रगतिए डीबीटी मॉडल, स्कूल चलो अभियान, मिशन प्रेरणा, फेज.दो, निपुण भारत के प्रभावी क्रियान्वयन, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में 19 पैरामीटर्स के संतृप्तिकरण, कक्षाओं को प्रेषित विभिन्न शैक्षिक सामग्री व शिक्षकों की दक्षता वृद्धि हेतु प्रशिक्षण, मेंटरिंग एवं प्रोग्राम प्रगति का प्रस्तुतीकरण, डीटीएफ बीटीएफ निरीक्षण, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण, शिक्षक संकुल बैठक, दिव्यांग बच्चों की ट्रैकिंगए शैक्षणिक कार्यक्रमों की प्रगति संबंधी समर्थ प्रणाली का प्रस्तुतीकरण, मध्यान भोजन टास्क फोर्स, बा विद्यालय में स्टाफ उपस्थिति प्रतिशत की बिंदुवार समीक्षा की व जरूरी निर्देश दिए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी अपने आवंटित ब्लॉक में अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण को बढ़ाते हुए उपस्थिति को शत.प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करें। अभियान के दौरान कम अटेंडेंस वाले बच्चों के घर दस्तक देकर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए।

# शरदकालीन गन्ना व सहफसली खेती अत्यधिक लाभदायक

**गोला गोकर्णनाथ ( खीरी )।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला क्षेत्र के ग्राम सोनारीपुर में शरदकालीन गन्ना बुवाई हेतु एक वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन संजय वर्मा की चौपाल पर किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान सतीश वर्मा द्वारा की गयी। जिसमें सैकड़ों प्रगतिशील गन्ना कृषकों ने प्रतिभाग किया। उप्र गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर के शोध केन्द्र गोला के वरि. वैज्ञानिक डॉ. सरनाम सिंह ने प्रति इकाई गन्ना उत्पादन बढ़ाने हेतु मृदा परीक्षण के आधार पर सन्तुलित खाद एवं उर्वरकों के प्रयोग ए ट्राइकोडर्मा फफूंदीनाशक का प्रयोग सम्बन्धी जानकारी दी । गन्ना प्रजातियों जैसे को. 0118 ए कोलख. 14201 एवं को 0 शा. 13235 जैसी नवीनतम प्रगतिशील प्रजातियों एवं गन्ने में लगने वाली बीमारियाँ ए पहचान एवं निदान तथा कीट प्रबन्धन एवं संतुलित उर्वरकों के प्रयोग की जानकारी दी। चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक ( गन्ना) पीएस चतुर्वेदी जी ने बताया कि कृषक अपनी गन्ने फसल की देखभाल अच्छी प्रकार से करें चीनी मिल को साफ एवं ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें। यह मिल आपके हितों को सर्वोपरि रखकर कार्य कर रही है। गन्ना मूल्य भुगतान की व्यवस्था में 09 फरवरी 2023 तक का भुगतान किसानों के खातो मे भेज दिया गया है। चतुर्वेदी ने कहा कि ऐसी गोष्ठी सभी क्षेत्रों में समय . समय पर आगे भी होती रहेंगी। तथा वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत कृषि क्रियाओं को अपनाकर कृषक लाभ उठायें। चीनी मिल का प्रयास यही रहता है कि क्षेत्र के किसान खुशहाल रहे अधिकतम रकवा अक्टूबर बुवाई के दौरान ट्रेन्च विधि से 04 फीट की दूरी पर सहफसल के साथ बुवाई करें । प्रति इकाई अधिक उत्पादन मिलने के साथ . साथ कीट बीमारियों का प्रकोप भी इस समय बुवाई किये गन्ने में कम होता है। चीनी मिल द्वारा उपलब्ध करायी जा रही कीटनाशक एवं फफूंदनाशक दवाएँ चीनी मिल स्टाफ से सम्पर्क कर लेकर प्रयोग करें । गोष्ठी में चीनी मिल के सहा0 अधिकारी दीपक सिंह ए वरिस प्रबन्धक . संजीव कुमार सिरोही उपस्थित रहे।

# जिलेभर में धूमधाम से मनी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती

**● राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस**

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में कलेक्ट्रेट सहित जिलेभर में लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जन्म दिवस को प्राष्ट्रीय एकता दिवसष् के रूप में मनाया। इस अवसर पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह, डिप्टी एसडीएम रेनू, राजीव निगम, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी के साथ लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों कर्मचारियों को राष्ट्र की एकताए अखंडता और सुरक्षा तथा देश की आंतरिक सुरक्षा में योगदान के लिए शपथ दिलाई। डीएम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने के अवसर पर शपथ दिलाते हुए कहा कि ष्मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकताए अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुँगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूँगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा सम्भव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

एडीएम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के संघर्षों के बारे में जानकारी दी। कहा कि उन्होंने अखंड राष्ट्र का सृजन किया। ऐसे राष्ट्रशिल्पी लौह पुरुष को शत शत नमन करते हैं। इस अवसर पर एडीएम संजय कुमार सिंह, डिप्टी एसडीएम रेनू, राजीव निगम, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, सीओ चकबंदी, पूर्ति निरीक्षक प्रशासनिक अधिकारी (कलेक्ट्रेट) मो. सलीम, विवेक सक्सेना, सुरेश कुमार, जे. द्वितीय सुरेश वर्मा सहित कलेक्ट्रेट में स्थित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

इसी प्रकार पुलिस लाइन व विकास भवन में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य सभी सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थान, स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यालयों में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती धूमधाम से मनायी गई। इस अवसर पर अधिकारी/कर्मचारी गण एवं विद्यालय के अध्यापकगण, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

- अधिकारियों को दिलाई गई सत्य निष्ठा की शपथ
- भाजपा ने पैदल मार्च निकाल पटेल प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**संवाददाता,** उरई, जालौन






**राष्ट्रीय** एकीकरण के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा उर्विजा दीक्षित, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने सर्वप्रथम नगर में स्थित पीली कोठी के पास सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरान्त जिला एकीकरण समिति की शोभायात्रा को सर्वोदय इण्टर कालेज उरई से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जिसका समापन एसआर इण्टर कालेज उरई में किया गया। जनपद में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में अत्यन्त भव्यता के साथ गरिमापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को एकता और अखंडता की शपथ भी दिलाई।

सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर श्री गांधी इण्टर कालेज उरई प्रांगण से एकता दौड़ रन फॉर यूनिटी का जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रन फॉर यूनिटी के आयोजन में एनसीसी कैडेट, छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लोगो ने भाग लिया।

31 अक्टूबर को भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी पूर्व उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर टाउन हॉल उरई से पटेल चौक तक पैदल मार्च भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा जिला चिकित्सालय उरई में मरीज को फल वितरित किए गए। रन फॉर यूनिटी के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा तथा देश के आन्तरिक सुरक्षा में योगदान के लिये शपथ ली गई।

## धूमधाम से मनाई गई लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती



**चित्रकूट।** भारत रत्न से सम्मानित देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती चित्रकूट जिले में बडे धूमधाम से एकता दिवस के रुप में मनाई गई। इस मौके पर डीएम अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने लौहपुरूष के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद राष्ट्रीय एकता अखंडता की शपथ दिलाई। इसके अलावा भाजपा,सामाजिक संगठनों एवं विद्यालयों द्वारा भी कार्यक्रमों का आयोजन कर जन्म जयंती पर लौहपुरुष को याद किया गया। वहीं भाजपा जिला इकाई द्वारा लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में लौहपुरुष की जयंती जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बडे धूमधाम से मनाई गई। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र समेत शील्ड, साइकिल, घड़ियां व बैग, थर्मस और टिफिन दिये गये। सरदार पटेल की जयंती पर पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ प्रज्ञान अनुज दुबे ने पुलिस कार्यालय में सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये।

# समाज को नशा मुक्त करने का संकल्प ले बुंदेलखंड कुर्मी कल्याण समितिः सांसद

**संवाददाता।** चित्रकूट



**बुंदेलखंड** कुर्मी कल्याण समिति का शपथ ग्रहण समारोह छत्रपति शाहूजी महाराज कृषि महाविद्यालय नरैना खेरा, रैपुरा, चित्रकूट आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने बुंदेलखंड कुर्मी कल्याण समिति के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रैपुरा ग्राम प्रधान जगदीश पटेल गुड्डा भैया ने की। शपथ ग्रहण समारोह में बांदा, चित्रकूट, सतना, पन्ना, ललितपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, झांसी, जालौन, हमीरपुर, महोबा, दतिया, भिंड, शिवपुरी, छतरपुर आदि जनपदों के जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री,अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ली।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बांदा- चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा बुंदेलखंड कुर्मी कल्याण समिति बुंदेलखंड क्षेत्र में समाज को जोड़ने एवं जागृत करने के लिए निरंतरण कार्य कर रही है। समिति को जाति के साथ-साथ जमात को जोड़ने की भी जरूरत है। इसके साथ ही समाज को नशा मुक्त बनाने एवं शिक्षा के प्रति जागृत करने के लिए अभियान चलाने की जरूरत है। सांसद ने कहा कि बिना शिक्षित व नशा मुक्त हुए समाज तरक्की नही कर सकता।

वहीं ललितपुर के जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं नशाखोरी को खत्म करने के लिए हम सबको मिलकर शपथ लेनी चाहिए। कार्यक्रम में अपना दल के जिलाध्यक्ष राम सिया पटेल,चित्रकूट नगर परिषद की अध्यक्ष साधना पटेल,केंद्रीय संरक्षक डॉ पी एल वर्मा, वीर सिंह पटेल,केन्द्रीय अध्यक्ष शिव शंकर पटेल,केंद्रीय महामंत्री एल आर पटेल, नाथूराम पटेल, नत्थूराम पटेल, महेंद्र सिंह पटेल आदि लोगों उपस्थित रहे मंच संचालन डॉ विकास सिंह पटेल एवं डॉ सुधा पटेल ने किया।

# बेटियां सशक्त होंगी तो भारत बनेगा समृद्ध : केशव शिवहरे

## पायनियर्स क्लब ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम



**चित्रकूट।** सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश कार्यक्रम के तहत इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के तत्वाधान में आज गायत्री शक्तिपीठ में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओ को जागरूक करने के उद्देश्य से विगत कई सप्ताहों से इस तरह के कार्यक्रम विद्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों में किये जा रहे है। महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के साथ साथ स्वास्थ्य एवं पोषण की दृष्टि से डाबर इंडिया लिमिटेड की ओर से सभी को एक एक लीटर के रियल जूस भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के जन जागरूकता कार्यक्रम संस्था द्वारा अनवरत जारी रहेंगे।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिग्म्बर अखाड़ा चित्रकूट धाम के महंत श्री दिव्यजीवन दास जी ने सम्बोधित करते हुए उपस्थिति जनसमूह को प्रेरणा देते हुए कहा कि शक्ति के रूप में बेटी, बहन, पत्नी और मां के रूप में आज की नारी की प्रतिष्ठा शक्ति के रूप में स्थापित है।

# पत्रकार परिवार से अभद्रता के लिए जिम्मेदार शिक्षकों ने खेद जताया



**माधौगढ़, जालौन।** ग्रामीणों की शिकायत पर कंपोजिट विद्यालय के विरुद्ध प्रकाशित खबर से बौखलाए अध्यापक अध्यापिकाओं द्वारा पत्रकार के परिवार से किए गए दुर्व्यवहार के लिए जिम्मेदार शिक्षकों ने अपनी भूल मानकर खेद व्यक्त किया। इसी के साथ पूरे मामले का सौहार्दपूर्ण तरीके से पटाक्षेप हो गया। ज्ञात हो कि विकासखंड माधौगढ़ के ग्राम भगवानपुर कंपोजिट विद्यालय में कुछ शिक्षिकाओं शिक्षकों द्वारा लापरवाही बरतने की जानकारी मिलने पर स्थानीय पत्रकार देवेंद्र सिंह द्वारा एक खबर का प्रकाशन किया गया जिस से विद्यालय के बौखलाए, शिक्षकों ने पत्रकार देवेंद्र सिंह के घर पहुंच कर उनकी पत्नी को अपमानित करते हुए मोबाइल से पत्रकार को अनाप-शनाप बोल दिया। मामले को जनपद के पत्रकार संगठनों ने संज्ञान लेते हुए बैठकें कर इस प्रकार की अलोकतांत्रिक घटना एवं दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी थी। इस प्रकरण पर शिक्षक संगठन के पदाधिकारी एवं पत्रकार संगठन के पदाधिकारियों की मध्यस्थता से मामला शांत हुआ।

# महोत्सव के अंतिम दिन रंगमंच पर सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र एकांकी नाटक का हुआ मंचन

- विश्व विख्यात रामलीला महोत्सव का हुआ समापन

**संवाददाता।** कोंच, जालौन



**रामलीला** महोत्सव के समापन के बाद रामलीला के अभिनय विभाग द्वारा एकांकी नाटक 'सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र' का मंचन रामलीला रंगमंच पर किया गया जिसमें रघुवंश की वचन निभाने की परंपरा और सत्य के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर देने का संदेश दिया गया।

बताया गया कि सत्य का मान रखने के लिए किस प्रकार स्वप्न में भी किए गए दान का मान रखने के लिए राजा हरिश्चंद्र ने अपना सर्वस्व त्याग दिया और स्वामिभक्ति की ऐसी मिसाल प्रस्तुत की कि अपने मृत पुत्र के अंतिम संस्कार के लिए पत्नी को भी बिना कर दिये मरघट में प्रवेश नहीं दिया। रामलीला महोत्सव के समापन के बाद ऐतिहासिक अथवा धार्मिक नाटक खेलने की परंपरा के तहत रंगमंच पर सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र की प्रस्तुति अभिनय विभाग के रंगकर्मियों द्वारा दी गई।

## महिलाओं ने करवा चौथ पर की जमकर खरीदारी

**जालौन, उरई।** करवा चौथ का त्योहार बुधवार को है। यह त्योहार महिलाओं के सजने संवरने का त्योहार है। जिसके चलते महिलाएं सुंदर दिखने के लिए सोलह श्रृंगार की सारी तैयारियों पूरी कर चुकी हैं। हालांकि एक ओर जहां लोग महंगाई का रोना रोते हैं। लेकिन जब महिलाओं के सबसे कठिन व्रत करवा चौथ की बाती है तो महिलायें पूरी शिद्दत के साथ खरीदारी करने से नहीं चूकती है। ऐसा ही नजारा बाजार में देखने को मिला। जीवन साथी की लंबी उम्र के लिए करवाचौथ पर महिलाओं के लिए खास होता है। करवाचौथ पर महिलाएं निर्जल उपवास रखेंगी। पं. अरविंद बाजपेई बताते हैं कि कार्तिक कृष्ण पक्ष की चौथ में करवा चौथ पर्व होता है। इस दिन महिलाओं द्वारा दिन भर निर्जला व्रत रखकर शाम को शिव-पार्वती, कार्तिकेय आदि देवताओं का चित्र और चांद की पूजा करती हैं। इस व्रत का बाजार पर भी अच्छा खासा असर पड़ता है।

# क्विक न्यूज

## शहादत दिवस पर इंदिरा गांधी को कांग्रेसियों ने किया याद

**फतेहपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शहादत दिवस के अवसर पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजित गोष्ठी में उनके द्वारा किये गये कार्यो को याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात गोष्ठी में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष मिस्बाहुल हक ने कहा कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी द्वारा संविधान में सेक्युलर व समाजवादी शब्द जोड़कर पूर्व पीएम ने देश की एकता व अखंडता को मजबूत करने का काम किया है। समाजवादी और सेकुलर शब्द जोड़कर भारत की एकता और अखंडता को बुनियादी तौर पर मजबूत बनाया था। इस अवसर पर आशिक अली, प्रवक्ता इशरत खान, डॉ सिराज अहमद आदि रहे।

## रेडक्रास चेयरमैन ने क्षय रोगियों को बांटी सामग्री

**फतेहपुर।** सरदार पटेल की जयंती पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीबी अस्पताल में क्षय रोगियों को फल, बिस्कुट, मास्क व हाथ धुलने हेतु साबुन वितरित किया। साथ ही शांती देवी की जानकारी के आधार पर कांशीराम कालोनी निवासी दिव्यांग रामश्री की आर्थिक स्थिति खराब होने पर डॉ अनुराग ने उन्हें राशन सामग्री, कपड़े व हाइजीन किट में टूथपेस्ट, टूथब्रश, साबुन, नहाने व कपड़ा धुलने, हेयर आयल सहित कई वस्तुएं प्रदान की।

## महिला की पिटाई के आरोपी पर कार्रवाई

**जालौन, उरई।** महिला के साथ गाली, गलौज कर मारपीट किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी इसराना ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले का ही तौफीक उससे रंजिश मानता है। रंजिश के चलते अक्सर उसके परिवार को परेशान करता रहता है। मंगलवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी। तभी उक्त तौफीक वहां आ गया और उसके साथ गाली, गलौज करने लगा। मना करने पर उसने मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख वह धमकी देकर भाग गया।

## खेल विकास प्रोत्साहन समिति बैठक में डीएम ने दिये निर्देश



**चित्रकूट।** जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति की बैठक स्पोर्टस स्टेडियम में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम समस्त सदस्यों ने अपना परिचय दिया तथा जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी चित्रकूट को प्रोत्साहन समिति की संक्षिप्त वाक्य प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए गए। क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी विजय कुमार द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान में 759000 रुपये की धनराशि जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति के खाते में उपलब्ध है। इसके पूर्व सदस्यों एवं जिलाधिकारी की अनुमति से खेल उपकरण एवं खेल उपयोगी सामग्री खरीदी की गई। प्रोत्साहन समिति में प्रतियोगिताएं करने अनुपकरणों को ऋय करने के लिए धनराशि जमा करना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा है कि समस्त विभाग, प्रोत्साहन समिति के सदस्य इसमें धनराशि जमा कराए। अत्याधुनिक जिम प्रारंभ करने ट्रेनर रखना फीस निर्धारण करने पर भी चर्चा की गई। प्रत्येक माह 700 फीस व 500 रूपये रजिस्ट्रेशन फीस जिम में अभ्यास करने वालों से ली जाए बैडमिंटन हॉल को शीघ्र तैयार करने व विधायक निधि से क्रिकेट फ्लड लाइट को शीघ्र पूरा करने का भी निर्देश दिया गया।

## उत्पाती बंदरों से नगरवासियों में असुरक्षा की भावना बढ़ी

**जालौन, उरई।** नगर में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बंदरों की बढ़ती संख्या से लोग परेशान हैं। नगर के लोगों ने बंदरों को पकड़वाने की मांग वन विभाग के अधिकारियों से की है। नगर में बंदरों की संख्या पहले ही बहुत थी। धीरे-धीरे इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। पहले ये नगर की फुटकर सब्जी मंडी के आसपास के मोहल्ला नारोभास्कर, गणेशजी, चौधरयाना, जोशियाना, हरीपुरा, बैठगंज व बालमभट्ट तक सीमित थे। धीरे-धीरे ये नगर के अधिकांश मोहल्लों में पहुंच गए। गल्ला मंडी, थोक सब्जी व फल सब्जी मंडी व जहां जहां भी उत्सव गृह जहां से उन्हें खाने मिल रहा है, वहीं बंदर पहुंच गए हैं। बंदरों के कारण पहले लोगों को खाने का सामान लेकर जाने, छत पर कपड़े सुखाने या छत पर अनाज आदि सुखाने में दिक्कत होती थी। अब तो इनका आतंक गल्ला मंडी आदि में इतना ही कि मोटरसाइकिल को देखर उसका सीट कवर फाड़ देते हैं। झोले सामान निकालकर ले जाते हैं अगर विरोध करो काट लेते हैं। इसके बाद भी वन विभाग इनको पकड़कर जंगल में भेजने का प्रयास नहीं कर रहा है।

# विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

**उन्नाव।** 31वीं जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतरगत विज्ञान शोध आधारित प्रतियोगिता का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह की अध्यक्षता में सेंट जूड्स कालेज पीतांबर नगर उन्नाव में हुआ। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद की ओर से नोडल एंजेसी इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया।

प्रतियोगिता का मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना था। शोध आधारित इस प्रतियोगिता में 10 से 17 वर्ष के 50 विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर कई नवाचार प्रस्तुत किए। जूनियर वर्ग में सेंट जूड्स कालेज पीतांबर नगर उन्नाव के छात्र वरद गुप्ता ने प्रथम, इसी कालेज के रूपल विमल ने दूसरा स्थान तथा डॉ. जी नाथजी की छात्रा दिव्यांशी मिश्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में जीजीआइसी इंटर कॉलेज नबावगंज की छात्रा जान्हवी सिंह ने प्रथम, श्यामलाल इंटर कॉलेज नबावगंज के छात्र अंकुल चौधरी ने दूसरा तथा एमआरआरएस इण्टर कॉलेज पुरवा उन्नाव के छात्र अनुपम कुशवाह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एमआरआरएस इण्टर कॉलेज की छात्रा अंशिका, नंदनी ने मोटे अनाजों का उन्नाव में उत्पादन बढ़ाने के साथ दैनिक जीवन में महत्व का शोध प्रस्तुत किया। इसी कालेज की छात्रा वंशिका ने आवारा पशुओं को गांव और शहर से गौशाला में पहुंचाने के साथ जैसे सुबह को कूड़ा की गाड़ी आती है, उसी प्रकार बचे हुए भोजन के लिए कूड़ा गाड़ी में अतिरिक्त सुविधा का सुझाव दिया और कहा कि उस भोजन को गौशाला में पहुंचाया जाए, जिस से शहर में आवारा पशुओं की संख्या भी कम होगी तथा उनके लिए भोजन की पूर्ति होगी। कई छात्र-छात्राओं ने मौसमी बीमारी संचारी रोगों से बचाव के लिए औषधि पौधों के महत्व को समझाया। राजकीय इण्टर कॉलेज उन्नाव के छात्रों ने उन्नाव जनपद में फैक्ट्री से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों से उन्नाव का जल दूषित हो रहा है तथा भूमि को नुकसान पहुंच रहा है, उस पर शोध प्रस्तुत किया। महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज के छात्रों ने कई नवाचार प्रस्तुत किए जिनमें एलपीजी रिसाव को जानने तथा उस से होने वाली दुर्घटना से बचने के उपाय, लौहपुरुष पुरुष सरदार पटेल इण्टर कॉलेज की छात्रा सोनाक्षी ने परितंत्र और मानव के बीच के समावेश के महत्व पर शोध प्रस्तुत किया। जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह तथा सेंट जूड्स कालेज पीतांबर की प्रधानाचार्य पारुल भार्गव ने जिले के 50 विद्यालयों से आए छात्र छात्राओं और उनके साथ आए गाइड टीचरों का उत्साह बर्धन किया।

जिला समन्वयक अवध किशोर, निर्णायक मण्डल की डॉ. रेनू शुक्ला, महेंद्र कुमार तिवारी, फारिया जहीर ने सभी मानकों को देखकर निर्णय किया। प्रथम और दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कई विद्यालयों से आए गाइड टीचर प्रसून राज वर्मा, दीपिका कटियार, अमोघ शुक्ला, चन्दन ओझा, सौरभ भारती, एसवी तिवारी, ओमप्रकाश रावत, पूजा पांडे,राजीव कुमार पांडे, अमित कुमार यादव ने बाल वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम संचालन अरविंद कुमार और दीपक कुमार पांडे ने किया।

# पुलिस ने की अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई

**कानपुर देहात।** पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना शिवली पुलिस एवं सर्विलांश व स्पेशल टीम की संयुक्त कार्यवाही के तहत मंगलवार को मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त संदीप कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम मीरपुर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को 20 किलो ग्राम अवैध गांजा सहित केसरी निवादा भेवान नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना शिवली में 375/2023 धारा 8/20 अभियोग पंजीकृत किया गया। वहीं पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया पीतल का एक घण्टा व घटना कारित करने में प्रयुक्त एक अदद प्लास बरामद कर गिरफ्तार किया। इसके खिलाफ लिखित तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

# मिलेट्स रोड शो को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन, कानपुर देहात की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि सांसद जालौन गरौठा, भानुप्रताप वर्मा के प्रतिनिधि श्याम सिंह सिसोदिया प्रतिनिधि की उपस्थिति में जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव / मेला का आयोजन ईको पार्क माती में किया गया। जिसके प्रथम कार्यक्रम के रूप में प्रातः मिलेट्स रोड शो को जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं भारी संख्या में जनपद के प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त रोड शो अन्तर्गत श्री अन्न के लाभों से जनमानस को जागरूक कराने के उद्देश्य से बाइक / कार रैली निकाली गयी, जो ईको पार्क माती से अकबरपुर चौराहे, बाराजोर, नवीपुर चौराहे से होते हुए ईको पार्क माती में समाप्त हुई। तदोपरान्त ईको पार्क सामुदायिक भवन में जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव-मेला एवं फसल अवशेष प्रबन्धन गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में कृषि एवं कृषि समावेशी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

# पेज एक का शेष

## बंद हो...

क्षेत्रों में हर साल मारे गए बच्चों की संख्या से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि ग़ाज़ा में कहीं भी, कोई भी सुरक्षित स्थान नहीं है। उन्होंने आगाह किया कि मूलभूत सेवाएं चरमरा रही हैं, दवाओं, खाद्य सामग्री, पानी और ईंधन की किल्लत हो रही है और सड़कों पर सीवर का पानी बह रहा है जो बहुत जल्द ही बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करेगा। सुरक्षा परिषद में ज्यादातर वक्ताओं ने सात अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर किए गए हमलों की निंदा की जिनमें 1,400 से अधिक लोग मारे गए थे। इन वक्ताओं ने उग्रवादियों द्वारा बंधक बना कर ग़ाज़ा ले जाए गए करीब 230 लोगों की तत्काल रिहाई का भी अनुरोध किया। बहरहाल, प्रत्येक वक्ता ने इस बात पर भी जोर दिया कि इजराइल, अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत नागरिकों की रक्षा के लिए तथा उनके जीवन के लिए जरूरी अस्पताल, स्कूल एवं अन्य अवसंरचनाओं की रक्षा के लिए बाध्य है। परिषद में, कई दिनों से ग़ाज़ा की घेरेबंदी कर वहां खाद्य सामग्री, पानी, ईंधन और दवाओं की आपूर्ति रोकने तथा संचार सेवाएं बाधित करने को लेकर इजराइल की आलोचना भी की गई। इस बीच, इजराइली बलों ने मंगलवार को उत्तरी गाजा में हमास के आतंकवादियों और बुनियादी ढांचे पर जमीनी हमला किया। इजराइली सेना लगातार हवाई हमले भी कर रही है। सेना का कहना है कि तीन सप्ताह पहले शुरू हुए युद्ध के बाद से उत्तरी गाजा से करीब 8,00,000 लोग पलायन कर चुके हैं। इजराइली सेना, इसके टैंक और बख्तरबंद वाहन सोमवार को गाजा के अंदरूनी इलाकों तक पहुंच गए और उन्होंने हमास के आतंकवादियों द्वारा बंदी बनाई गई एक सैनिक को मुक्त करा लिया था। इसके साथ ही इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संघर्ष विराम के आह्वान को मानने से इनकार कर दिया है। इजराइली सेना ने बताया कि सात अक्टूबर को हमास के आतंकवादियों द्वारा हमले के दौरान बंदी बनाई गई एक महिला सैनिक को गाजा में मुक्त करा लिया गया। दो सप्ताह से अधिक समय से चल रहे इस संघर्ष के दौरान ऐसा पहली बार हुआ है। सेना ने एक बयान में कहा कि सैनिक ओरी मेगिडिश (19) की चिकित्सीय जांच की गई, जिसमें वह स्वस्थ पाई गई हैं। उन्होंने अपने परिवार से भी मुलाकात की। हमास ने चार बंधकों को रिहा कर दिया है, और कहा है कि वह इजराइल द्वारा कैद हजारों फलस्तीनी लोगों के बदले में अन्य बंधकों को रिहा कर देगा। हालांकि, इजराइल ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। हमास ने सोमवार को एक वीडियो जारी किया था, जिसमें तीन अन्य महिला बंधकों को दिखाया गया है। सेना ने कहा कि उसने मंगलवार को इलियट शहर के पास इजरायली हवाई क्षेत्र के बाहर एक ड्रोन को नष्ट कर दिया। वहीं, कब्जे वाले वेस्ट बैंक में सेना ने एक दशक पहले निर्वासित हुए हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी सालेह अल-अरौरी के आवास को ध्वस्त कर दिया। इजराइली सैन्य प्रवक्ता जोनाथन कॉनरिक्स ने कहा कि गाजा में जमीनी अभियान उत्तर की ओर केंद्रित है, जिसमें गाजा शहर भी शामिल है। सेना ने इसे हमास का केंद्र करार दिया। प्रवक्ता ने कहा, हम गाजा के अन्य हिस्सों में भी हमले जारी रखे हुए हैं। हम उनके कमांडरों की तलाश कर रहे हैं, हम हमास के बुनियादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं।

## धार्मिक सभा...

प्रदान करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे, साथ ही अस्पताल के कर्मचारियों को भी धन्यवाद दिया जो गंभीर रूप से घायलों की देखभाल कर रहे हैं।

## 'हैकिंग' के...

और गृह मंत्री अमित शाह का नंबर आता है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि जब भी अडाणी से जुड़ा मामला उठाया जाता है तो एजेंसियों को जासूसी में लगा दिया जाता है। उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुए कहा, जितनी टैपिंग करनी है कर लो, हम डरने वाले नहीं हैं। हम लड़ने वाले लोग हैं, हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। महुआ मोइत्रा और प्रियंका चतुर्वेदी इस मुद्दे को उठाने वाली विपक्षी नेताओं में सबसे पहले रहीं। तृणमूल कांग्रेस की सांसद मोइत्रा एक्स पर पोस्ट में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को टैग किया और कहा, आपसे आग्रह है कि आप राजधर्म निभाएं और गृह मंत्रालय के अधिकारियों को तलब करें। विशेषाधिकार समिति को इस मामले पर विचार करना चाहिए। अश्विनी वैष्णव को इस असली सेंधमारी के बारे में चिंता करनी चाहिए। प्रियंका चतुर्वेदी ने भी एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि यह उन्हें एप्पल से प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा, 'आपको शर्म आनी चाहिए। गृह मंत्री कार्यालय के ध्यानार्थ।' तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी इसी तरह का पोस्ट किया। उन्होंने एक्स पर तंज कसते हुए कहा, एप्पल आईडी से प्राप्त हुआ, जिसका मैंने सत्यापन किया है। प्रामाणिकता की पुष्टि हुई। मेरे जैसे करदाताओं के पैसे पर अल्प-रोज़गार अधिकारियों को व्यस्त देखकर खुशी हुई। थरूर ने अपने पोस्ट के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को भी टैग किया। इसी तरह का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए खेड़ा ने कहा, प्रिय मोदी सरकार, आप यह क्यों कर रही हो? आप के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने एक लंबे पोस्ट में कहा कि उन्हें 'एप्पल से संबंधित अधिसूचना' मिली है, जिसमें उनके फोन पर संभावित सरकार-प्रायोजित स्पाइवेयर हमले के बारे में चेतावनी दी गई है। चड्ढा ने कहा कि जासूसी आम चुनाव से महज कुछ महीने पहले हो रही है और इसे विपक्ष पर व्यापक हमलों के अंतर्गत रखा जाना चाहिए। अखिलेश यादव ने दावा किया कि विपक्षी नेताओं का फोन हैक किया जा रहा है और उनकी जासूसी कराई जा रही है। उन्होंने लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिलेश ने कहा, बड़े दुख की बात है कि सुबह-सुबह यह (फोन हैक कराने की) जानकारी मिली। इस तरह का संदेश कंपनी के माध्यम से मोबाइल पर आया। संदेश में कहा गया है कि सरकारी एजेंसी या सरकार की तरफ से आपका (मोबाइल) फोन हैक किया जा रहा है या जासूसी की जा रही है। सरकार ने विपक्षी दलों के सांसदों के इस दावे के बाद जांच के आदेश दिए हैं कि उन्हें (विपक्षी सांसदों को) सरकार प्रायोजित हैकर्स द्वारा उनके आईफोन से छेड़छाड़ किए जाने को लेकर चेतावनी संदेश मिले हैं। सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार सभी नागरिकों की गोपनीयता और सुरक्षा की रक्षा करने की अपनी भूमिका को बहुत गंभीरता से लेती है और इन संदेशों की तह तक जाने के लिए जांच करेगी। मंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा, ऐसी जानकारी और व्यापक अटकलों के आलोक में, हमने एप्पल से कथित सरकार-प्रायोजित छेड़छाड़ पर वास्तविक, सटीक जानकारी के साथ जांच में शामिल होने के लिए भी कहा है। उन्होंने कहा कि जांच सीईआरटी-इन द्वारा की जाएगी। सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज की खतरे की सूचनाएं सांसदों और राजनीति से जुड़े लोगों सहित कई लोगों को मिलने के बाद, एप्पल को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या उसके उपकरण सुरक्षित हैं और ये 'खतरे की सूचनाएं' 150 से अधिक देशों के लोगों के लिए क्यों भेजी जा रही हैं? सांसदों द्वारा साझा किए गए संदेश में कहा गया, 'चेतावनी: सरकार प्रायोजित हैकर्स आपके आईफोन को निशाना बना सकते हैं। इसमें कहा गया कि एप्पल का मानना है कि आपको सरकार-प्रायोजित सेंधमारों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है, जो आपकी एप्पल आईडी से जुड़े आईफोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं। ये हमलावर संभवतः आप कौन हैं या आप क्या करते हैं, इसके कारण आपको व्यक्तिगत रूप से निशाना बना रहे हैं। यदि सरकार प्रायोजित हमलावर द्वारा आपके उपकरण से छेड़छाड़ की जाती है तो वे आपके संवेदनशील डेटा, संचार, या यहां तक कि कैमरा और माइक्रोफ़ोन तक दूरस्थ रूप से पहुंचने में सक्षम हो सकते हैं। हालांकि यह संभव है कि यह एक गलत अलार्म हो, कृपया इस चेतावनी को गंभीरता से लें।

# इजराइली बलों की गाजा सिटी के पास हमास के साथ लड़ाई जारी

**भाषा।** दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)

**इजरायली बलों** ने मंगलवार को उत्तरी गाजा में हमास के आतंकवादियों और बुनियादी ढांचे पर जमीनी हमला किया। इजराइली सेना लगातार हवाई हमले भी कर रही है। सेना का कहना है कि तीन सप्ताह पहले शुरू हुए युद्ध के बाद से उत्तरी गाजा से करीब 8,00,000 लोग पलायन कर चुके हैं। इजराइली सेना, इसके टैंक और बख्तरबंद वाहन सोमवार को गाजा के अंदरूनी इलाकों तक पहुंच गए और उन्होंने हमास के आतंकवादियों द्वारा बंदी बनाई गई एक सैनिक को मुक्त करा लिया था। इसके साथ ही इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संघर्ष विराम के आह्वान को मानने से इनकार कर दिया है। इजराइली सेना ने बताया कि सात अक्टूबर को हमास के आतंकवादियों द्वारा हमले के दौरान बंदी बनाई गई एक महिला सैनिक को गाजा में मुक्त करा लिया गया। दो सप्ताह से अधिक समय से चल रहे इस संघर्ष के दौरान ऐसा पहली बार हुआ है। सेना ने एक बयान में कहा कि सैनिक ओरी मेगिडिश (19) की चिकित्सीय जांच की गई, जिसमें वह स्वस्थ पाई गई हैं। उन्होंने अपने परिवार से भी मुलाकात की। हमास ने चार बंधकों को रिहा कर दिया है, और कहा है कि वह इजराइल द्वारा कैद हजारों फलस्तीनी लोगों के बदले में अन्य बंधकों को रिहा कर देगा। हालांकि, इजराइल ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। हमास ने सोमवार को एक वीडियो जारी किया था, जिसमें तीन अन्य महिला बंधकों को दिखाया गया है। सेना ने कहा कि उसने मंगलवार को इलियट शहर के पास इजरायली हवाई क्षेत्र के बाहर एक ड्रोन को नष्ट कर दिया। वहीं, कब्जे वाले वेस्ट बैंक में सेना ने एक दशक पहले निर्वासित हुए हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी सालेह अल-अरौरी के आवास को ध्वस्त कर दिया।



### ब्रिटेन की गृह मंत्री ने इजराइल-गाजा संघर्ष को लेकर देश में हो रहे विरोध प्रदर्शनों को नफरती मार्च बताया

**लंदन।** ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने इजराइल-गाजा संघर्ष को लेकर देश में बड़े पैमाने पर हो रहे विरोध प्रदर्शनों को नफरती मार्च करार देते हुए कहा कि घृणित तत्वों से निपटने के लिए जरूरत पड़ने पर वह आतंकवाद रोधी कानून को बदलने में संकोच नहीं करेंगी। भारतीय मूल की सुएला ने सोमवार को ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की अध्यक्षता में आपातकालीन सुरक्षा बैठक के बाद बोल रही थीं। उन्होंने पुष्टि की कि ब्रिटेन के संयुक्त आतंकवाद विश्लेषण केंद्र (जेटीएसी) के साथ अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से देश के खतरे के स्तर को गंभीर बनाए रखने पर सहमति हुई है, जिसका अर्थ है कि हमले की आशंका बनी हुई है। सुएला ने पुलिस से आह्वान किया कि वह यहूदी विरोधी भावना को कतई बर्दाश्त नहीं करने का रुख बनाए रखे। पिछले दिनों लंदन और अन्य शहरों में बड़े पैमाने पर फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों के बारे में पूछे जाने पर गृह मंत्री ने कहा, मेरे विचार से, उन मार्च का वर्णन करने का एक ही तरीका है- वे नफरती मार्च हैं।

## यूक्रेन के एक गांव पर हुए हमले में 59 लोगों की मौत की जांच कराए रूस : संरा के जांचकर्ता

**भाषा।** कीव



**संयुक्त राष्ट्र** (संरा) के जांचकर्ताओं ने मंगलवार को रूस से अनुरोध किया कि वह यूक्रेन के एक गांव में 59 लोगों की जान लेने वाले एक मिसाइल हमले की जिम्मेदारी लेकर घटना की पारदर्शी जांच कराए और पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के साथ इसके लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करे। ह्रोजा गांव में पांच अक्टूबर को एक कैफे पर किया गया हमला रूसी सेना द्वारा 20 महीने पहले शुरू आक्रमण के बाद सबसे घातक हमलों में से एक था। रूसी सैनिकों से लड़ते हुए मारे गए एक स्थानीय सैनिक के अंतिम संस्कार में शामिल होने के दौरान पूरे परिवार नष्ट हो गए। विस्फोट में 36 महिलाएं, 22 पुरुष और एक आठ वर्षीय लड़के की मौत हो गई। हमला इतना भयावह था कि कई शवों के टुकड़े-टुकड़े हो गए और सभी मृतकों की पहचान करने में लगभग एक सप्ताह लग गया। यूक्रेन में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निगरानी मिशन ने मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा कि उसके पास यह विश्वास करने का उचित आधार है कि एक रूसी इस्कंदर मिसाइल – छोटी दूरी पर सटीक मार करने वाला निर्देशित विध्वंसक हथियार, के कारण संभवत: ह्रोजा में विस्फोट हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि घटनास्थल पर व्यापक तबाही और हथियार के मलबे ने जांचकर्ताओं को इस निष्कर्ष पर पहुंचाया। मॉस्को और कीव के अधिकारियों ने मंगलवार की रिपोर्ट पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की है। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने मंगलवार तड़के कहा कि पिछले 24 घंटों में एक नागरिक की मौत हो गई और कम से कम 17 अन्य लोग घायल हो गए।

## सिफर मामला : पाकिस्तान की अदालत ने इमरान खान के खिलाफ सुनवाई सात नवंबर तक स्थगित की

**भाषा।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को 10 गवाहों में से किसी का भी बयान दर्ज किए बिना पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सिफर मामले की सुनवाई सात नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी इमरान (71) को पिछले साल मार्च में वाशिंगटन स्थित पाकिस्तानी दूतावास द्वारा भेजे गए एक गुप्त राजनयिक केबल (सिफर) को लीक करके आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज होने के बाद इस वर्ष अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल जेल में हैं। इमरान के साथ पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी पर भी मामले में आरोप लगाए गए हैं। मामले में खान और सह-आरोपी कुरैशी के खिलाफ बयान दर्ज कराने के लिए 10 गवाह सामने आए थे। इन्हें संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) द्वारा लाया गया था, जिसने खान और कुरैशी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश अबुल हसनात जुल्करनैन ने गवाहों और अभियुक्तों की उपस्थिति दर्ज करने का आदेश दिया और बाद में उन्होंने सुनवाई स्थगित करने का फैसला किया और गवाहों को सात नवंबर को फिर से बुलाया।

### इजराइली सेना ने गाजा में महिला सैनिक को मुक्त कराया, नेतन्याहू संघर्ष विराम के पक्ष में नहीं

खान यूनिस (गाजा पट्टी)। इजराइली सेना, इसके टैंक और बख्तरबंद वाहन सोमवार को गाजा के अंदरूनी इलाकों तक पहुंच गए और उन्होंने हमास के उग्रवादियों द्वारा बंदी बनाई गई एक सैनिक को मुक्त करा लिया। इसके साथ ही इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संघर्ष विराम के आह्वान को मानने से इनकार कर दिया।

**Public Notice**

KNOW ALL MEN THAT, we **Mukesh Kumar Gupta** and **Mrs. Sapna Gupta** do, hereby declare that we are the joint and absolute Owners in respect of property i.e. Apartment **No. 401**, situated in the **Group Housing Tower no 9 (Marigold Tower)**, known as Sushant Estate Project, Sushant Lok-1, situated at Village Kanhai, Tehsil & Distt. Gurgram, Haryana. We further declare that we have lost/misplaced original General Power of Attorney dated 04/05/2009 executed by Mrs. Jayashree Jayanand in favour of K Jayanand,in respect of our said property. If anyone finds the said document please contact the undersigned. **Mukesh Kumar Gupta** S/o Mr. Krishan Lal Gupta **R/o T9/301 Sushant Estate Sector 52 Gurgaon. Mob: +917042138884**

**!! न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग !!**

**उदघोषणा**

रा.प.क्रं./202310100700098/अ-06/वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अवनीश मिश्रा पिता ए.पी. मिश्रा निवासी न्यू आर्दश नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम-बोरसी, प.ह.नं.-39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 274/111, 247/112 रकबा कमशः 900 वर्गफीट, 900 वर्गफीट भूमि को दिनांक 26/12/2018 में कंपनी के तात्कालीक डायरेक्टर प्रशांत मल्होत्रा पिता स्व नरेन्द्र मल्होत्रा निवासी जंगपुरा नई दिल्ली के माध्यम से क्रय किया गया था, जिन्होने 10/11/20219 को इनक्लाइंन ग्रीन प्राईवेट लिमिटेड नई दिल्ली से इस्तीफा दे दिया है, तथा वर्तमान में इनक्लाइंन ग्रीन प्राईवेट लिमिटेड नई दिल्ली के डायरेक्टर अवनीश मिश्रा पिता ए.पी. मिश्रा के द्वारा कंपनी की जमीन को श्रीमती रुपा सेन को बेचा जा रहा है, इस हेतू नामांतरण कर प्रशांत मल्होत्रा स्व नरेन्द्र मल्होत्रा कि जगह अवनीश मिश्रा पिता ए.पी. मिश्रा के नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06/11/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/10/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया

हस्ता/-
तहसीलदार,
दुर्ग

जारी दिनांक - 28/10/2023
सुनवाई दिनांक - 06/11/2023

## इज़राइल-हमास संघर्ष सीरिया में फैल रहा : संयुक्त राष्ट्र राजदूत

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र



**सीरिया** के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत ने कहा है कि इज़राइल–हमास युद्ध सीरिया तक फैल रहा है जो पहले ही बढ़ती अस्थिरता, हिंसा और 12 साल से चल रहे संघर्ष का राजनीतिक समाधान नहीं होने जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडर्सन ने सुरक्षा परिषद में कहा कि सीरिया में चरम हिंसा के बीच अंदेशा है कि सीरियाई लोगों को अब व्यापक तनाव की भयावह का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति सात अक्टूबर को हमास द्वारा इज़राइल पर हमला करने और इसके बाद इज़राइल की ओर से गाज़ा में सैन्य कार्वाई शुरू करने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि संघर्ष के सीरिया में फैलने का खतरा नहीं है, बल्कि यह पहले ही फैल चुका है। पेडर्सन ने उन घटनाओं को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें इज़राइल ने सीरिया के अलप्पो और दमिश्क हवाई अड्डों पर कई बार हमला किया है और अमेरिका ने भी सीरिया में हमले किए हैं। अमेरिका ने दावा किया है कि सीरियाई क्षेत्र में ईरान समर्थित समूहों द्वारा उसके बलों पर हमले किए गए थे जिसके जवाब में उसने कार्वाई की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सबसे ज्यादा तनाव है और जोखिम भरी स्थिति है तथा आग में और घी डाला जा रहा है जिससे सीरिया में आग भड़कनी शुरू हो चुकी है जो सात अक्टूबर से पहले से ही हिंसा में बढ़ोतरी देख रहा है। पेडर्सन ने कहा कि 2020 के बाद से सीरिया में मारे गए, जख्मी हुए और विस्थापित हुए लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है। उन्होंने सरकार नियंत्रित इलाकों में हमलों में बढ़ोतरी का हवाला दिया। वहीं, अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने आरोप लगाया कि सीरिया और ईरान द्वारा समर्थित कुछ आतंकवादी समूह इज़राइल के खिलाफ हमले की साज़िश रचने और आक्रमण करने के लिए सीरियाई क्षेत्र का इस्तेमाल कर गाज़ा संघर्ष को फैलाने का खतरा पैदा कर रहे हैं। उन्होंने सीरिया पर ईरान और आतंकवादी समूहों को सैन्य उद्देश्यों के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का इस्तेमाल करने की इजाजत देने का भी आरोप लगाया। ग्रीनफील्ड ने कहा, हम सरकार से मांग करते हैं कि वह सीरिया में ईरान समर्थित मिलिशिया गतिविधियों पर अंकुश लगाए। अपने क्षेत्र के जरिए विदेशी हथियारों व लड़ाकों की आपूर्ति पर रोक लगाए और गोलन हाइट्स पर तनाव भड़काने वाली गतिविधियों को रोके। उन्होंने कहा, अमेरिका ने सभी तत्वों को चेताया है कि वे गाज़ा में स्थिति का फायदा संघर्ष को फैलाने के लिए न उठाएं। अमेरिकी राजदूत ने कहा, हम स्पष्ट कर चुके हैं कि सीरिया में हमारे कर्मियों, ठिकानों या अमेरिकी हितों के खिलाफ हमले हुए तो हम जवाब देंगे। सीरिया के करीबी सहयोगी रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने इज़राइली बलों पर सीरिया में असैन्य हवाई अड्डों समेत कई स्थानों पर हमले करने का आरोप लगाया और सीरिया में अमेरिकी हमलों को अवैध कार्वाई और सीरिया की संप्रभुता का गंभीर उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने कहा कि इज़राइल हमास संघर्ष की वजह से तनाव बहुत बढ़ गया है और जिस तरह से अमेरिका ने हमला किया है, वैसे हमले होने से संघर्ष पूरे क्षेत्र में फैल सकता है। उन्होंने कहा, यह स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। ईरान के संयुक्त राष्ट्र में राजदूत आमिर इरावनी ने अमेरिका के सभी दावों को खारिज करते हुए कहा कि उनका देश सीरिया के आग्रह पर आतंकवाद से लड़ने के लिए दमिश्क में है। उन्होंने अमेरिका पर दोष को दोषी के बजाय पीड़ित पर डालने का प्रयास करने का आरोप लगाया। इरावनी ने परिषद से कहा कि अमेरिका द्वारा इज़राइल को अटूट समर्थन देना समस्या का एक कारण है। उन्होंने कहा कि अमेरिका एवं कुछ पश्चिमी देश इज़राइल को आत्मरक्षा का गैर न्यायोचित अधिकार देने की कोशिश कर रहे हैं जबकि वे फलस्तीनी लोगों के आत्मरक्षा के अधिकार को नज़रअंदाज कर रहे हैं और फलसीनी विरोध की तुलना आतंकवाद से कर रहे हैं।

### चिली में 6.6 की तीव्रता का भूकंप, अर्जेंटीना में भी महसूस किए गए झटके

**सैंटियागो (चिली)।** दक्षिण अमेरिकी देश चिली के उत्तरी तट पर मंगलवार सुबह 6.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया जिसके झटके पड़ोसी देश अर्जेंटीना के कई प्रांतों में भी महसूस किए गए। लेकिन जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि इस भूकंप के कारण सुनामी (समुद्री लहरों का खतरनाक स्तर तक उठना) का कोई खतरा नहीं है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की ओर से कहा गया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 9:33 बजे (12:33 बजे जीएमटी) पर आया और इसका केंद्र चिली के अटाकामा क्षेत्र के शहर हुआस्को से 42 किमी (26 मील) दक्षिण पश्चिम में था। भूकंप की गहराई 35 किलोमीटर थी। चिली के राष्ट्रीय आपातकालीन कार्यालय ने किसी नुकसान की सूचना नहीं दी है वहीं चिली की नौसेना ने सुनामी की आशंका को खारिज कर दिया।

### जापान: डाकघर में एक कर्मी को आठ घंटे तक बंधक बनाने वाला बंदूकधारी पकड़ा गया

**टोक्यो।** जापान के एक डाकघर में उसके एक कर्मी को आठ घंटे तक बंधक बनाने वाले बंदूकधारी को पुलिस ने कथित तौर पर पकड़ने के साथ कर्मचारी को भी छुड़ा लिया है। एनएचके टेलीविजन ने मंगलवार को यह खबर दी। आठ घंटे से अधिक समय तक के गतिरोध के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। टोक्यो के उत्तर में वारबी में स्थित डाकघर में आरोपी व्यक्ति बंदूक के साथ घुस गया था। इसके एक घंटे पहले पास के शहर टोडा में एक अस्पताल में गोलीबारी की गई थी जिसमें दो लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने कहा कि वह एक साथ दोनों मामलों की जांच कर रही है क्योंकि आशंका है कि दोनों घटनाएं एक-दूसरे से संबंधित हो सकती है।

### अमेरिका में हिंदू मंदिर को चोरों ने बनाया निशाना

न्यूयॉर्क। अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में चोरों ने एक हिंदू मंदिर में घुसकर दान पेटी चुरा ली। सैक्रामेंटो बी अखबार की खबर के अनुसार, यह घटना सोमवार देर रात पार्कवे के नजदीक हरि ओम राधा कृष्ण मंदिर में हुई। चोरों ने रात करीब दो बजकर 15 मिनट पर वारदात को अंजाम दिया। सैक्रामेंटो पुलिस विभाग हिंदू मंदिर में चोरी की जांच कर रहा है। पुलिस ने फिलहाल यह नहीं बताया है कि किन सामानों की चोरी हुई है, लेकिन संकेत मिले है कि एक दान पेटी की चोरी की गई है। पुलिस ने कहा कि फिलहाल किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है, लेकिन जांच जारी है। इस बीच, अमेरिका के एक संगठन कोअलिशन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका (सीओएचएनए) ने इस घटना की निंदा करते हुए सैक्रामेंटो पुलिस से इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लेने और संभावित घृणा अपराध के रूप में इसकी जांच करने को कहा है। जब इसकी चेतावनी मिली उस समय गुरु महाराज और उनकी पत्नी घर पर थे।

### चीन के पूर्व प्रधानमंत्री ली क्विंग की दो नवंबर को अंतएष्टि की जाएगी

बीजिंग। चीन के पूर्व प्रधानमंत्री ली क्विंग की यहां बृहस्पतिवार को अंतएष्टि की जाएगी। दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो जाने के कुछ दिनों बाद मंगलवार को एक आधिकारिक घोषणा में यह जानकारी दी गई। पद से इस्तीफा देने के कुछ महीनों बाद ली (68) का 27 अक्टूबर को शंघाई में निधन हो गया। सरकारी मीडिया की खबर के अनुसार, उन्होंने मार्च में सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया था। सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार, कॉमरेड ली के पार्थिव शरीर की अंतएष्टि बृहस्पतिवार को बीजिंग में की जाएगी। ली को 2012 में सत्तारूढ़ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) का नेतृत्व करने के लिए शी के खिलाफ मजबूत दावेदार माना जा रहा।

## बांग्लादेश ने बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच अर्धसैनिक बलों की तैनाती की

**भाषा।** ढाका



**बांग्लादेश** की मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) द्वारा मंगलवार से तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी परिवहन नाकेबंदी करने के आह्वान के मद्देनजर सरकार ने देशभर में अर्धसैनिक बलों को तैनात कर दिया और पुलिस विभाग तथा अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए कहा गया है। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने बताया कि उन्होंने देशभर में जवान तैनात कर दिए हैं, जबकि अर्धसैनिक बल के सैकड़ों जवान राष्ट्रीय राजधानी ढाका में तैनात रहेंगे। अर्धसैनिक बल के एक प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा, कानून और व्यवस्था बनाए रखने और प्रमुख राजमार्गों की सुरक्षा के लिए आवश्यक संख्या में बीजीबी प्लाटून को देशभर में भेजा गया है। विशिष्ट अपराध विरोधी रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) के प्रवक्ता ने कहा कि बल के कर्मी प्रमुख शहरों में सतर्क रहेंगे और जरूरत के अनुसार मोर्चा संभाल लिया जाएगा। गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल ने सोमवार देर रात कानून–व्यवस्था मामलों कोर समिति की बैठक बुलाई और पुलिस तथा अन्य कानून प्रवर्तन और सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हालात की समीक्षा की। बैठक से अवगत एक अधिकारी ने कहा, कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों के प्रमुखों को विपक्ष के तीन दिवसीय परिवहन नाकेबंदी के दौरान तोड़फोड़ और हिंसा की घटना को रोकने के लिए अधिक सतर्कता बरतने को कहा गया है। सोमवार रात अज्ञात बदमाशों ने दक्षिण–पूर्वी बंदरगाह शहर चट्टोग्राम और राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित गाजीपुर शहर में दो खाली बसों में आग लगा दी, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई।

### भारतीय मूल का व्यक्ति भारतीय महिला की हत्या मामले में आरोपित

**लंदन।** भारतीय मूल के एक व्यक्ति (23) को एक भारतीय महिला की हत्या के मामले में आरोपित किया गया है जो दक्षिण लंदन के क्रोयडन में एक घर में मृत पाई गई थी। उसके शव पर चाकू से किए गए घाव थे।रविवार शाम को पुलिस और चिकित्सा कर्मचारियों को घटनास्थल पर बुलाया गया जिन्होंने महिला महक शर्मा को मृत घोषित कर दिया। इस बाद से ही आरोपी शैल शर्मा हिरासत में हैं।मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि मृतक के परिजन को सूचना दे दी गई है और मंगलवार को विशेष पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।पुलिस ने कहा, महक के परिजन को सूचना दे दी गई है, औपचारिक तौर पर पहचान की प्रतीक्षा की जा रही है। उसने कहा, मंगलवार 31 अक्टूबर को विशेष पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। स्थानीय मीडिया की खबर के अनुसार, माना जाता है कि महक हाल ही में भारत से आई थी। महिला और आरोपी के बीच संबंध के बारे में अभी पता नहीं चल सका है।

## फ्रंटलाइन को एआई से बदलना एक बुरा विचार हो सकता है

**भाषा।** लंदन

**उपभोक्ताओं** का स्वागत करने और उनके सवालों के जवाब देने के लिए व्यवसायों द्वारा एआई चैटबॉट पहले से ही व्यापक रूप से फ़ोन पर या वेबसाइटों पर उपयोग किए जा रहे हैं। कुछ कंपनियों को लगता है कि वह कॉल सेंटर भूमिकाओं में इंसानों की जगह मशीनों का इस्तेमाल कर सकती हैं।हालाँकि, उपलब्ध साक्ष्य से पता चलता है कि ऐसे क्षेत्र हैं – जैसे स्वास्थ्य सेवा और मानव संसाधन – जहाँ इन फ्रंटलाइन उपकरणों के उपयोग के संबंध में अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है, और नैतिक निरीक्षण आवश्यक हो सकता है।एक हालिया और अत्यधिक प्रचारित उदाहरण टेसा नामक चैटबॉट का है, जिसका उपयोग अमेरिका में नेशनल ईटिंग डिसऑर्डर एसोसिएशन (एनईडीए) द्वारा किया गया था। संगठन ने शुरू में वेतनभोगी कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के संयोजन द्वारा संचालित एक हेल्पलाइन बना रखी थी। इसका स्पष्ट लक्ष्य खाने के विकारों से पीड़ित लोगों की सहायता करना था। हालाँकि, इस वर्ष, संगठन ने अपने हेल्पलाइन कर्मचारियों को चलता कर दिया और साथ ही यह ऐलान किया कि वह उनकी जगह टेसा चैटबॉट को लेगा। इसके कारण विवादित हैं। पूर्व कर्मचारियों का दावा है कि यह बदलाव हेल्पलाइन कर्मचारियों द्वारा यूनियन बनाने के निर्णय के बाद किया गया। एनईडीए के उपाध्यक्ष ने कॉल की बढ़ती संख्या और प्रतीक्षा समय बढ़ते जाने के साथ-साथ स्वयंसेवी कर्मचारियों का उपयोग करने के संबंध में कानूनी देनदारियों का हवाला दिया।जो भी मामला हो, काम करने की एक बहुत ही संक्षिप्त अवधि के बाद, टेसा को इन खबरों के बाद ऑफ़लाइन कर दिया गया था कि चैटबॉट ने समस्याग्रस्त सलाह जारी की थी जो खाने के विकारों के लिए मदद मांगने वाले लोगों के लक्षणों को बढ़ा सकती थी।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से देंगे शिक्षा को बढ़ावा

एम्बाईब को 55,000 से अधिक स्कूलों में विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान में बेहतर शिक्षा प्रदान करने, विद्यार्थियों को पढ़ाने के साथ-साथ उनके शैक्षणिक परिणामों में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अपनी संपूर्ण डिजिटल शिक्षा सामग्री और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से संचालित वैयक्तिकरण के लिए चुना गया है। पेटेंट तकनीक द्वारा संचालित एम्बाईब की आकर्षक,एआई-आधारित कक्षा सामग्री पाठ की प्रभावशीलता जांचने के लिए एक विस्तृत ट्रैकिंग की सुविधा देती है, जिसका उपयोग राज्य भर में स्मार्ट कक्षाओं को सशक्त बनाने के लिए किया जाएगा।उत्तर प्रदेश सरकार उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 40,000 स्मार्ट क्लासरूम, ब्लॉक संसाधन केंद्रों (बीआरसी) के 880 ब्लॉकों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) लैब स्थापित करने के लिए पर्याप्त निवेश कर रही है और प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में 2,09,863 टैबलेट (2 टैबलेट प्रति विद्यालय) वितरित कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार और एम्बाईब के बीच साझेदारी उत्तर प्रदेश में विद्यार्थियों को एनईपी दिशानिर्देशों के अनुरूप सर्वोत्तम डिजिटल शिक्षा सामग्री प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यूपी बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा विभाग ने यूपी के निपुण भारत लक्ष्यों को तेजी से हासिल करने के लिए एम्बाईब के साथ एक गैर-वित्तीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, एम्बाईब की संस्थापक और सीईओ, श्रीमती अदिति अवस्थी ने कहा कि एक ऐसे एडटेक प्लेटफॉर्म और सामग्री का निर्माण जो उत्तर प्रदेश सरकार के निपुण भारत विजन को पूरा कर सके, मेरे जीवन भर का सपना रहा है, जो ग्यारह वर्षों के दृढ़ संकल्प के बाद ही साकार हो सका है। हम इस अवसर के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के आभारी हैं और इस साझेदारी की सफलता के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आश्वासन देते हैं कि हम अंतिम विद्यार्थी तक प्रभाव डालने के लिए जरूरी नवाचार और समायोजन सुनिश्चित करेंगे।

**ICICI Bank**

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली –110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी**

[नियम 8(6) का परंतुक देखें]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई–नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :–

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह–कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | मेसर्स राजश्री ट्रेडिंग कंपनी (कर्ज़दार), राजकमल शर्मा (सह–कर्ज़दार/ गारंटर/ बंधककर्ता), राजश्री शर्मा (गारंटर), ऋण खाता संख्या 739005000009 और 739055000002 | प्रॉपर्टी बेयरिंग नंबर एमसी नंबर 596 (पुराना) और नया एमसी नंबर 437, पहली मंज़िल, बिना छत के अधिकार, मंदिर वाली गली में स्थित, नया बांस, खारी बावली दिल्ली–110006/ क्षेत्रफल– 100.34 वर्ग मीटर (120 वर्ग गज) | रु. 1,60,00,151.69 (अक्टूबर 18, 2023 तक) | रु. 92,34,000/- / रु. 9,23,400/- | नवंबर 18, 2023 को दोप. 03:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक | नवंबर 28, 2023 को सु. 11:00 बजे से दोप. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई–नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवंबर 24, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/ इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, तीसरी मंज़िल,न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली –110005** में **नवंबर 24, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **नवंबर 24, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली –110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवंबर 24, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8928935040/ 8584874809** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड व 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : नवंबर 01, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

**भौतिक कब्जा सूचना**

**ICICI Home Finance**

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई–400051

**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जे.बी. नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई–400059

**शाखा कार्यालय :** प्रथम तल, नंबर 159/20, सुधा कॉम्प्लेक्स, एटलस रोड, निकट सुभाष चौक, सोनीपत–131001

**शाखा कार्यालय :** द्वितीय तल, एससीओ–319, सेक्टर–29, गुरूग्राम, हरियाणा–122001

**जबकि,**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें नीचे वर्णित कर्जदारों से सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

जबकि, कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा नीचे दी गई तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की बकाया राशि अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का विवरण/ कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राव फूल चंद शिक्षा और खेल समिति (कर्जदार), धर्म पाल (सह–कर्जदार), विक्रम सिंह (सह–कर्जदार), ज्योति कुमारी (सह–कर्जदार), वीरेन्द्र सिंह (सह–कर्जदार), एलएचएसएनपी00001298425 | एनए सम्पत्ति सं. 1, खेवट नंबर 151, खतौनी नंबर 165 तथा खेवट नंबर 65, खतौनी नंबर 70, किला नंबर 14//5/1, 43//8, 48//7/1, 14/2, 15, 16, 17, 24, 25, 49//11, 20, 21, 51//4/2, 5, 6, 7, 8 और खेवट नंबर 104, खतौनी नंबर 110 एवं किला नंबर 38//18/2, 23/2, 24, 25, 43//3/2, 4/1, 50//1, 2, 3/1, 51//2, 3, 4/1, ग्राम सलूनी, तहसील नारनौल–123001 कब्जा की तिथि : 27–10–2023 | 25–03–2022 रू. 76,00,820/– | सोनीपत–बी |
| 2. | राव फूल चंद शिक्षा और खेल समिति (कर्जदार), धर्म पाल (सह–कर्जदार), विक्रम सिंह (सह–कर्जदार), ज्योति कुमारी (सह–कर्जदार), वीरेन्द्र सिंह (सह–कर्जदार), एलएचएसएनपी00001358366 | एनए सम्पत्ति सं. 1, खेवट नंबर 151, खतौनी नंबर 165 तथा खेवट नंबर 65, खतौनी नंबर 70, किला नंबर 14//5/1, 43//8, 48//7/1, 14/2, 15, 16, 17, 24, 25, 49//11, 20, 21, 51//4/2, 5, 6, 7, 8 और खेवट नंबर 104, खतौनी नंबर 110 एवं किला नंबर 38//18/2, 23/2, 24, 25, 43//3/2, 4/1, 50//1, 2, 3/1, 51//2, 3, 4/1, ग्राम सलूनी, तहसील नारनौल–123001 कब्जा की तिथि : 27–10–2023 | 25–03–2022 रू. 49,61,803/– | सोनीपत–बी |
| 3. | राव फूल चंद शिक्षा और खेल समिति (कर्जदार), धर्म पाल (सह–कर्जदार), विक्रम सिंह (सह–कर्जदार), ज्योति कुमारी (सह–कर्जदार), वीरेन्द्र सिंह (सह–कर्जदार), एलएचआरडब्ल्यूआई 00001294899 | एनए सम्पत्ति सं. 1, खेवट नंबर 151, खतौनी नंबर 165 तथा खेवट नंबर 65, खतौनी नंबर 70, किला नंबर 14//5/1, 43//8, 48//7/1, 14/2, 15, 16, 17, 24, 25, 49//11, 20, 21, 51//4/2, 5, 6, 7, 8 और खेवट नंबर 104, खतौनी नंबर 110 एवं किला नंबर 38//18/2, 23/2, 24, 25, 43//3/2, 4/1, 50//1, 2, 3/1, 51//2, 3, 4/1, ग्राम सलूनी, तहसील नारनौल–123001 कब्जा की तिथि : 27–10–2023 | 25–03–2022 रू. 2,27,08,517/– | गुरूग्राम 1 (सेक्टर 29) –बी |

उपरि–वर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि वे उक्त राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, उपरोक्त बंधक रखी सम्पत्तियां, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 01–11–2023
स्थान : नारनौल

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

# केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर के खिलाफ प्राथमिकी, भाजपा ने की आलोचना

**भाषा।** कोच्चि (केरल)

**केरल विस्फोट**

**विभिन्न** समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने वाले बयान देने के आरोप में केंद्रीय राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ मंगलवार को एक मामला दर्ज किया गया। इस कदम की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आलोचना की है। भाजपा ने कार्रवाई की निंदा की है, वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन द्वारा किए जा रहे हमास के तुष्टिकरण को उजागर करने के कारण प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों नेताओं पर प्रहार करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनके खिलाफ विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के दोनों साझेदारों ने संयुक्त रूप से मामला दर्ज कराया है। उन्होंने दोनों नेताओं पर आरोप लगाया कि वे बेशर्मी से एसडीपीआई, पीएफआई और हमास जैसे जहरीले कट्टरपंथी संगठनों का तुष्टिकरण कर रहे हैं।

चंद्रशेखर ने कहा, इसलिए विपक्षी गठबंधन के दोनों साझेदार राहुल गांधी और पिनराई विजयन ने संयुक्त रूप से मेरे खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय राजनीति के दो सबसे बड़े तुष्टिकरणकर्ता- जो बेशर्मी से एसडीपीआई, पीएफआई और हमास जैसे जहरीले कट्टरपंथी हिंसक संगठनों का तुष्टिकरण करते हैं, जिनकी राजनीति ने दशकों से जम्मू-कश्मीर से लेकर पंजाब और केरल तक कट्टरपंथ पैदा किया है और कई निर्दोष लोगों एवं सुरक्षा बलों की जान ली है – हमास के उनके तुष्टिकरण को उजागर करने पर मुझे मुकदमे के जरिए धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले दिन में, भाजपा की केरल इकाई के अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने आरोप लगाया कि विजयन सरकार की इस कार्वाई का मकसद विभाजनकारी ताकतों और चरमपंथी विचारों वाले लोगों की मदद करना और उन्हें बढ़ावा देना है। तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से कहा, यह पिनराई विजयन सरकार के दोहरे मानदंडों को दिखाता है।

पार्टी ने कहा कि वह केंद्रीय मंत्री के खिलाफ मामले से राजनीतिक और कानूनी दोनों तरीके से निपटेगी। केरल पुलिस ने कोच्चि विस्फोट और हाल में राज्य के मलप्पुरम जिले में एक इस्लामिक समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हमास नेता के एक वर्चुअल संबोधन के संबंध में सोशल मीडिया पर मंत्री के बयानों को लेकर प्राथमिकी दर्ज की है। कोच्चि शहर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्री के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए (धर्म, नस्ल, जन्म स्थान, आवास के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना) और केरल पुलिस अधिनियम की धारा 120 (ओ) (उपद्रव करना और लोक व्यवस्था का उल्लंघन करना) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

प्राथमिकी कोच्चि शहर साइबर प्रकोष्ठ के उप निरीक्षक की शिकायत पर दर्ज की गई है। सुरेंद्रन ने कोच्चि बम विस्फोटों को आतंकवादी कृत्य बताने के लिए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन के खिलाफ मामला दर्ज न करने को लेकर वामपंथी सरकार और पुलिस की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इजराइल पर हमास के हमले की प्रशंसा करने के लिए इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के विधायक एम के मुनीर और माकपा नेता एम. स्वराज के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि सरकार हाल में राज्य के मलप्पुरम जिले में एक कार्यक्रम आएाजित करने वाले इस्लामिक समूह के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए तैयार नहीं है जिसमें हमास नेता ने वर्चुअल रूप से लोगों को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन वे एक केंद्रीय मंत्री के खिलाफ मामला दर्ज कर रहे हैं जिन्होंने इसके खिलाफ बोला। यह प्राथमिकी वोट बैंक की राजनीति के आधार पर एक घृणित फैसला है। इसका मकसद आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक लाभ हासिल करना है।

भाजपा नेता ने यह भी दावा किया कि केंद्रीय मंत्री के खिलाफ मामला उन लोगों को खुश करने के लिए दर्ज किया गया है जो देश के खिलाफ हैं और जो देश से प्यार नहीं करते हैं। रविवार को कोच्चि के समीप कलमशशेरी में यहोवा के साक्षी संप्रदाय की धार्मिक सभा में बम विस्फोट की खबरों के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की आलोचना करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर कुछ पोस्ट किए थे। उन्होंने कहा था, भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे एक बदनाम मुख्यमंत्री (और राज्य के गृह मंत्री) पिनराई विजयन की गंदी बेशर्म तुष्टीकरण की राजनीति। दिल्ली में बैठकर इजराइल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि केरल में आतंकवादी हमास द्वारा जिहाद के खुले आह्वान के कारण निर्दोष ईसाइयों पर हमले और बम विस्फोट हो रहे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री और चंद्रशेखर के बीच सोमवार को जुबानी जंग हुई। भारतीय जनता पार्टी के नेता ने विजयन को झूठा बताया और इस पर पलटवार करते हुए विजयन ने केंद्रीय राज्यमंत्री को बेहद जहरीला करार दिया।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अगर कोई कानून का उल्लंघन करने वाले बयान देता है, भले ही वह केंद्रीय या राज्य मंत्री ही क्यों न हो, तो उसके खिलाफ मामले दर्ज किए जाएंगे। इस बीच, कांग्रेस ने केरल के पुलिस प्रमुख के समक्ष राज्य में साम्प्रदायिक द्वेष फैलाने के उद्देश्य से की गई कथित टिप्पणियों के लिए चंद्रशेखर, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल के एंटनी, गोविंदन, एर्नाकुलम के पूर्व सांसद सेबेस्टियन पॉल, भाजपा के पूर्व प्रवक्ता संदीप जी वेरियर और तृणमूल कांग्रेस की दक्षिण भारतीय इकाई के संयोजक रीवा थुलूर फिलिप के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई।

# आईएमडी ने नवंबर में सामान्य से अधिक तापमान का पूर्वानुमान जताया

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि अल नीनो परिस्थितियों के मजबूत होने के बीच उत्तर पश्चिम एवं पश्चिम मध्य भारत के कुछ इलाकों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में नवंबर में अधिकतम तापमान के सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। आईएमडी के निदेशक मृत्युजंय महापात्रा ने कहा कि नवंबर में पूरे देश में वर्षा सामान्य होने की अधिक संभावना है, जो लंबी अवधि के औसत का 77-123 प्रतिशत हो सकती। उन्होंने कहा कि प्रायद्वीपीय भारत के दक्षिणी भागों के कुछ क्षेत्रों, उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकतर हिस्सों और पूर्व-मध्य, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है।

अल नीनो परिस्थितियां भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के ऊपर सक्रिय हैं और हिंद महासागर के ऊपर सकारात्मक हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) की परिस्थितियां दिखाई पड़ रही हैं।

आईएमडी ने कहा कि नवीनतम वैश्विक पूर्वानुमानों से संकेत मिलता है कि मौसम के दौरान अल नीनो की परिस्थितियां जारी रहने की संभावना है और आने वाले महीनों के दौरान सकारात्मक आईओडी की परिस्थितयां कमजोर होने के आसार हैं। महापात्रा ने कहा कि मॉडल से पता चलता है कि अल नीनो की दशाओं की मानसून के अगले मौसम में जारी नहीं रहने की संभावना है। अल नीनो की परिस्थितियां भारत में कमजोर मानसूनी हवाओं और शुष्क स्थितियों से जुड़ी हैं। अल नीनो परिस्थिति में दक्षिण अमेरिका के पास प्रशांत महासागर में पानी की धाराएं गर्म हो जाती हैं। पश्चिमी हिंद महासागर का पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में बारी-बारी से गर्म व ठंडा होना ही हिंद महासागर द्विध्रुव कहलाता है।



नई दिल्ली में सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, दिल्ली के राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी।

# सारे झूठ का पर्दाफाश कर दूंगी: महुआ

**नई दिल्ली/कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने मंगलवार को कहा कि वह रिश्वत लेकर सवाल पूछने के आरोप से संबंधित मामले में दो नवंबर को लोकसभा आचार समिति के सामने पेश होंगी और वह उन सारे झूठ का पर्दाफाश कर देंगी जो उन्हें संसद में चुप कराने के मकसद से फैलाए गए हैं। उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों पर व्यवसाई दर्शन हीरानंदानी से जिरह करने की इच्छा भी व्यक्त की। मोइत्रा ने अपने पहले से तय कार्यक्रमों को हवाला देते हुए समिति के प्रमुख विनोद कुमार सोनकर से 5 नवंबर के बाद समिति की बैठक बुलाने का आग्रह किया था, लेकिन समिति ने दो नवंबर से आगे की तारीख बढ़ाने से इनकार कर दिया था।



मोइत्रा ने मंगलवार को सवाल किया कि क्या आचार समिति कथित आपराधिकता के आरोपों की जांच करने के लिए उचित मंच है? संसदीय समितियों में आपराधिक मामलों में क्षेत्राधिकार का अभाव है और उन्होंने ऐसे मामलों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। तृणमूल सांसद ने कहा, अपना विरोध दर्ज कराते हुए मैं आपको सूचित करना चाहती हूं कि मैं समन का सम्मान करूंगी और 2 नवंबर, 2023 को पूर्वाह्न 11 बजे समिति के सामने उपस्थित हो जाऊंगी। मोइत्रा ने कहा कि लोकसभा आचार समिति ने अभी तक आदर्श आचार संहिता तय नहीं की है। उनका कहना था, 2021 के बाद से समिति की कोई बैठक नहीं हुई थी। इसे अभी आदर्श आचार संहिता तैयार करनी है। किसी भी संसदीय स्थाई समिति के पास अपराधिकारिक मामलों का अधिकारक्षेत्र नहीं है। यदि आपराधिकता का कोई आरोप है, तो कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इसकी जांच करने की आवश्यकता है। इस मामले के संदर्भ में वकील जय अनंत देहाद्राई और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पिछले दिनों लोकसभा की आचार समिति के समक्ष पेश होकर अपने बयान दर्ज करवाए थे।

भाजपा सांसद दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को 15 अक्टूबर को लिखे एक पत्र में आरोप लगाया था कि मोइत्रा द्वारा लोकसभा में हाल के दिनों तक पूछे गए 61 प्रश्नों में से 50 अडाणी समूह पर केंद्रित थे। शिकायत में कहा है कि किसी समय मोइत्रा के करीबी रहे देहाद्रई ने मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के बीच अडाणी समूह तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधने के लिए रिश्वत के लेनदेन के ऐसे साक्ष्य साझा किए हैं जिन्हें खारिज नहीं किया जा सकता। तृणमूल कांग्रेस की सांसद मोइत्रा ने आरोपों को ठुकराए हुए पूर्व प्रेमी का झूठ करार देते हुए खारिज कर दिया है। आरोप लगाया कि अडाणी समूह उन्हें निशाना बनाने के लिए उनके पीछे पड़ा है क्योंकि वह समूह से जुड़े लेन-देन पर लगातार सवाल उठा रही हैं। हीरानंदानी ने एक हस्ताक्षरित हलफनामे में स्वीकार किया है कि मोइत्रा ने पीएम की छवि खराब करने और उन्हें असहज करने के लिए गौतम अडाणी पर निशाना साधा।

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के एकीकरण की जिम्मेदारी पटेल को नहीं सौंपने पर देश ने समस्याओं का सामना किया: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि भारत संघ के साथ जम्मू-कश्मीर के एकीकरण की जिम्मेदारी वल्लभभाई पटेल को नही सौंपी गई जिससे देश को समस्याओं का सामना करना पड़ा। धनखड़ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधान को रद्द करने से अब चीजे सही राह पर है। धनखड़ ने यह भी कहा कि संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप मे बी.आर. आंबेडकर ने अनुच्छेद 370 को संविधान मे शामिल करने से इनकार कर दिया था। धनखड़ ने इस बात पर खुशी जताई कि अनुच्छेद 370 अब हमारे संविधान में नही है। उन्होने कहा, सभी राज्यों के एकीकरण का काम सरदार वल्लभभाई पटेल को सौपा गया था केवल जम्मू-कश्मीर को छोड़कर, और हमने जिन समस्याओं का सामना किया, उसे हम जानते है। उपराष्ट्रपति ने यहां भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ए टिप्पणी की। उन्होने संसद को वार्तालाप, बहस, विचार-विमर्श और चर्चा के लिए एक पवित्र सदन के रूप मे वर्णित किया। धनखड़ ने कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और उपलब्धि अब देश में नए मानदंड बन गए हैं। उन्होने कहा, सत्ता के गलियारे, जो कभी भ्रष्टाचार और सत्ता के दलालो से प्रभावित थे, अब पूरी तरह से स्वच्छ हो गए है और यह एक बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के दौरान धनखड़ ने शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए पॉल एच एप्पलेबी पुरस्कार और डॉ. राजेंद्र प्रसाद पुरस्कार समेत कई अन्य पुरस्कार प्रदान किए।



### विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने के आरोप में भाजपा के अनिल एंटनी के खिलाफ मामला दर्ज

**कासरगोड(केरल)।** केरल पुलिस ने बुर्का पहनी महिला के बारे मे सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर विभिन्न समूहो के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने के आरोप में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अनिल के. एंटनी के खिलाफ एक मामला दर्ज किया। कासरगोड जिला साइबर प्रकोष्ठ ने कहा कि एक्स पर एंटनी का पोस्ट विभिन्न समूहो के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने के समान है, जिसके चलते भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। धारा 153ए धर्म, नस्ल, जन्म स्थान या निवास स्थान के आधार पर विभिन्न समूहो के बीच शत्रुता बढ़ाने के गैर-जमानती अपराध से संबद्ध है। एंटनी के खिलाफ प्राथमिकी, एक्स पर एक विवादास्पद पोस्ट के सिलसिले में शुरूआत मे अज्ञात लोगो के खिलाफ दर्ज की गई थी। साइबर प्रकोष्ठ ने खुद से 27 अक्टूबर को यह प्राथमिकी दर्ज की थी। बाद में, एंटनी ने पोस्ट को साझा किया और उसपर टिप्पणी करते हुए कहा, उत्तरी केरल मे बुर्का पहने बिना बस मे यात्रा नही। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को, उनका नाम प्राथमिकी में आरोपी के तौर पर जोड़ा गया। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता एंटनी ने इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त नही की है। एंटनी के खिलाफ यह कार्वाई, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद की गई है। कोच्चि के निकट हाल मे हुए विस्फोटों और मलप्पुरम जिले में एक इस्लामी समूह द्वारा आयोजित एक अलग कार्यक्रम के बारे मे सोशल मीडिया पर बयान देने को लेकर चंद्रशेखर के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया। हमास के एक नेता ने कार्यक्रम में लोगो को वर्चुअल माध्यम से कथित रूप से संबोधित किया था। चंद्रशेखर के खिलाफ आईपीसी की धारा 153 (दंगा भड़काने के मकसद से उकसाना), 153ए (धर्म, नस्ल, जन्म स्थान, निवास स्थान के आधार पर विभिन्न समूहो के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना), और केरल पुलिस अधिनियम की धारा 120 (ओ) (अव्यवस्था पैदा करना और लोक व्यवस्था को भंग करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### उप्र के वित्त मंत्री बन सकते हैं जीएसटी दर के संयोजक

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित सात-सदस्ईय समिति के संयोजक बनाए जा सकते है। इसके अलावा बिहार के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी मंत्री समूह (जीओएम) में सदस्य के रूप मे तारकिशोर प्रसाद की जगह लेंगे। कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा को भी समिति में सदस्य बनाया जाएगा। इस संबंध मे एक कार्यालय ज्ञापन जल्द ही जारी किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के संयोजक बनने की संभावना है और समिति मे दो सदस्यो के नामो मे बदलाव होंगे। जीओएम के अन्य सदस्यो मे पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, गोवा के विधाई मामलो के मंत्री मॉविन गोडिन्हो, केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल और राजस्थान के शहरी विकास मंत्री शांति कुमार धारीवाल शामिल है। परंपरा के अनुसार जीओएम मे सबसे वरिष्ठ सदस्य को समिति का संयोजक बनाया जाता है। जीएसटी दर को तर्कसंगत बनाने वाले इस मंत्रि समूह के संयोजक का पद पहले कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के पास था।

# केंद्र ने पूर्वोत्तर में 10 वर्षों में करीब तीन लाख करोड़ की एनएच परियोजनाओं को मंजूरी दी: नितिन गडकरी

**गुवाहाटी।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि पिछले 10 साल में करीब तीन लाख रुपए की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिससे क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों का 45 प्रतिशत (लंबाई के मामले में) विस्तार हुआ। गडकरी ने आगाह किया कि अधिकारियों को नगालैंड तथा मेघालय जैसे कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में भूमि अधिग्रहण की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और यदि मुद्दों को जल्द हल नहीं किया गया तो परियोजनाएं बंद हो सकती हैं। असम में राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों की प्रगति की समीक्षा के बाद संवाददाता सम्मेलन में गडकरी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में पूर्वोत्तर को 2,89,425 रुपए की परियोजनाएं दी गई हैं। चालू और सम्पन्न हो चुकी परियोजनाएं शामिल हैं। क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 2014 में करीब 10,800 किलोमीटर से बढ़कर अब 15,740 किमी हो गई है।

# महाराष्ट्र सरकार ने मराठा को कुनबी प्रमाणपत्र देने की प्रक्रिया पर शिंदे समिति की रिपोर्ट स्वीकारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने मराठवाड़ा क्षेत्र में मराठा को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया तय करने के लिए नियुक्त उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश संदीप शिंदे की अध्यक्षता वाली समिति की पहली रिपोर्ट मंगलवार को स्वीकार कर ली। एक आधिकारिक बयान से यह जानकारी मिली। कुनबी प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुनबी समुदाय अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में आरक्षण के लिए पात्र है। कुनबी कृषि से जुड़ा समुदाय है, जिसे महाराष्ट्र में ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है तथा शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ प्राप्त है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य मंत्रिमंडल ने यह भी निर्णय लिया कि ओबीसी आयोग मराठा समुदाय के शैक्षिक और सामाजिक पिछड़ेपन का आकलन करने के लिए नए आंकड़े एकत्र करेगा।



मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर कार्यकर्ता मनोज जरांगे के अनिश्चितकालीन अनशन और राज्य के कुछ हिस्सों में इस मांग को लेकर हिंसा की घटनाओं के बीच यह फैसला आया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया, न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) संदीप शिंदे समिति की पहली रिपोर्ट सौंपी गई है। मराठा को कुनबी प्रमाणपत्र देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि मराठा समुदाय को आरक्षण देना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार मराठा समुदाय को ऐसा आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है जो मजबूत और कानूनी अड़चनों को पार कर सकता है। आरक्षण अन्य समुदायों के कोटे में छेड़छाड़ किए बिना दिया जाएगा। मंत्रिमंडल ने यह भी निर्णय लिया कि मराठा आरक्षण की मांग से संबंधित कानूनी मुद्दों पर सरकार को सलाह देने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश दिलीप भोसले, सेवानिवृत्त न्यायाधीश शिंदे और मारुति गायकवाड़ की तीन सदस्ईय समिति का गठन किया जाएगा।

# देवेन्द्र फडणवीस ने मराठा आरक्षण आंदोलन के दौरान हिंसा की निंदा की

**● कहा- 55 उपद्रवियों की पहचान की गई**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि अधिकारियों ने 50 से 55 लोगों की पहचान की है जो मौजूदा मराठा आरक्षण आंदोलन के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में हिंसक गतिविधियों में शामिल थे। दोषियों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। फडणवीस के पास गृह विभाग भी है। उन्होंने आरक्षण की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों द्वारा हिंसा और आगजनी की निंदा की, जिन्होंने सोमवार को बीड और छत्रपति संभाजीनगर जिलों में आंदोलन के दौरान तीन विधायकों के अलावा कुछ स्थानीय नेताओं के आवासों या कार्यालयों को निशाना बनाया और एक नगर परिषद भवन में आग लगा दी। उन्होंने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिन प्रदर्शनकारियों ने बीड जिले में एक घर में आगजनी की कोशिश की, जहां परिवार के सदस्य भी मौजूद थे, उन पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया जाएगा।

फडणवीस ने कहा, राज्य सरकार ने पिछले कुछ दिनों में हुई हिंसक घटनाओं में शामिल 50 से 55 लोगों की पहचान की है। उन्होंने कुछ खास लोगों और एक खास समुदाय के सदस्यों के घरों पर हमला किया। कुछ विधायकों के घरों में आग लगा दी गई और होटलों के साथ-साथ कुछ संस्थानों को भी निशाना बनाया गया। यह बिल्कुल गलत है। फडणवीस ने कहा कि सरकार ने इन घटनाओं को गंभीरता से लिया है और उपद्रवियों को कड़ी कार्वाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, एक घर को जलाने का प्रयास किया गया जब परिवार के कुछ सदस्य अंदर थे। पुलिस और गृह विभाग सख्त कार्वाई करेगा। दोषियों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत आरोप लगाए जाएंगे।

# पुलिस अधिकारी के परिवार के लिए पचास लाख रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा

**● उग्रवादियों ने की थी पुलिस अधिकारी की हत्या**

**इंफाल।** मणिपुर में तेंगनौपाल जिले के मोरेह में संदिग्ध आदिवासी उग्रवादियों ने मंगलवार को एक उपमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) की गोली मारकर हत्या कर दी। मणिपुर की कैबिनेट ने एक आपातकालीन बैठक की और एसडीपीओ चिंगथम के परिजनों के लिए 50 लाख रुपए की अनुग्रह राशि मंजूर की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इम्फाल के हाओबाम मराक इलाके के निवासी चिंगथम को मोरेह में उग्रवादियों द्वारा तब घात लगाकर गोली मार दी गई, जब वह पुलिस और बीएसएफ द्वारा एक हेलीपैड के संयुक्त रूप से निर्माण के लिए ईस्टर्न शाइन स्कूल के मैदान की सफाई की देखरेख कर रहे थे।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, एसडीपीओ को मोरेह के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। इस कायरतापूर्ण कृत्य की निंदा करते हुए, कैबिनेट ने जान गंवाने वाले पुलिसकर्मी के परिजनों को उचित सरकारी नौकरी प्रदान करने का भी निर्णय लिया। कैबिनेट ने सुरक्षा बलों को अपराध के लिए जिम्मेदार अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए मोरेह और उसके आसपास के इलाकों में एक संयुक्त अभियान शुरू करने का निर्देश देने का फैसला किया। कैबिनेट ने इस पर गौर किया कि इस उद्देश्य के लिए इम्फाल से अतिरिक्त राज्य बलों को तैनात किया गया है। अभियान तब से शुरू हो गए हैं।

कैबिनेट ने केंद्रीय और राज्य बलों को पल्लेल-मोरेह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग-102 पर वाहनों की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, जो इम्फाल घाटी को लगभग 110 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सीमावर्ती शहर से जोड़ता है। कैबिनेट ने इसके साथ ही निर्णय लिया कि भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत शहर की रणनीतिक स्थिति को देखते हुए, मोरेह में या उसके आसपास अवैध शस्त्र वाले किसी भी कर्मी को अनुमति नहीं दी जाएगी। कैबिनेट ने वर्ल्ड कुकी-ज़ो इंटेलेक्चुअल काउंसिल (डब्ल्यूकेजेडआईसी) को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 की धारा 3 के तहत एक गैरकानूनी संगठन के रूप में सिफारिश करने की भी मंजूरी दे दी। कैबिनेट की ओर से यह उल्लेख किया गया कि फसल कटाई के मौसम से पहले नवंबर में दो संघर्षरत समुदायों के बीच एक और टकराव की आशंका के बाद संगठन ने हाल ही में कुकी-ज़ो समुदाय से हथियार और गोला-बारूद जमा करने का आह्वान किया था। तीन मई को राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 180 से अधिक लोगों की जान चली गई है। जब मेइती समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किया गया था। मणिपुर की आबादी में मेइती लोगों की जनसंख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी 40 प्रतिशत हैं और ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं। आदिवासियों में नगा और कुकी शामिल हैं।

# ईडी ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल व पांच अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केनरा बैंक के साथ 538 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी मामले में विमानन कंपनी जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल और पांच अन्य लोगों के खिलाफ मंगलवार को आरोप पत्र दायर किया। ईडी ने गोयल को एक सितंबर को धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया था। गोयल फिलहाल न्यायिक हिरासत में यहां आर्थर रोड जेल में बंद हैं। मामले से जुड़े एक वकील ने बताया कि गोयल और अन्य लोगों के खिलाफ यहां एक अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया, जिस पर बुधवार को संज्ञान लेने की संभावना है। यह धनशोधन मामला जेट एयरवेज, गोयल, उनकी पत्नी अनीता और अब बंद हो चुकी निजी विमानन कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पर आधारित है। वह प्राथमिकी बैंक की शिकायत पर दर्ज की गई थी।

# दोषसिद्धि के खिलाफ दायर अफजाल अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को बसपा के पूर्व सांसद अफजाल अंसारी की उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें 2007 के गैंगस्टर अधिनियम मामले में उसकी दोषसिद्धि को निलंबित करने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने अंसारी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी और उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सिंघवी ने कहा कि अदालत को मामले पर समग्र दृष्टिकोण रखना चाहिए क्योंकि यदि दोषसिद्धि को निलंबित नहीं किया गया, तो उत्तर प्रदेश में उसका निर्वाचन क्षेत्र गाजीपुर लोकसभा में प्रतिनिधित्वहीन हो जाएगा।

सिंघवी ने कहा, वह संसद की विभिन्न स्थाई समितियों के सदस्य थे, जहां वह योगदान नहीं दे पाएंगे। संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास (एमपीएलएडी) योजना से संचालित होने वाली कई योजनाएं प्रभावित होंगी। वह पांच बार के विधायक हैं और दो बार सांसद रह चुके हैं और वह फरार नहीं होंगे। उन्होंने कांग्रेस नेता और वायनाड सांसद राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि मामले में हाल के फैसले का जिक्र किया और कहा कि अदालत द्वारा उनकी सजा पर रोक लगाने के बाद उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल हो गई थी। नटराज ने अंसारी की याचिका का विरोध किया और कहा कि उसकी सजा को निलंबित करने से जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8 का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा, जो कुछ अपराधों में दोषी ठहराए जाने पर एक जनप्रतिनिधि की अयोग्यता से संबंधित है। उन्होंने कहा, अंसारी को गैंगस्टर अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया है, जिसके लिए न्यूनतम सजा दो साल है, लेकिन उसे चार साल कैद की सजा सुनाई गई है। एक बार दोषी ठहराए जाने पर वह जेल की सजा काटने से बच नहीं सकता।

नटराज ने कहा कि इस अदालत ने एक व्यक्ति (राहुल गांधी) की सजा को निलंबित करने के लिए अपनी पूर्ण शक्ति का प्रयोग किया है, लेकिन यह असाधारण परिस्थितियों में किया गया है, और इस मामले में, कुछ भी असाधारण नहीं है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 24 जुलाई को अंसारी की दोषसिद्धि को निलंबित करने से इनकार कर दिया था, लेकिन मामले में उसे जमानत दे दी थी। अंसारी ने विशेष एमपीएमएलए अदालत के फैसले के खिलाफ अपील की, जिसने उसे चार साल की कैद और एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। गाजीपुर की विशेष एमपीएमएलए अदालत ने 29 अप्रैल को अंसारी और उसके भाई एवं पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को 2007 के गैंगस्टर अधिनियम मामले में दोषी ठहराया था। अफजाल अंसारी को चार साल जेल जबकि मुख्तार अंसारी को 10 साल कैद की सजा सुनाई गई थी। दोनों भाइयों पर 29 नवंबर, 2005 को गाजीपुर के तत्कालीन भाजपा विधायक कृष्णनाद राय की हत्या और 1997 में वाराणसी के व्यापारी नंद किशोर रूंगटा के अपहरण व हत्या के सिलसिले में उप्र गैंगस्टर अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# पाकिस्तान ने बांग्लादेश को बाहर किया

● सात विकेट से जीती पाक टीम

भाषा। कोलकाता



**शाहीन शाह** अफरीदी की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज फखर जमां ने शानदार अर्धशतकीय पारी से वापसी की जिससे पाकिस्तान ने मंगलवार को यहां विश्व कप मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर बाहर कर दिया और सेमीफाइनल में पहुंचने की हल्की उम्मीद जीवंत रखी। शाहीन (9-1-23-3) की अगुआई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण की बदौलत पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश को 45.1 ओवर में महज 204 रन के स्कोर पर समेट दिया। पाकिस्तान ने जमां की 74 गेंद में सात छक्के और तीन चौके जड़ति 81 रन तथा अब्दुल्लाह शफीक की 69 गेंद में 68 रन (नौ चौके, दो छक्के) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 32.3 ओवर में तीन विकेट पर 205 रन बनाकर जीत हासिल की। दोनों की शानदार बल्लेबाजी देखकर लग रहा था कि ए दोनों ही मैच खत्म कर देंगे लेकिन इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 128 रन की भागीदारी का अंत बांग्लादेश के ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज (नौ ओवर में 60 रन देकर तीन विकेट) ने किया, जिन्होंने पाकिस्तान की पारी के तीनों विकेट झटके। पाकिस्तान की यह सात मैचों में तीसरी जीत है और उसने चार मैचों में हार के बाद जीत दर्ज की है जिससे उसकी सेमीफाइनल की मामूली सी उम्मीद जीवंत है। अब उसका सामना चार नवंबर को न्यूजीलैंड से होगा और टीम का लीग अभियान 11 नवंबर को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से समाप्त होगा। बांग्लादेश को इस तरह लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा जिससे कप्तान शाकिबुल हसन की टीम दो मैच रहने के बावजूद आधिकारिक रूप से 10 टीम के वैश्विक टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बनी।अब बांग्लादेश का सामना अंतिम दो मैचों में श्रीलंका और आस्ट्रेलिया से होगा। पाकिस्तान की नए लुक की सलामी जोड़ी ने सतर्कता से शुरूआत की और पहले तीन ओवर में बांग्लादेश के गेंदबाज शोरीफुल इस्लाम और तास्किन अहमद के खिलाफ दो मेडन ओवर दिए। लेकिन इसके बाद इस जोड़ी ने बांग्लादेशी गेंदबाजों पर हावी होना शुरु किया और पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 52 रन बना लिए। इसके बाद दोनों ने आक्रामक रूख अपनाया और जमां ने तास्किन अहमद पर स्कावयर लेग में 99 मीटर ऊंचा छक्का जड़ दिया। शफीक ने भी मुस्तफिजुर रहमान पर लगातार तीन चौके जड़ दिए और 51 गेंद में अपना तीसरा वनडे अर्धशतक लगाया। जमां ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तास्किन पर बड़ा छक्का लगाकर 51 गेंद में अपना 16वां वनडे अर्धशतक जड़ा। हालांकि वह अपने शतक से चूक गए और मेहदी हसन मिराज का तीसरा शिकार बने। कप्तान बाबर आजम 16 गेंद खेलकर नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मोहम्मद रिजवान ने नाबाद 26 और इफ्तिखार अहमद ने नाबाद 17 रन बनाकर पाकिस्तान को 107 गेंद रहते जीत दिलाई।इससे पहले शाहीन ने बांग्लादेश के शीर्ष क्रम को चरमराते हुए तीन विकेट झटके जिसकी बदौलत वह वनडे में पाकिस्तान के लिए सबसे तेज 100 विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बन गए। मोहम्मद वसीम जूनियर ने फिर पुछल्ले बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर 8.1 ओवर में एक मेडन से 31 रन देकर तीन विकेट हासिल किए जिससे बांग्लादेश की टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल सकी।

### स्कोरबोर्ड

**बांग्लादेश** : तंजिद पगबाधा बो शाहीन अफरीदी 00, दास का आगा सलमान बो इफ्तिखार अहमद 45,हुसैन शांटो का उसामा मीर बो शाहीन अफरीदी 04,रहीम का मोहम्मद रिजवान बो हारिस रऊफ 05, महमूदुल्लाह बो शाहीन अफरीदी 56, हसन का आगा सलमान बो हारिस रऊफ 43, हृदय का इफ्तिखार अहमद बो उसामा मीर 07,हसन मिराज बो मोहम्मद वसीम 25,अहमद बो मोहम्मद वसीम 06,रहमान बो मोहम्मद वसीम 03,इस्लाम नाबाद 01,**अतिरिक्त** : 09,**कुल योग** : 45.1 ओवर में 204 रन पर सभी आउट ,**विकेट पतन** : 1-0, 2-6, 3-23, 4-102, 5-130, 6-140, 7-185, 8-200, 9-201,**गेंदबाजी** :अफरीदी 9-1-23-3, अहमद 10-0-44-1,रऊफ 8-0-36-2, वसीम 8.1-1-31-3, मीर 10-0-66-1

**पाकिस्तान** : शफीक पगबाधा बो मिराज 68,जमां का हृदय बो मिराज 81, आजम का महमूदुल्लाह बो मिराज 09, रिजवान नाबाद 26,अहमद नाबाद 17,**अतिरिक्त** : 04,**कुल योग** : 32.3 ओवर में तीन विकेट पर 205 रन पर ,विकेट पतन :1-128, 2-160, 3-169,**गेंदबाजी** : अहमद 6-1-36-0, इस्लाम 4-1-25-0,हसन मिराज 9-0-60-3, रहमान 7-0-47-0, हसन 5.3-0-30-0, शांटो 1-0-5-0

# न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों में होगा मुकाबला



**पुणे।** सेमीफाइनल में प्रवेश की प्रबल दावेदार न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका विश्व कप के मैच में बुधवार को आमने सामने होंगी तो यह दोनों टीमों के बल्लेबाजों के बीच का मुकाबला होगा। मौजूदा विश्व कप के अधिकांश मुकाबले एकतरफा रहे हैं लेकिन अगर दो करीबी मुकाबले चुने जाएं तो चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका की पाकिस्तान पर एक विकेट से जीत और न्यूजीलैंड तथा आस्ट्रेलिया के बीच खेला गया रोमांचक मैच था जिसमें 388 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड टीम पांच रन पीछे रह गई। दोनों टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश की दावेदार हैं और अगर बल्लेबाज चल निकले तो यह रोमांचक मैच होगा। न्यूजीलैंड के छह मैचों में आठ अंक है। लगातार चार जीत के बाद धर्मशाला में नतीजे उसकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहे। ऐसे में एक पराजय से अफगानिस्तान (छह अंक) और पाकिस्तान (चार अंक) के रास्ते खुल सकते हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका (छह मैचों में दस अंक) के जीतने पर 12 अंक हो जाएंगे और वह भारत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा।महाराष्ट्र क्रिकेट संघ के इस मैदान पर स्पिनरों को काफी मदद मिली है और इसी के दम पर अफगानिस्तान ने श्रीलंका पर सात विकेट से जीत दर्ज की थी। बल्लेबाजों में यह मुकाबला अनुभव और युवा जोश का भी है। अपना आखिरी विश्व कप खेल रहे दक्षिण अफ्रीका के क्विंटोन डिकॉक तीन शतक समेत 431 रन बना चुके हैं। वहीं युवा रचिन रविंद्र ने न्यूजीलैंड के लिए 406 रन बना लिए हैं जिनके पास सचिन तेंदुलकर सा प्रवाह और राहुल द्रविड़ सरीखी दृढता है। उनके हवाई शॉट देखने लायक होते हैं। इसके अलावा वह अच्छे स्पिनर होने के कारण संपूर्ण पैकेज हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के पास अगर पावर हिटर हेनरिच क्लासेन हैं तो न्यूजीलैंड के पास जिम्मी नीशाम हैं। डेविड मिलर दक्षिण अफ्रीका के लिए एक्स फैक्टर हैं तो डेरिल मिशेल न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी को गहराई देते हैं। एडेन मार्कराम की तुलना ग्लेन फिलिप्स से हो सकती है क्योंकि शानदार बल्लेबाज होने के साथ दोनों उम्दा स्पिनर भी हें। दोनों कप्तानों तेम्बा बावुमा और टॉम लाथम में भी विरोधी आक्रमण को नेस्तनाबूद करने का माद्दा है। गेंदबाजी में दक्षिण अफ्रीका को कैगिसो रबाडा के फिट होने की उम्मीद होगी जो पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेल सके थे।

## चिन्मय ने राष्ट्रीय खेलों की टेबल टेनिस स्पर्धा में दूसरे वरीय सुधांशु को हराया

पणजी। दूसरे वरीय सुधांशु ग्रोवर मंगलवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की टेबल टेबल पुरुष एकल स्पर्धा के दूसरे दौर में महाराष्ट्र के चिन्मय सोमाया के खिलाफ 2-4 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। सुधांशु काफी अच्छी फॉर्म में थे और उनकी अगुआई में दिल्ली की पुरुष टीम ने टीम चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता था। एकल स्पर्धाओं के पहले दिन हरियाणा के वेस्ली डो रोसारियो (09), पश्चिम बंगाल केरोनित भांजा (08), दिल्ली के आदर्श ओम छेत्री (11), पश्चिम बंगाल के सौरव साहा (06) और उत्तर प्रदेश के अभिषेक यादव (10) भी प्रतियोगिता से बाहर होने वाले वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में शामिल रहे।

## कोको गॉ और स्वियातेक ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की

**केंकुन (मैक्सिको)।** अमेरिकी ओपन चैम्पियन कोको गॉ ने बारिश के कारण एक घंटे विलंब से हुए डब्ल्यूटीए मैच में तीन बार की ग्रैंडस्लैम उपविजेता ओंस जबाउर को 6-0, 6-1 से हराया। इससे पहले इगा स्वियातेक ने मार्केटा वोंड्रोसोवा को 7- 6, 6-0 से मात दी। जून में फ्रेंच ओपन जीतने वाली स्वियातेक इस समय रैंकिंग मे दूसरे नंबर पर है और एरिना सबालेंका को हटाकर शीर्ष पर काबिज हो सकती है।

## अजय रात्रा ने कोचिंग पाठ्यक्रम पूरा किया

**नई दिल्ली।** अजय रात्रा टेस्ट क्रिक्टरों केउस चुनिंदा क्लब में शामिल हो गए है जिन्होने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का लेवल तीन का कोचिंग पाठ्यक्रम पूरा किया है। लेवल तीन का कोचिंग पाठ्यक्रम देश मे शीर्ष पाठ्यक्रम है। रात्रा उन चार पूर्व खिलाड़ियो मे शामिल है जिन्होने एक साल की कड़ी ट्रेनिंग के बाद बीसीसीआई का लेवल तीन पाठ्यक्रम पूरा किया। गुजरात के हितेश मजूमदार और तेजस वर्सानी तथा मुंबई के वर्तमान मुख्य कोच ओंकार साल्वी ने भी रात्रा के साथ लेवल तीन की परीक्षा उत्तीर्ण की। लालचंद राजपूत, सुनील जोशी, बलविंदर संधू, एम वेंकटरमण, रॉबिन सिंह, रघुराम भट्ट, प्रवीण आमरे, अरशद अयूब, विजय भारद्वाज और भरत अरुण अन्य भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है जिन्होने लेवल तीन का प्रमाणपत्र हासिल किया है।

# भारतीय टीम के अभ्यास सत्र का केंद्र रहा अय्यर की शॉर्ट गेंद के खिलाफ बल्लेबाजी



**मुंबई।** शॉर्ट गेंद के खिलाफ कमजोरी एक बार फिर सामने आने के बाद भारतीय टीम के चौथे नंबर के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने गुरुवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप मैच से पहले अपनी लंबे समय से चली आ रही परेशानी से पार पाने के उद्देश्य से ट्रेनिंग की। इस वैकल्पिक ट्रेनिंग सत्र में शीर्ष क्रम के किसी भी खिलाड़ी – कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और शुभमन गिल – ने हिस्सा नहीं लिया। इसलिए अभ्यास का केंद्र अय्यर बनाम शॉर्ट गेंद ही थीं। भारत के गेंदबाजी आक्रमण ने भी आराम करने का फैसला किया जिन्होंने रविवार को इंग्लैंड पर 100 रन की जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था। भारतीय टीम विश्व कप अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है जिससे सेमीफाइनल में उसकी जगह लगभग पक्की हो चुकी है। लेकिन टीम के लिए निहायती जरूरी है कि वह अपनी कमियों को दूर करती रहे। टीम प्रबंधन निश्चित रूप से चाहता है कि अय्यर की शॉर्ट गेंद के खिलाफ परेशानी दूर हो जाए क्योंकि पसंदीदा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के बावजूव वह बड़ा स्कोर नहीं बना सके हैं। मंगलवार को इस सत्र के दौरान अय्यर की इस समस्या से पार पाने की बेताबी भी साफ दिखाई दी। अपने घरेलू मैदान पर दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कड़ी धूप में करीब दो घंटे तक थ्रोडाउन विशेषज्ञों की काफी शॉर्ट गेंदों का सामना किया। उन्होंने शुरू में कुछ स्थानीय नेट गेंदबाजों की गेंदों का सामना किया लेकिन बाद में उन्होंने भारत के थ्रोडाउन विशेषज्ञ डी राघवेंद्र, बाएं हाथ के श्रीलंकाई नुआन सेनेवीरत्ने और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ के साथ कुछ अन्य द्वारा काफी शॉर्ट गेंद का सामना किया। श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले के लिए इस्तेमाल होने वाली पिच के दोनों ओर काफी देर तक शॉर्ट गेंद को पुल और हुक करने के दौरान अय्यर चेस्ट गार्ड भी पहने दिखे और काफी गेंदों को उन्होंने सीमारेखा के पार भी कराया। अंत में अय्यर को भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने थ्रोडाउन किया और उन्होंने साथ ही कुछ गेंद भी फेंकी।

## नही सोचा था कि इतने शतक और रन बनाऊंगा: कोहली

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर के एकदिवसीय शतको के रिकॉर्ड की बराबरी करने की दहलीज पर खड़े भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने मंगलवार को कहा कि जब उन्होंने अपना करियर शुरू किया था तो उन्होंने इतने रन और शतक बनाने के बारे मे कभी नही सोचा था। कोहली मौजूदा एकदिवसीय विश्व कप में अच्छी फॉर्म मे है और छह मैच मे एक शतक और तीन अर्धशतक जड़ चुके है। उन्होंने 19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 103 रन की पारी खेलकर अपना 48वां वनडे शतक लगाया और अब तेंदुलकर के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक शतक दूर है। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, अगर हम क्रिकेट के बारे में बात करें तो मैने कभी भी इतना सब कुछ हासिल करने के बारे मे नही सोचा था, जैसे कि मेरा करियर कहां है और भगवान ने ऐसे करियर तथा प्रदर्शन का आशीर्वाद दिया है। मैने हमेशा सपना देखा था कि मै ऐसा करूंगा लेकिन मैने कभी नही सोचा था कि चीजे इस तरह से आगे बढ़ेगी।

## भारत-श्रीलंका विश्व कप मैच से पहले होगा वानखेड़े स्टेडियम में तेंदुलकर की प्रतिमा का अनावरण

**मुंबई।** भारत और श्रीलंका के बीच विश्व कप मैच की पूर्व संध्या पर बुधवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम मे महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की आदम कद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस साल की शुरुआत में यह पता चला था कि अप्रैल में 50 साल के हो चुके तेंदुलकर की प्रतिमा स्टेडियम के अंदर स्थापित की जाएगी और मंगलवार को यहां उसे अंतिम रूप दिया गया। इस प्रतिमा मे इस महान बल्लेबाज को शॉट खेलने की मुद्रा मे दिखाया गया है और यह सचिन तेंदुलकर स्टैंड के करीब लगी है। तेंदुलकर की प्रतिमा के अनावरण समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणनवीस, तेंदुलकर, बीसीसीआई सचिव जय शाह, कोषाध्यक्ष आशीष शेलार के साथ-साथ मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अधिकारी, अध्यक्ष अमोल काले, सचिव अजिंक्य नाईक और शीर्ष परिषद के अन्य सदस्य शामिल होंगे। इस प्रतिमा को राज्य के अहमदनगर के चित्रकार-मूर्तिकार प्रमोद कांबले ने बनाया है। नवंबर 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट की श्रृंखला के दौरान यहां भारत के लिए अपना अंतिम टेस्ट खेलने के लगभग 10 साल बाद तेंदुलकर के घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है।

## लैथम कोअफ्रीका के खिलाफ आक्रमण पर भरोसा

**पुणे।** न्यूजीलैड के कार्यवाहक कप्तान टॉम लैथम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले अहम विश्व कप मुकाबले से पहले मंगलवार को अपने विश्व स्तरीय गेंदबाजो से सक्रिय रहने और मैच परिस्थितियो को समझने की बात कही। बुधवार को यहां एमसीए स्टेडियम मे दोनो टीमे एक दूसरे के सामने होंगी। दक्षिण अफ्रीका इस समय अंक तालिका में दूसरे और न्यूजीलैड तीसरे स्थान पर है। लैथम ने मैच पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हां, मुझे लगता है कि यह सिर्फ परिस्थितियो को सर्वश्रेष्ठ तरीके से पहचानने की बात है और जहां तक गेंदबाजी और मैदान पर खिलाड़ियो को सजाने के दृष्टिकोण की बात है तो हम जितना सक्रिय रहने की कोशिश करते है, उतना बेहतर होगा। प्रत्एक टीम की तरह हम भी दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी में कमजोरी ढूंढने की कोशिश करते है क्योंकि वह ऐसी टीम है जो इस समय काफी शानदार प्रदर्शन कर रही है। , बल्लेबाजी की बात करें तो उनके पास काफी खिलाड़ी फॉर्म में है। इसलिए यह एक और चुनौती होगी। और हम अलग स्टेडियम में भी आ गए है तो हमें जितना जल्दी हो सके, इसके अनुरूप ढलना होगा। दक्षिण अफ्रीका ने वनडे विश्व कप के इस चरण मे छह बड़े स्कोर मे से तीन स्कोर बनाए है जिससे लैथम को लगता है कि उन्हें प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजो को रोकने के लिए लगातार अंतराल पर विकेट झटकने होंगे। विकेट झटकना काफी महत्वपूर्ण है।

## हसरंगा के बिना चुनौतीपूर्ण है गेंदबाजी : तीक्षणा

पुणे। श्रीलंका के स्पिनर महीष तीक्षणा ने कहा है कि चोटिल हरफनमौला वानिंदु हसरंगा की गैर मौजूदगी मे उनका काम कठिन हो गया है क्योंकि अब सारी जिम्मेदारी उन्ही की हो गई है। श्रीलंका के स्टार स्पिनर हसरंगा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर है। अफगानिस्तान से विश्व कप मे सात विकेट से मिली हार के बाद तीक्षणा ने कहा , यह चुनौतीपूर्ण है क्योंकि वह विकेट लेने वाला मुख्य गेंदबाज है। जब हम दोनो साथ मे गेंदबाजी करते है तो किसी दिन उसे कामयाबी मिलती है और किसी दिन मुझे। दूसरा गेंदबाज बल्लेबाजो पर दबाव बनाता है। उन्होंने कहा , इस तरह के संयोजन मे एक ही स्पिनर खेल सकता है। विकेट से टर्न नही मिल रही है तो मेरे लिए यह काफी चुनौतीपूर्ण था। यह पूछने पर कि उनकी सहायता के लिए क्या संयोजन मे बदलाव करके एक और स्पिनर को उतारा जाएगा, उन्होने कहा , हम मध्यक्रम मे नाकाम रहे है इसलिए बल्लेबाजी पर फोकस जरूरी है। हमारे पास सिर्फ वेलालागे और दुष्मंता है। उनके पास अच्छा अनुभव है लेकिन विकेट अच्छा होने पर उनके आत्मविश्वास पर विपरीत असर पड़ेगा। हम ऐसे ही किसी खिलाड़ी को नही उतार सकते। सिर्फ विकेट अच्छा होने पर किसी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी नही दी जा सकती।

## अफगानिस्तान के बल्लेबाज शतक जमाए : ट्रॉट

**पुणे।** अफगानिस्तान के बल्लेबाजों ने इस विश्व कप मे अपने प्रदर्शन से काफी मुरीद बनाए है और मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट चाहते है कि इनमे से एक बल्लेबाज बाकी तीन मैचो मे एक शतक लगाए। अफगानिस्तान ने इस विश्व कप मे इंग्लैड, पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे पूर्व चैम्पियनो को हराया है। ट्रॉट ने श्रीलंका पर सात विकेट से मिली जीत के बाद कहा , अभी तक इनमे से किसी ने शतक नही बनाया है तो अगली चुनौती वही है। कोई जिम्मेदारी से खेलते हुए लंबी पारी खेले और शतक जमाए। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्ला गुरबाज, इब्राहिम जदरान और रहमत शाह करीब पहुंचे लेकिन शतक नही बना सके। आपने देखा कि इस टूर्नामेंट मे कई शतक लगे है। अगली चुनौती यही है। गुरबाज ने हाल ही मे शतक गनाए है और इब्राहिम ने भी। मध्यक्रम भी फॉर्म मे है। मुझे यकीन है कि खिलाड़ी आने वाले मैचो मे शतक बनाएंगे। उम्मीद है कि यह अगले मैच मे ही होगा। कोच ने कहा , हम अपनी बल्लेबाजी पर काफी मेहनत कर रहे है। जिस तरह से हम अभ्यास करते है, क्रिकेट के बारे मे सोचते है, बल्लेबाजी करते है, जिम्मेदारी उठाते है। हमे अब अपने खिलाड़ियो मे खुद की क्षमता को लेकर आत्मविश्वास दिख रहा है।

## इंडियन इलेवन की जीत में विराट व बृजेंद्र का कमाल

**लखनऊ।** मैन ऑफद मैच विराट जायसवाल ;2 विकेटए नाबाद 28 रन के आलराउंड प्रदर्शन एवं बृजेंद्र त्रिपाठी 74 की अर्धशतकीय पारी से इंडियन इलेवन क्रिकेट क्लब ने 19वीं बीबीडी ए डिवीजन क्रिकेट लीग के मुकाबले में यार्कर क्लब को 7 विकेट से पराजित किया। डा.अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम पर खेला गया ये मैच पिच की स्थिति के चलते 40.40 ओवर का खेला गया। यार्कर क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.2 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 170 रन का स्कोर बनाया। कार्तिकेय सिंह ने 26 नूरैन अली ने 23 और देवांश चतुर्वेदी ने 20 रन का योगदान किया। इंडियन इलेवन से मुदस्सिर खान ने तीन विकेट की सफलता हासिल की। जवाब में इंडियन इलेवन ने 28.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाकर मैच जीत लिया। बृजेंद्र नाथ त्रिपाठी-74 बनाए। विराट जायसवाल को मैन ऑफद मैच का पुरस्कार मिला।

## किशोर को खेल सुविधा प्रबंधन में पीएचडी की मानद डिग्री

**लखनऊ।** खेल प्रमोटर व स्पोर्ट्स फैसिलिटी मैनेजमेंट के माध्यम से खेल व खिलाड़ी को बढ़ावा देने में सतत सक्रिय लखनऊ के आनंद किशोर पाण्डेय को पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। हाल ही में दिल्ली के अशोका होटल में इंटरनेशनल हॉनरेरी डॉक्टोरेट ऑफयूनाईनेट नेशनल कमीशन कॉलोराडो राज्य,अमेरिका के तत्वावधान में हॉनरेरी डाक्टोरेट अवार्ड काउंसिल द्वारा आयोजित अवार्ड सेरमनी में आनंद किशोर पाण्डेय को फिजिकल एजुकेशन व स्पोर्ट्स फैसिलिटी मैनेजमेंट में उल्लेखनीय योगदान के लिए मानद डाक्टोरेट डिग्री प्रदान की गई। इस समारोह के सम्मानित अतिथिगण पूर्व क्रिकेटर मदनलाल शर्मा व बॉलीवुड एक्टर गोविंदा ने इस उपलब्धि के लिए आनंद किशोर पाण्डेय को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# निशानेबाज श्रियांका ने ओलंपिक कोटा हासिल किया



भाषा। नई दिल्ली

**श्रियांका** साडंगी ने कोरिया के चांगवोन में चल रही एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस (3पी) में चौथे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए भारत का 13वां कोटा हासिल किया। श्रियांका ने 440 . 5 स्कोर किया लेकिन 45 शॉट के फाइनल में 43वें शॉट के बाद बाहर हो गई। कोरिया की अनुभवी ली युंसियो ने स्वर्ण पदक जीता जबकि चीन की हान जियाउ को रजत पदक मिला। चीन की शिया सियु को कांस्य पदक मिला। सिर्फ रैंकिंग अंक के लिए खेल रही भारत की नंबर एक निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने क्वालीफिकेशन में 592 स्कोर किया जबकि आशी चौकसी ने 591 का स्कोर बनाया। श्रियांका और आयुषी पोद्दार ने 588 और 587 स्कोर करके शीर्ष आठ में जगह बनाई। मानिनी कौशिक दसवें स्थान पर रही। फाइनल में श्रियांका ने 10 . 9 के साथ शुरूआत की। पहल पांच नीलिंग शॉट के बाद उसका स्कोर 51 . 3 था जबकि आयुषी और आशी क्रमश: छठे और सातवें स्थान पर थे। प्रोन में आशी ने अच्छी शुरूआत की जबकि श्रियांका चौथे स्थान पर रही। आयुषी सातवें स्थान पर खिसक गई। चौथे शॉट पर श्रियांका ने 10 . 8 और आशी ने 8 . 7 स्कोर किया। स्टैंडिंग पोजिशन में पहले दस शॉट के बाद ही भारत का कोटा तय हो गया।

# गेंदबाजों और राणा ने उत्तर प्रदेश को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया

● मुश्ताक अली टूर्नामेंट

भाषा। मोहाली



**अनुभवी** तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और फिट हो चुके मोहसिन खान की धारदार गेंदबाजी और नितीश राणा के आक्रामक अर्धशतक से उत्तर प्रदेश ने मंगलवार को यहां गुजरात को छह विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गुजरात की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 127 रन ही बना सकी। उत्तर प्रदेश ने इसके जवाब में राणा की 49 गेंद में नाबाद 71 रन की पारी की बदौलत आठ गेंद शेष रहते जीत दर्ज की। एक साल से अधिक समय भारतीय राष्ट्रीय टीम से बाहर भुवनेश्वर ने सीम और स्विंग गेंदबाजी का अच्छा नजारा पेश करते हुए चार ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट चटकाए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन ने 13 रन देकर दो विकेट हासिल किए। गुजरात की ओर से सौरव चौहान (21 गेंद में 32 रन) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तर प्रदेश की शुरुआत भी खराब रही और टीम ने चौथे ओवर में 22 रन तक ही दो विकेट गंवा दिए। राणा ने इसके बाद समीर रिज्वी (39 गेंद में 30 रन) के साथ12.1 ओवर में 81 रन जोड़कर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। राणा ने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के मारे। ध्रुव जुरेल (नाबाद 13) ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जन नागवासवाला पर चौका और छक्का जड़कर उत्तर प्रदेश को जीत दिलाई।

# नीमैन को हराकर विदित संयुक्त रूप से शीर्ष पर



भाषा। आइल ऑफ मैन (ब्रिटेन)

**भारतीय ग्रैंडमास्टर** विदित गुजराती यहां फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन को हराकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। यह टूर्नामेंट विश्व चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। पहले दौर में हार के साथ शुरुआत करने के बाद विदित ने शानदार वापसी करते हुए अपने पिछले पांच में से चार मुकाबले जीते हैं। भारत के अर्जुन एरिगेसी भी उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं जो संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। अन्य खिलाड़ी अमेरिका के फाबियोना करूआना और हिकारू नाकामूरा, रूस के आंद्रेई एसिपेंकोव, सर्बिया के एलेक्सांद्र प्रेडके, उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव और चीन के यू यांगती हैं। अन्य सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी शीर्ष पर चल रहे खिलाड़ियों से एक अंक पीछे हैं और उन्हें इस चार लाख 60 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट के अंतिम पांच दौर में कड़ी मेहनत करनी होगी। ए खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम, एसएल नारायणन और निहाल सरीन हैं। छठे दौर में चिदंबरम ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाले उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसतारोव को बराबरी पर रोका जबकि निहाल के केरल टीम के अपने साथी नारायणन के साथ अंक बांटे। पिछले कुछ महीनों में शानदार प्रदर्शन करने वाले आर प्रज्ञानानंदा को पहली जीत का इंतजार है। उन्होंने आर्मेनिया के शेंट सर्गासियान के साथ अंक बांटे जो टूर्नामेंट में उनका लगातार छठा ड्रॉ है। पी हरिकृष्णा और आर्यन चोपड़ा की बाजी भी ड्रॉ रही जबकि डी गुकेश को एक और हार का सामना करना पड़ा।

# 90 मीटर की बाधा पार करने के लिए अपनी तकनीक पर काम करेंगे नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को साफ तौर पर कहा कि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी बाकी है और अपनी तकनीक में सुधार करके वह अगले साल 90 मीटर की बाधा पार कर सकते हैं। इस साल विश्व चैम्पियन बने चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने हाल ही में हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा ने आप्टिमम न्यूट्रीशन से जुड़ने की घोषणा के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा , मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी बाकी है। मुझे लंबे समय तक किसी प्रतिस्पर्धा में यह महसूस नहीं हुआ कि यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है या उसके आसपास है। उन्होंने कहा , छह सेंटीमीटर हासिल किया जा सकता है। स्टॉकहोम डायमंड लीग (जून 2022) में 89 . 94 मीटर का थ्रो फेंका था। उस समय मैं एक लाइन पीछे था। अगर थोड़ा आगे बढकर थ्रो फेंकता तो 90 मीटर जाता। मेरे कोच का मानना है कि 60 प्रतिशत काम टांग का और बाकी ऊपरी शरीर का होता है। पैरों की भूमिका अहम है।

## विदेश में ट्रेनिंग के दौरान चोपड़ा ने मांसाहारी भोजन खाना शुरू किया

**नई दिल्ली।** स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को पिछले कुछ वर्षों मे विदेश मे ट्रेनिंग के कारण अपने आहार मे मांसाहारी भोजन शामिल करने के लिए बाध्य होना पड़ा क्योंकि विदेशो मे शाकाहारी भोजन आसानी से उपलब्ध नही था।चोपड़ा को चाय पीने का भी शौक है जबकि हरियाणवी व्यंजन चूरमा भी उन्हे पसंद है। चोपड़ा ने मंगलवार को एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान कहा, मुझे अहसास हुआ कि विदेश मे ट्रेनिंग के दौरान मुझे यह (मांसाहारी भोजन) खाने की जरूरत है। आपको भारत मे बहुत सारा शाकाहारी भोजन मिलता है लेकिन बाहर नही। देश के बाहर प्रशिक्षण के दौरान आपको अधिकतर सप्लीमेंट लेने होते है। इस 25 वर्षीय ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने कहा, सप्लीमेंट (एक एथलीट के) पोषण की जरूरतों को पूरा करते है लेकिन प्राकृतिक आहार भी बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए मैने मांसाहारी भोजन लेना शुरू कर दिया। अपने एक विदेशी प्रशिक्षण को याद करते हुए उन्होने कहा, यह तब की बात है जब मै पोलैड मे प्रशिक्षण ले रहा था। मुझे चावल, पत्तेदार सब्जियां आदि मिलती थी। आप कह सकते है कि यह वैसा ही था जैसा गांवो मे भैसे खाती है। चोपड़ा ने कहा कि वह सादा खाना पसंद करते है और इस बात का ध्यान रख रहे है कि वजन नही बढ़े जैसा कि तोक्यो ओलंपिक की जीत के बाद हुआ था। मुझे सादा भोजन पसंद है जैसे वेज बिरयानी, दाल चावल, दही या रायता, रोटी, पनीर आदि।

## चिन्मय ने राष्ट्रीय खेलों की टेटे स्पर्धा में दूसरे वरीय सुधांशु को हराया

भाषा। पणजी

**दूसरे वरीय** सुधांशु ग्रोवर मंगलवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की टेबल टेबल पुरुष एकल स्पर्धा के दूसरे दौर में महाराष्ट्र के चिन्मय सोमाया के खिलाफ 2-4 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। सुधांशु काफी अच्छी फॉर्म में थे और उनकी अगुआई में दिल्ली की पुरुष टीम ने टीम चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता था।एकल स्पर्धाओं के पहले दिन हरियाणा के वेस्ली डो रोसारियो (09), पश्चिम बंगाल के रोनित भांजा (08), दिल्ली के आदर्श ओम छेत्री (11), पश्चिम बंगाल के सौरव साहा (06) और उत्तर प्रदेश के अभिषेक यादव (10) भी प्रतियोगिता से बाहर होने वाले वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में शामिल रहे। अभिषेक ने चोट के कारण मैच गंवाया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।